दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

रायपुर, गुरूवार, 20 नवंबर 2025 | शुक्ल पक्ष- पंचमी, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 | अंक- 274 | पृष्ठ-12 | मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25

150th
JANJATIYA GAURAV VARSH

जनजातीय गौरव दिवस 2025

एवं

जनजातीय गांवों में धार्मिक एवं मांगलिक आयोजनों हेतु

मुख्यमंत्री जनजातीय ग्राम अखरा विकास योजना

का शुभारंभ

20 नवंबर 2025

पी.जी. कॉलेज मैदान, अंबिकापुर (छ.ग.)

सुबह 10 बजे से

मुख्य अतिथि

श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
भारत की माननीय राष्ट्रपति

अध्यक्षता

श्री रमेन डेका
माननीय राज्यपाल, छत्तीसगढ़ शासन

विशिष्ट अतिथि

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

श्री तोखन साहू
माननीय केन्द्रीय राज्यमंत्री
आवास एवं शहरी मंत्रालय, भारत सरकार

श्री रामविचार नेताम
माननीय मंत्री, आदिम जाति विकास,कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग, छ.ग. शासन

श्री जुएल ओराम
माननीय केन्द्रीय मंत्री
जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार

श्री अरुण साव
माननीय उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

श्री ओम प्रकाश चौधरी
माननीय प्रभारी मंत्री जिला सरगुजा,
वित्त एवं वाणिज्यिक कर विभाग, छ.ग. शासन

श्री चिंतामणि महाराज
माननीय सांसद, लोकसभा सरगुजा

श्री दुर्गा दास उइके
माननीय केन्द्रीय राज्यमंत्री
जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार

श्री विजय शर्मा
माननीय उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

श्री राजेश अग्रवाल
माननीय मंत्री, पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व विभाग, छ.ग. शासन

एवं

समस्त माननीय मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण, निगम, मंडल, आयोग, जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण, महापौर एवं समस्त जनजातीय समाज प्रमुख की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित है।

आप सादर आमंत्रित हैं

S-45959

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क | Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

ऑल इंडिया फॉरेस्ट स्पोर्ट्स मीट में लगातार 13वीं बार ओवरऑल चैंपियन बना छत्तीसगढ़

■ **मुख्यमंत्री ने ऑल इंडिया फ़ॉरेस्ट स्पोर्ट्स मीट के विजेता खिलाड़ियों से मुलाकात कर दी बधाई**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित मेडिकल कॉलेज परिसर में ऑल इंडिया फ़ॉरेस्ट स्पोर्ट्स मीट में लगातार 13वीं बार ओवरऑल चैंपियन बनने वाले छत्तीसगढ़ के विजेता खिलाड़ियों से मुलाकात की। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। मुख्यमंत्री साय ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से उन्होंने छत्तीसगढ़ का मान पूरे देश में ऊँचा किया है और उनकी यह उपलब्धि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।

उल्लेखनीय है कि देहरादून में 12 से 16 नवंबर तक आयोजित 28वीं ऑल इंडिया फ़ॉरेस्ट स्पोर्ट्स मीट में छत्तीसगढ़ ने अपना दबदबा कायम रखते हुए लगातार 13वीं बार ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी जीती। यह विजय छत्तीसगढ़ की गौरवशाली परंपरा, अनुशासन, कठिन परिश्रम और टीम की अदम्य प्रतिबद्धता का प्रतीक है। भव्य समापन समारोह में उत्तराखंड के माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह और वन मंत्री सुबोध उनियाल ने संयुक्त रूप से ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी प्रदान की, जिसे छत्तीसगढ़ की ओर से आईएफएस श्रीमती शालिनी रैना एवं दल की नोडल अधिकारी ने ग्रहण किया। उनके नेतृत्व में टीम की एकजुटता और उत्कृष्ट प्रदर्शन इस उपलब्धि की प्रमुख वजह रहा। यह ऐतिहासिक सफलता वन मंत्री श्री केदार कश्यप के दूरदर्शी मार्गदर्शन और वन बल प्रमुख श्री व्ही. श्रीनिवास राव के प्रेरक नेतृत्व का परिणाम है। उनके निरंतर सहयोग, दिशा और प्रोत्साहन ने टीम को हर बार नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। छत्तीसगढ़ वन विभाग की यह विजय केवल एक खेल उपलब्धि नहीं, बल्कि एक स्वर्णिम अध्याय है, जिसने राष्ट्रीय स्तर पर खेल भावना और उत्कृष्टता का नया मानक स्थापित किया है।

राज्य ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि उसकी खेल परंपरा, मेहनत और जज़्बा उसे लगातार चैंपियन बनाए रखते हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, नान के चेयरमैन श्री संजय श्रीवास्तव, योग आयोग के अध्यक्ष श्री रूप नारायण सिन्हा, छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधीय पादप बोर्ड के अध्यक्ष श्री विकास मरकाम, वक्फ बोर्ड के चेयरमैन डॉ. सलीम राज, वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव सहित लघु वनोपज संघ के सदस्य तथा बड़ी संख्या में विजेता खिलाड़ी उपस्थित थे।

खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया

इस वर्ष 253 सदस्यों की मजबूत टीम के साथ छत्तीसगढ़ ने अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए कुल 150 पदक और 578 अंक हासिल किए, जो पहले रनर-अप से 221 अंकों की ऐतिहासिक बढ़त है। टीम ने 74 स्वर्ण, 34 रजत और 42 कांस्य पदक जीतकर प्रतियोगिता में अपना सर्वांगीण प्रभुत्व स्थापित किया। कई खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन कर राज्य का गौरव बढ़ाया–जिनमें निखिल ज़ाल्को ने तैराकी में पाँच स्वर्ण जीतकर सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का खिताब प्राप्त किया। वहीं संगीता राजगोपालन ने बैडमिंटन और टेनिस में चार स्वर्ण एवं एक रजत जीतकर सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का सम्मान हासिल किया। इसी प्रकार थोटा संकीर्तन ने पाँच स्वर्ण जीतकर महिला ओपन वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एथलीट बनीं। सुखनंदन लाल ध्रुव और चारुलता गजपाल ने वेटरन श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया।

खड़े ट्रक से स्कॉर्पियो टकराई, 6 की मौत

कोंडागांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में एक बहुत बड़ा हादसा हो गया है. यहां नेशनल हाइवे पर खड़ी ट्रक से स्कॉर्पियो वाहन टकरा गई. इस घटना में 6 लोगों की मौत हो गई है.हादसा मंगलवार की देर रात को हुआ है. इस हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है.

जानकारी के मुताबिक बड़े डोंगर के रहने वाले कुछ लोग किसी काम के सिलसिले में कोंडागांव आए थे, वे अपनी स्कॉर्पियो वाहन से वापस गांव जा रहे थे. इस बीच मंगलवार की देर रात को मसोरा टोल प्लाजा के पास खड़ी एक ट्रक वाहन के पीछे स्कार्पियों ने टक्कर मार दी. ये टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए. तुरंत पुलिस को सूचना दी गई. आसपास के लोगों ने एंबुलेंस भी मंगवाई. स्कॉर्पियो में फंसे लोगों को किसी तरह निकाला गया. तीन ने तो मौके पर ही दम तोड़ दिया था. बाकी घायलों को एंबुलेंस में बैठाकर अस्पताल भेजा गया।

रावन में 9वां खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह

बलौदाबाजार। अल्ट्राटेक सीमेंट रावन द्वारा गुमा और रावन चूना पत्थर खदान में 9वाँ खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह (एमई एंड एमसी वीक 2025-26) आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत निरीक्षण दल ने खदान क्षेत्र और सीएसआर गतिविधियों का अवलोकन किया।

कार्यक्रम में मनीष जायसवाल (डीजीएम-सेल), एस. के. चौधरी और एस. लिप्सामयी शामिल हुए। प्रथम चरण में उन्होंने रावन और गुमा स्थित सीएसआर केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान ड्रेस मेकिंग, आर्टिफिशियल ज्वेलरी निर्माण, प्लम्बर ट्रेनिंग और पर्यावरण विषयक रंगोली जैसी गतिविधियों की जानकारी ली।

भिलाई स्टील प्लांट में तड़प-तड़पकर मजदूर ने तोड़ा दम

परिवार को स्थाई नौकरी और 10 लाख के मुआवजा पर बनी बात

25 मिनट तक सड़क पर तड़पता रहा

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई स्टील प्लांट के एसएमएस-1 में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. साइकिल से जा रहे मजदूर हर्षवर्धन निषाद की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई. ट्रक संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मृतक के परिजनों ने घंटों तक प्रदर्शन किया और अपनी मांगों को लेकर डटे रहे. आखिरकार घंटों के प्रदर्शन के बाद बीएसपी प्रबंधन ने परिवार को स्थायी नौकरी और 10 लाख रुपये मुआवजा देने पर सहमति जताई।

इस मामले में परिवार ने भिलाई स्टील प्लांट में प्रदर्शन के बाद भिलाई भट्टी थाने पहुंच कर दुर्घटना के संबंध में एफआईआर दर्ज करवाई. बीएसपी (Bhilai Steel Plant) की ओर से 10 लाख रुपये के मुआवजे और परिवार के एक सदस्य को स्थायी नौकरी देने की पुष्टि की गई है।

मौके पर पहुंचे विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि दुर्घटना के बाद मृतक लगभग 25ङ्क30 मिनट तक तड़पता रहा, लेकिन उसे समय पर मेडिकल सुविधाएं नहीं मिल सकीं, जिससे उसकी मौत हो गई. इतना ही नहीं, ठेका श्रमिकों का बीमा अनिवार्य है, फिर भी मृतक का बीमा नहीं कराया गया था. इस परिवार को बीएसपी ने स्थायी नौकरी और 10 लाख रुपये मुआवजे की बात कही है. यदि यह वादा पूरा नहीं किया गया तो हम आगे गेट पर आंदोलन करेंगे।

धान का अच्छा मूल्य और किसान हितैषी योजनाओं से समृद्ध हो रही खेती

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी तिहार का उत्साह दिनों दिन परवान चढ़ता जा रहा है। राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हुए अभी 5 दिन हुए हैं, इसके बावजूद भी उपार्जन केन्द्रों में धान की आवक तेज हो गई है। सरगुजा जिले के उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी प्रक्रिया जोर-शोर से जारी है। अम्बिकापुर विकासखंड के नमनकला उपार्जन केंद्र में ग्राम पंचायत किशुननगर के किसान श्री सेदु राम ने अपना धान विक्रय कर वहां की खरीदी व्यवस्था पर प्रसन्नता जताई है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की व्यवस्था पूर्व वर्षों की तुलना में अधिक सुचारु, पारदर्शी और किसान हितैषी है। किसान सेदु राम के पास कुल 4 एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें वे 3 एकड़ में धान की खेती करते हैं। उन्होंने इस खरीफविपणन वर्ष में 36 क्विंटल 60 किलो धान विक्रय हेतु पंजीकृत कराया है।

राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन 20 दिसंबर तक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अदम्य साहस, शौर्य, वीरता और बुद्धिमत्ता का परिचय देने वाले बच्चों को सम्मानित करने हेतु प्रतिष्ठित राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार उन बालक-बालिकाओं को समर्पित है, जिन्होंने किसी विशेष घटना में निःस्वार्थ भाव से किसी जीवन को बचाने या गंभीर क्षति से संरक्षित करने का साहसिक कार्य किया हो। पुरस्कार के लिए पात्रता में आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम होना अनिवार्य है तथा घटना की अवधि 1 जनवरी 2025 से 15 दिसंबर 2025 के बीच की होनी चाहिए। चयनित बच्चों को 25,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि, मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन 20 दिसंबर 2025 तक संबंधित जिला महिला एवं बाल विकास कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

जिले में धान खरीदी सुगमता से जारी

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में इस वर्ष धान खरीदी की प्रक्रिया पूरी तरह सुचारू, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाई गई है, जिसका लाभ किसानों को प्रतिदिन मिल रहा है। ग्राम पंचायत देवरी के किसान मदन लाल साहू ने आज अपने पुत्र धनेश्वर साहू के नाम से ऑनलाइन टोकन के माध्यम से शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 3,100 रुपये क्विंटल पर धान का विक्रय किया। उन्होंने बताया कि नई प्रणाली से न केवल समय की बचत हुई, बल्कि धान विक्रय पूरी तरह सुगमता से संपन्न हुआ।

बस्तर ओलंपिक: नए युग का आगाज

बस्तर/नवप्रदेश। बस्तर ओलंपिक के आयोजन से स्थानीय युवाओं में नए युग का आगाज हुआ, देशभर ने स्थानीय युवाओं की हुनर को देखा, यह सब विष्णुदेव साय की पहल से ही संभव हो पाया है। बस्तर के युवाओं में असाधारण प्रतिभा है। खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। विष्णुदेव सरकार का उद्देश्य है कि बस्तर के हर प्रतिभाशाली खिलाड़ी को एक बेहतर मंच मिले और बस्तर ओलंपिक इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। युवाओं में खेल भावना का विकास समाज को मजबूत बनाता है। स्वस्थ तन और स्वच्छ मन के लिए खेल अत्यंत आवश्यक हैं। यहां के खिलाड़ी जिस मेहनत और समर्पण के साथ खेल रहे हैं, वह आने वाले समय में उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएगा। बस्तर ओलंपिक ने बस्तर के विकास की यशोगाथा और शांति, सुरक्षा, विकास और नई उम्मीद की नींव डालने का काम किया। बस्तर ओलम्पिक के माध्यम से साय सरकार बस्तर अंचल के युवाओं की ऊर्जा को खेल के माध्यम से एक सकारात्मक दिशा देने में सफल रहे हैं।

देवांगन समाज के भवन को डिप्टी सीएम ने किया लोकार्पित

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला देवांगन समाज, कबीरधाम के सामाजिक भवन का लोकार्पण दिनांक 17 नवंबर 2025 दिन सोमवार को दोपहर के 2 बजे छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री व कवर्धा के लाडले विधायक मा. विजय शर्मा जी के मुख्य आतिथ्य में उनके कर-कमलों से संपन्न हुआ । जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में ईश्वरी साहू अध्यक्ष जिला पंचायत, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी अध्यक्ष नगर पालिका, कैलाश चंद्रवंशी उपाध्यक्ष जिला पंचायत, पवन जायसवाल उपाध्यक्ष नगर पालिका, बिहारी धुर्वे सभापति नगर पालिका, देवकुमार साहू सभापति नगर पालिका, दुर्गेश अवस्थी सभापति नगर पालिका, अजय सिंह ठाकुर सभापति नगर पालिका, रींकेश वैष्णव सभापति नगर पालिका, मती किरण सोनी सभापति नगर पालिका, सतविन्दर पाहुजा अध्यक्ष कवर्धा शहर मंडल, दीपक सिन्हा जी पार्षद वार्ड नंबर 09, शम्भू प्रसाद देवांगन जी पार्षद वार्ड नंबर 14, डोनेश राजपूत पार्षद वार्ड नंबर 06, संतोष पटेल जी पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत एवं अनिल ठाकुर पूर्व अध्यक्ष जिला भाजपा के सानिध्य में संपन्न हुआ। लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व सभापति व पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने की और संचालन जिला सचिव रमेश देवांगन ने किया।

समाज के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन ने समाज की ओर से विजय शर्मा जी से भवन के ऊपरी तल हेतु 50 लाख रुपए की मांग-पत्र सौंपा । जिसे मंत्री महोदय स्वीकार करते हुए अपने उद्बोधन में उक्त राशि प्रदान करने की सहमति समाज के समक्ष दी । जिसके लिए समाज के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन ने उनका धन्यवाद ज्ञापित किया ।

उक्त कार्यक्रम में समाज के जामवंत वयोवृद्ध प्रहलाद देवांगन (पंडा), जिला संरक्षक नंदकिशोर देवांगन, नगर अध्यक्ष शम्भू देवांगन, नगर सचिव अशोक देवांगन (शिक्षक), मेहर गजाराम देवांगन, पवन देवांगन, लोकनाथ देवांगन, अजीत देवांगन, आनंद देवांगन, ओमप्रकाश देवांगन, अरविन्द देवांगन, शिव देवांगन, बलराम देवांगन, झड़ीराम देवांगन, राधेश्याम देवांगन, रामकुमार देवांगन, संजय देवांगन, सतीष देवांगन, व स्वजातीय बंधुगण उपस्थित रहे।

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में 183 बोरी धान जब्त

जीपीएम/नवप्रदेश। जिला प्रशासन गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही द्वारा धान खरीदी प्रक्रिया के दौरान अवैध भंडारण एवं परिवहन पर सख्त निगरानी के तहत आज ग्राम बचरवार, पेंड्रा के पास जांच के दौरान दो वाहनों से कुल 183 बोरी (लगभग 80 क्विंटल) धान अवैध रूप से परिवहन करते पाए जाने पर जब्त किया गया। उक्त मामले में मंडी अधिनियम के तहत आगे की कार्यवाही की जा रही है। समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी कार्य प्रारंभ होने के साथ ही जिले में कोंचियों एवं बिचौलियों द्वारा धान के अवैध कारोबार पर रोक लगाने हेतु कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी के निर्देशानुसार राजस्व, खाद्य, कृषि एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें निरंतर जांच अभियान चला रही हैं। संयुक्त टीम के निरीक्षण के दौरान मध्यप्रदेश से लाए जा रहे धान को वाहन क्रमांक सीजी 10 एबी 5233 एवं सीजी 31 बी 9964 में परिवहन करते पाया गया। दोनों वाहनों को रोककर धान सहित जब्त किया गया। जब्त सामग्री को धान उपार्जन केंद्र पेंड्रा के समिति प्रबंधक के सुपुर्द किया गया है। जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी, व्यवस्थित एवं कोंचियों से मुक्त रखने प्रशासन द्वारा निरंतर निरीक्षण, जांच एवं सख्त कार्रवाई की जा रही है।

धर्म परिवर्तन के डर से परिजनों ने बच्चों को भेजना बंद किया

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के एक आंगनबाड़ी केंद्र में धर्मांतरण के डर से परिजनों ने अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र भेजना बंद कर दिया. दरअसल, आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिका के ईसाई धर्म अपनाने की खबर फैलने के बाद परिजनों ने बच्चों के धर्म परिवर्तन की डर से उन्हें केंद्र में भेजना बंद कर दिया है।

मामला जिले के नरहरपुर ब्लॉक के रिसेवाडा पंचायत के आश्रित ग्राम भैंसमुंडी का है, जहां तैनात आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका ने साल 2009 ईसाई धर्म अपना लिया था. यह सूचना ग्रामीण को लगी, तो उन्होंने बच्चों के धर्म परिवर्तन की आशंका से आंगनबाड़ी सहायिका के पास बच्चों को भेजना बंद कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक आंगबाड़ी केंद्र में ईसाई धर्म की सहायिका की तैनाता के चलते आंगनबाड़ी केंद्र जाने वाले बच्चों को ग्रामीणों ने भेजना बंद कर दिया है. सूचना के मुताबिक फिलहाल, करीब 15 बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र में नहीं जा रहे हैं. आंगबाड़ी सहायिका केसर नरेटी ने बताया कि उसने साल 2009 से ईसाई धर्म को मानना शुरू कर दिया है। ग्राम के सरपंच हीरालाल कुंजाम, ग्राम प्रमुख रामदयाल चक्रधारी की मानें तो हाल में गांव में 6 परिवारों ने धर्मांतरण किया था।

किसानों का बढ़ा भरोसा.. धान खरीदी के साथ-साथ किसानों को भुगतान भी, 6 करोड़ जारी

मुख्यमंत्री की किसान हितैषी नीतियों से किसानों को मिल रहा मेहनत का सच्चा सम्मान

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सुचारू, पारदर्शी और तेज रफ्तार में जारी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की किसान केंद्रित नीतियों का प्रत्यक्ष प्रभाव जिले भर में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। सुगम व्यवस्था, तकनीकी सुविधाओं और समय पर भुगतान ने किसानों के बीच भरोसा और उत्साह दोनों बढ़ाया है। धान खरीदी अभियान शुरू होते ही जिले में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस वर्ष धान खरीदी में भुगतान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है और इसका लाभ कबीरधाम जिले के किसानों को मिल रहा है। सरकार की पारदर्शी और त्वरित भुगतान व्यवस्था के चलते समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले किसानों के खातों में अब तक 6 करोड़ 06 लाख रुपये सीधे जारी किए जा चुके हैं। समय पर भुगतान मिलने से किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है और खेती के प्रति उनका विश्वास और उत्साह बढ़ा है।

जिले में धान खरीदी के लिए कुल 108 धान उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें से 90 केंद्र सहकारी समितियों के माध्यम से सुचारू रूप से संचालित हो रहे हैं। प्रत्येक केंद्र पर तौल, बारदाना, परिवहन और गुणवत्ता परीक्षण की व्यवस्था को मजबूत किया गया है, ताकि किसान बिना किसी कठिनाई के अपना धान बेच सकें। प्रशासन और समितियों की सक्रियता तथा मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देशों ने धान खरीदी को गति दी है और भुगतान प्रक्रिया को पहले की तुलना में कहीं अधिक तेज कर दिया है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने स्पष्ट कहा है कि किसानों की मेहनत का सही मूल्य समय पर मिलना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी सोच के तहत भुगतान व्यवस्था को पूरी तरह ऑनलाइन और त्वरित किया गया है। किसानों का कहना है कि इस बार उन्हें भुगतान के लिए किसी तरह की प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ रही है और पैसा सीधे बैंक खाते में मिल रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और रबी फसल की तैयारी भी आसानी से हो पा रही है। मोबाइल-आधारित टोकन प्रणाली ने भी किसानों की समस्याएँ काफी हद तक कम कर दी हैं। अब केंद्रों में अनावश्यक भीड़ नहीं होती और तौल प्रक्रिया भी तेज हुई है।

किसानों ने बताया कि पहले जहां भुगतान में देरी होती थी, वहीं अब समय पर राशि मिलने से उनका भरोसा और उत्साह दोनों बढ़ा है। जिले की धान खरीदी व्यवस्था इस वर्ष खरीदी और भुगतान को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की वजह से अधिक प्रभावी, पारदर्शी और किसान-हितकारी बनी है। मुख्यमंत्री की किसान-केंद्रित नीतियों का प्रत्यक्ष परिणाम है कि किसान निश्चिंत होकर धान बेच रहे हैं और समय पर मूल्य मिलने से उनके जीवन में बड़ा सकारात्मक बदलाव आ रहा है।

WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर...
2 | छत्तीसगढ़
4 | अभिव्यक्ति
8 | छत्तीसगढ़
11 | देश विदेश

रायपुर, गुरूवार, 20 नवंबर 2025 शुक्ल पक्ष- पंचमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 274 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

नक्सल आतंक के अंत के साथ नवप्रदेश छत्तीसगढ़ के बेमिसाल पच्चीस साल

यशवंत धोटे

यूं तो नवप्रदेश छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण का रजत जयंती वर्ष चल रहा है। इस दरम्यान कुछ दिन, दिनांक और तिथियां आ रही है जिन्हें इतिहास में स्वर्णाक्षिरों में दर्ज किया जाना चाहिए। जैसे 1 नवंबर 2025 को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य की पच्चीसवीं सालगिरह पर लोकतंत्र के नये मंदिर यानि छत्तीसगढ़ विधानसभा के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। चूंकि अब पुराने भवन से नये भवन में जाना है सो पच्चीस साल के अनुभवों को समेटने के लिए राज्य विधानसभा का विशेष सत्र 18 नवंबर को संपन्न हुआ। पक्ष-विपक्ष में राज्य निर्माण से लेकर रजत जयंती वर्ष तक के अनुभवों को नवप्रदेश की जनता के साथ न केवल साझा किया बल्कि पुरानी विधानसभा के इतिहास में दर्ज भी हो गया। अब इसे महज संयोग ही कहा जाये कि पिछले चालीस साल से नक्सल आंतक से ग्रस्त नवगठित राज्य के लिए इसी दिन राहत वाली खबर आई कि नक्सल आतंक का पर्याय हिड़मा अपनी पत्नि व अन्य खूंखार नक्सलियों समेत मारा गया। विधानसभा के विशेष सत्र के कार्यवाही में यह घटना दिनभर चर्चा का विषय रही। चूंकि जिन दिन, दिनांक और तिथियों की हम बात कर रहे है उसमें एक और महत्वपूर्ण तिथि नक्सलवाद के खात्में की भी है। देश के गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में घोषणा की है कि 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद समाप्त हो जाएगा और उस दिशा में राज्य की विष्णुदेव साय सरकार जी तोड़ मेहनत कर रही है। जिसका नतीजा हिड़मा के मारे जाने के रूप में सामने है।

नव प्रदेश छत्तीसगढ़ को अविभाजित मध्यप्रदेश से विरासत में मिली नक्सली समस्या का समाधान छत्तीसगढ़ सरकार के लिए पिछले ढाई दशकों से बड़ी चुनौती रहा है। लाल आंतक के अभिशाप से छत्तीसगढ़ को मुक्त करने कोशिश जरूर हुई लेकिन मर्ज बढ़ता ही गया ज्यों ज्यों दवा की। आखिरकार केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का शंखनाद कर दिया। नतीजतन अब नक्सलवाद की जड़ पर प्रहार हो रहा है। लाल गलियारा मुठ्ठीभर क्षेत्र में सिमट कर रह गया है।

इस रजत जयंती वर्ष में विधानसभा का एक और ऐतिहासिक रिकॉर्ड दर्ज होने जा रहा है वो ये है कि आगामी 14 से 17 दिसंबर तक नए विधानसभा भवन में लगने वाला शीतकालीन सत्र दिन रविवार 14 दिसंबर से ही शुरू होगा। देश में ऐसा पहली बार होगा जब रविवार को विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू होगा। इस तिथि का महत्व इसलिए भी है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा का स्थापना दिवस 14 दिसंबर है और इस नवप्रदेश की विधानसभा को बेमिसाल पच्चीस साल होने जा रहे हैं। गौरतलब है कि 14 दिसंबर 2000 को पहली विधानसभा राजकुमार कॉलेज रायपुर में लगी थी। दरअसल 1 नवंबर 2000 को नवप्रदेश छत्तीसगढ़ 26वें राज्य के रूप में भारत के नक्शे पर आया तब से ही नवप्रदेश इतिहास रच देने को आतुर रहा है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन ड्क्षसह का वह भावुक चित्र सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है जिसमें वे अपनी अध्यक्षीय पीठ को प्रणाम कर बिदाई दे रहे हैं। उन्होंने इस चित्र के साथ एक कविता भी पोस्ट की है। दरअसल नवप्रदेश छत्तीसगढ़ की विधानसभा में दो ही सदस्य ऐसे हैं जो शुरू से लेकर आज तक लगातार निर्वाचित होते आ रहे हैं। जिसमें भाजपा से बृजमोहन अग्रवाल और कांग्रेस से कवासी लखमा शामिल है। जब अनौपचारिक बातचीत में लखमा का जिक्र आया तो डॉ.रमन ड्क्षसह ने अफसोस जताया की आज उन्हें भी सदन में होना चाहिए था। यदि कोई विधिवत आज्ञा मुझसे मांगी जाती तो मैं सहर्ष स्वीकार करता। गौरतलब है कि कवासी लखमा पिछले 1 साल से जेल में बंद है। 18 नवंबर 2025 के विधानसभा के विशेष सत्र का महत्व इसलिए भी है कि आज से लगभग 7 महीने पहले की गई गलती का आभास मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भी हुआ और उन्होंने अपने भाषण के साथ ही 200 यूनिट फ्री बिजली का एलान भी कर दिया। उल्लेखनीय है कि पिछली सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना चला रखी थी जिसे सरकार ने आते ही बंद कर सूर्यघर योजना लागू कर फ्री बिजली बंद कर दी थी। जमीनी तौर पे इसका इतना विरोध हुआ कि सरकार को अपनी गलती का आभास हुआ और विधानसभा के विशेष सत्र में 200 यूनिट फ्री बिजली का ऐलान कर डेमेज कंट्रोल करने की कोशिश की है।

पच्चीस साल के राजनीतिक इतिहास में इस सदन की खासियत यह रही कि इसमें 15 साल मुख्यमंत्री रहे डॉ. रमन सिंह अभी विधानसभा के अध्यक्ष हैं। पूर्व केन्द्रीय मंत्री और मंत्री रहे डॉ.चरणदास महंत पिछले कार्यकाल में ही अध्यक्ष और अब नेता प्रतिपक्ष हैं। पूर्व केन्द्रीय मंत्री रहे विष्णुदेव साय अब मुख्यमंत्री हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उपनेता प्रतिपक्ष रहे। और अब भी सदन में सदस्य हैं। सदन की समृद्ध विरासत का आलम यह है कि सत्तापक्ष से मुख्यमंत्री विष्णुदेवय साय और विपक्ष के नेता डॉ.चरणदास महंत पूर्व केन्द्रीय मंत्री रहे हैं और लंबे समय से संसदीय राजनीति में सक्रिय हैं। कमोवेश ऐसे ही अध्यक्षीय आसंदी पर बैठे डॉ.रमन सिंह भी हैं।

पीएम मोदी ने जारी की किसान निधि की 21वीं किस्त

भारत जैविक खेती का वैश्विक केंद्र बनने की राह पर : मोदी

कोयंबटूर(वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत जैविक खेती का वैश्विक केंद्र बनने की राह पर है और उन्होंने जोर देकर कहा कि यह देश की मूल और पारंपरिक संस्कृति है। बिहार में एनडीए की शानदार जीत के बाद मोदी ने अपने आगमन पर गमछा लहराते दर्शकों देखकर कहा कि ऐसा लग रहा था जैसे बिहार की हवाएं उनसे पहले तमिलनाडु पहुंच गई हों। किसानों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जब मैं यहां मंच पर आया, तो मैंने देखा कि कई किसान हवा में अपना गमछा लहरा रहे थे। मुझे ऐसा लगा जैसे बिहार की हवा मुझसे पहले ही यहां पहुंच गई हो।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, प्राकृतिक खेती मेरे दिल के बहुत करीब का विषय है। मैं तमिलनाडु के सभी किसानों को इस अद्भुत दक्षिण भारत प्राकृतिक खेती शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। मैं प्रदर्शनी देख रहा था। मुझे कई किसानों से बात करने का अवसर मिला। किसी ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग की है, पीएचडी की है और फिर खेती कर रहे हैं, कोई नासा छोड़कर खेती कर रहा है, वे कई युवाओं को तैयार कर रहे हैं और प्रशिक्षित कर रहे हैं। पीएम ने आगे कहा कि मैं सार्वजनिक रूप से स्वीकार करता हूं कि अगर मैं इस कार्यक्रम में नहीं आया होता, तो मैं अपने जीवन में बहुत कुछ खो देता। आज यहां आकर, मैंने बहुत कुछ सीखा है। मैं तमिलनाडु के किसानों के साहस को सलाम करता हूं, परिवर्तन को स्वीकार करने की उनकी शक्ति को सलाम करता हूं। मोदी ने कहा, आने वाले वर्षों में मैं भारत की कृषि में कई बड़े बदलाव होते देख सकता हूं। भारत प्राकृतिक खेती का वैश्विक केंद्र बनने की राह पर है। हमारी जैव विविधता एक नया आकार ले रही है, देश के युवा कृषि को एक आधुनिक, व्यापक अवसर के रूप में देख रहे हैं। इससे देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बड़ा बढ़ावा मिलेगा।

देश के संपूर्ण कृषि क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन आया

पीएम मोदी ने कहा पिछले 11 वर्षों में देश के संपूर्ण कृषि क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन आया है। हमारा कृषि निर्यात लगभग दोगुना हो गया है। कृषि को आधुनिक बनाने के लिए सरकार ने किसानों के समर्थन के सभी रास्ते खोल दिए हैं। कुछ समय पहले हमने इसी मंच से पीएम-किसान सम्मान निधि की अगली किस्त जारी की है। देश के कोने-कोने में किसानों को 18,000 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए। तमिलनाडु के लाखों किसानों को भी पीएम-किसान सम्मान निधि के तहत उनके खातों में राशि प्राप्त हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा, प्राकृतिक खेती हमें जलवायु परिवर्तन का सामना करने में मदद करती है। इससे हमारी मिट्टी स्वस्थ रह सकती है और इससे लोगों को हानिकारक रसायनों से बचाया जा सकता है। यह आयोजन इस दिशा में एक प्रमुख भूमिका निभाएगा।

नीतीश कुमार आज लेंगे शपथ

पटना(वार्ता)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। कुमार को मुख्यमंत्री के सरकारी आवास 01,अणे मार्ग पर आयोजित जदयू के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक में सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया। राजग विधायक दल के नेता राज्यपाल से मिल कर सरकार बनाने का दावा करेंगे। 20 नवंबर को मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह गांधी मैदान में आयोजित किया जाएगा।

आज बेबाक

चला मुरारी हिरो बनने की तर्ज पर बिहार का अरविंद केजरीवाल बनने चले जनसुराज पार्टी के सुप्रीमो प्रशांत किशोर जीरो बनकर रह गये। जिनके सारे आकलन फेल हो गये। अपनी घोषणा के अनुसार जब उनके राजनीतिक से संन्यास लेने की बारी आई तो वे अपने कौल से साफ मुकर गये। उन्होंने कहा है कि जब तक एनडीए की सरकार बिहार की महिलाओं को दो-दो लाख रूपये नहीं देगी वे राजनीतिक करना नहीं छोड़ेंगे। वाकई जूनियर केजरीवाल तो सीनियर केजरीवाल से भी बहुत बड़े वाले निकले। अच्छी बात है लगे रहो मुन्नाभाई लेकिन तुमसे नहीं हो पाएगा।

विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश के किसानों की आय में वृद्धि : चौहान

जीपीएम/नवप्रदेश। जीपीएम जिले के 29,840 किसानों के खातों में आज 5.97 करोड़ रुपये किसान सम्मान निधि के रूप में सीधे अंतरित किए गए। यह राशि भारत सरकार की ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किश्त के तहत दी गई है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम धमतरी में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में प्रदेश के 24,70,640 किसानों को कुल 494 करोड़ 12 लाख रुपये का सीधा लाभ मिला। छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी नीतियों के परिणाम स्वरूप प्रदेश के किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी का फायदा भी लगातार मिल रहा है। गत खरीफ वर्ष में छत्तीसगढ़ में 149 लाख मीट्रिक टन रिकार्ड धान खरीदी गई थी।

"लाल आतंक' पर बड़ी चोट

मौके से दो एके-47 सहित आठ हथियार बरामद

हिडमा के बाद फिर सात नक्सली ढेर, 50 गिरफ्तार

सुकमा/नवप्रदेश । नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों का एक्शन लागातार जारी है। दो दिनों में माओवादियों को बड़ा नुकसान हुआ है। मंगलवार को आंध्र प्रदेश में माडवी हिडमा और उसकी पत्नी समेत छह नक्सलियों का एनकाउंटर हुआ था। वहीं दूसरे दिन यानी आज बुधवार को भी सात नक्सली ढेर कर दिए गए। सातों नक्सलियों की पहचान हो चुकी है।

सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मारेडुमिल्ली के जंगलों में बुधवार की सुबह छह बजे से मुठभेड़ जारी है। आंध्र प्रदेश की पुलिस ने कई जिलों में तीन एसजेडसीएम सदस्य समेत 50 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। मौके से दो एके-47 सहित आठ हथियार बरामद किए हैं। बताया जाता है कि फोर्स ने 18 नवंबर को जिस जगह मुठभेड़ में हिडमा को ढेर किया था, उसी जगह पर सुरक्षाबलों की कार्रवाई में खूंखार नक्सली देवजी भी मारा गया है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टी नहीं हुई

शेष पृष्ठ 6 पर

एक जवान शहीद

राजनांदगांव जिले के बोरतालाब थाने के तहत आने वाले कौहापानी के पास जंगल में पुलिस नक्सली मुठभेड़ के दौरान एक जवान आशीष शर्मा बलिदान हो गए। आशीष शर्मा मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन के दौरान सुबह सर्चिंग पर निकले थे। इस दौरान नक्सलियों ने घात लगाकर फोर्स पर हमला कर दिया,फोर्स ने भी जवाबी कार्रवाई की और दोनों तरफ से कई घंटे तक गोलीबारी चलती रही। मुठभेड़ के दौरान एक जवान घायल हो गया। घायल जवान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ लाया गया जहां उपचार के दौरान जवान की मौत हो गई। बलिदान हुए इंस्पेक्टर का नाम आशीष शर्मा बताया जा रहा है फिलहाल पुलिस के द्वारा अभी भी जंगल में सर्चिंग की जा रही है।

सरकार ससम्मान पुनर्वास के लिए तैयार: डिप्टी सीएम

छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने चर्चा में कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है और परिणाम भी मिल रहे हैं। हमने एक बार फिर अपील की है कि जिनको मुख्यधारा में वापस आना है, वो पुनर्वास करें। सरकार ससम्मान पुनर्वास के लिए तैयार है।

सुविचार

एक खूबसूरत दिल लाखों हसीन चेहरों से बेहतर होता है इसलिए अपनी जिंदगी में ऐसे लोगों को चुनें जिनका चेहरा नहीं बल्कि दिल अच्छा हो। - अज्ञात

लालू के परिवार में वर्चस्व की लड़ाई

बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल की शर्मनाक पराजय के साथ ही लालू प्रसाद यादव के परिवार में वर्चस्व की लड़ाई छिड़ गई है। हालांकि यह उनका पारिवारिक मामला है लेकिन लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने इस पारिवारिक झगड़े को सार्वजनिक कर दिया है। इसलिए इसपर भाजपा और जनसुराज पार्टी भी लालू परिवार पर निशाना साधने से बाज नहीं आ रही है। इन नेताओं का कहना है कि जो राष्ट्रीय जनता दल अपने परिवार को और अपनी पार्टी को एकजुट नहीं रख पा रहा है वह भला बिहार का क्या भला करेगा। गौरतलब है कि लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने तेजस्वी यादव और उनके खासमखास बने संजय यादव तथा रमीज पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए लालू प्रसाद यादव का घर छोड़ दिया था और उन्होंने राजनीति से संन्यास लेने के साथ ही अपने परिवार से भी सभी संबंध खत्म करने की बात कहकर तेजस्वी यादव पर बड़ा हमला किया था। रोहिणी आचार्य ने मीडिया के सामने रोते हुए कहा था कि राष्ट्रीय जनता दल की करारी हार के बाद जब उन्होंने तेजस्वी यादव के सलाहकार संजय यादव और रमीज पर इस हार की जिम्मेदारी लेने की बात कही तो उनके साथ अभद्रता की गई और यहां तक कहा गया कि उन्होंने लालू प्रसाद यादव को अपनी गंदी किडनी दी थी। यहां तक उन्हें चप्पल मारने की भी बात कही गई। रोहिणी आचार्य के इन आरोपों के बाद बिहार में राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं में भी संजय यादव और रमीज के खिलाफ नाराजगी फैल गई और राजद कार्यकर्ताओं ने लालू यादव के घर के सामने जाकर संजय यादव और रमीज मुर्दाबाद के नारे लगाये और उन्हें वापस हरियाणा भेजने की मांग करने लगे। इन राजद कार्यकर्ताओं को समझाइश देने के लिए खुद लालू यादव बाहर आये लेकिन उनका आक्रोश कम नहीं हुआ। इस बीच लालू यादव के बड़े तेज प्रताप यादव जिन्हें पहले ही राष्ट्रीय जनता दल और लालू के परिवार से अलग कर दिया गया है और उन्होंने अपनी नई पार्टी बनाकर इस चुनाव में महागठबंधन को चुनौती दी थी उन्होंने अपनी बहन रोहिणी आचार्य की बेइज्जती को लेकर बड़ा बयान दिया है और संजय यादव तथा रमीज को जयचंद बताते हुए उन्हें सबक सिखाने की चेतावनी दी है। तेजप्रताप यादव ने कहा है कि इन्हीं लोगें ने उन्हें परिवार से बेदखल कराया था और अब उन्होंने उनकी बहन रोहिणी आचार्य के साथ भी बदसलुकी करके उन्हें परिवार से अलग किया है। वे अपना अपमान तो भूल गये हैं लेकिन अपनी बहन का अपमान वे हरगीज बर्दाश्त नहीं करेंगे। बस लालू यादव एक इशारा कर दे तो वे संजय यादव और रमीज को मिट्‌टी में मिला देंगे। कुल मिलाकर विधानसभा चुनाव में हार के बाद अब लालू के परिवार में ही तकरार बढ़ गई है जिससे उसके टूटने का खतरा पैदा हो गया है।

जनहित में साय सरकार का सराहनीय फैसला

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए प्रदेश के लाखों विद्युत उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए 200 यूनिट तक बिजली बिल हाल्फ करने का जो एलान किया है वह जनहित में सराहनीय फैसला है। गौरलब है कि पूर्ववर्ती भूपेश बघेल की सरकार ने हाल्फ बिजली बिल योजना लागू की थी जिसे साय सरकार ने संशोधित करके सिर्फ 100 यूनिट विद्युत खपत पर हाल्फ बिजली बिल का निर्णय लिया था इसके बाद से छत्तीसगढ़ के लाखों विद्युत उपभोक्ताओं को भारी भरकम बिजली बिल आने लगे थे और वे साय सरकार से मांग कर रहे थे कि हाल्फ बिजली बिल योजना फिर से लागू की जाये। आखिरकार साय सरकार ने जनअपेक्षाओं की कसौटी पर खरा उतरते हुए 200 यूनिट तक हाल्फ बिजली का पूरा लाभ प्रदेश के लगभग 36 लाख घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को देने का निर्णय लिया है। इससे निश्चित रूप से लाखों विद्युत उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। इससे सरकार पर जो अतिरिक्त भार पड़ेगा उसकी भरपाई के लिए सरकार को बिजली चोरी रोकने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए। अभी भी बड़ी संख्या में प्रदेश में बिजली की चोरी हो रही है जिसे रोकने कारगर पहल होनी चाहिए।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ अगर आप भी इंसान हैं, मनुष्य हैं तो थोड़ा रुकिए और उस मनुष्य के चेहरे पर लगे बोर्ड के पीछे भी देखने का प्रयत्न करिए। जहाँ मुस्कुराहट का भी बोर्ड लगा हो वहाँ भी धड़-धड़ा के मत घूसना और जहाँ दुखी चेहरा हो वहाँ भी मत घूसना। स्टे, थिंक, नजर घुमाइए, देखिए, समझिए और फिर धीरे-धीरे यात्रा करें। विवेकवान आदमी को विवेक से निर्णय करना चाहिए। समझना, लगे कि मामला ठीक है तो प्रवेश कर जाना।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1815 नेपोलियन युद्ध 12 साल बाद खत्म हो गया। 1815 यूरोप में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए रूस, प्रशिया, आस्ट्रिया और इंग्लैंड ने गठबंधन किया। 1817 फ्लोरिडा में पहला सेमिनोल युद्ध शुरू हुआ। 1866 हावर्ड विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी 1934 जॉर्जस थेनिस दूसरी बार बेल्जियम के प्रधान मंत्री बने। 1936 फ़ासीवादी फलेंज एस्पेनोलाजोस एंटोनियो प्राइमो डे रिवेरा के स्पेनिश नागरिक युद्ध-संस्थापक को रिपब्लिकन सरकार द्वारा निष्पादित किया गया था। 1942 ब्रिटिश सेना ने लीबिया की राजधानी बेनगाजी पर दोबारा कब्जा किया। 1945 24 के नूर्नबर्ग परीक्षण ने प्रलय के समय नाजीसिंवल का नेतृत्व किया और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान विभिन्न युद्ध अपराध जर्मनी के नूर्नबर्ग में शुरू हुए। 1950 कोरिया युद्ध में पहली बार अमरीका और चीन की सेनाओं का आमना सामना हुआ। 1960 स्वीडन में योरोपीय देशों के 7वें कन्वेन्शन में स्वतंत्र योरोपीय व्यापार संगठन एफ़्टा के गठन के प्रस्ताव पर सहमति हुई। 1962 नोबल पुरस्कार से सम्मानित डेनमार्क के प्रसिद्ध वैज्ञानिक नील बोहर का 82 वर्ष की आयु में निधन हुआ।

ज्ञान भूषण और डॉ. प्रतीक घोष

आम नागरिकों के लिए, इन सुधारों के फ़ायदे बहुत व्यक्तिगत हैं। एक परिवार, जो कभी ज़्यादा होटल खर्च के कारण छुट्टियां टाल देता था, अब यात्रा को किफ़ायती पाता है। छात्र अध्ययन यात्रा कर सकते हैं, तीर्थयात्री आरामदायक यात्रा कर सकते हैंऔर दूर-दराज गांवों के कारीगर अपने उत्पाद उन पर्यटकों को बेच सकते हैं, जो उनकी कला की तारीफ़करते हैं। सांस्कृतिक रूप से भरोसेमंद और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी भारत की ओर जीएसटीरेट में बदलाव, सिर्फ़ कागज़ पर लिखी संख्या के बारे में नहीं है। यह सशक्तिकरण के दर्शन को प्रतिबिंबित करता हैकि हर नागरिक को भारत के व्यापक सांस्कृतिक परिदृश्य में यात्रा करने, सीखने और जुड़ने में सक्षम होना चाहिए। पर्यटन को ज़्यादा किफ़ायती, आवागमन को ज़्यादा समावेशी, और उद्यम को ज़्यादा व्यावहारिक बनाकर, ये सुधार अर्थव्यवस्था को लोगों के करीब लाते हैं।

राजकोषीय नीति से पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र को बढ़ावा

जीएसटी 2.0पर्यटन पुनरुत्थान को गति दे रहा है

कम टैक्स, अधिक भरोसा और किफायती यात्रा में बढ़ोतरी, ये सभी भारतीयों के अपने देश को जानने-समझने के तरीके को फिर सेतय कर रहे हैं। भारत में पर्यटन हमेशा घूमने-फिरने से कहीं ज़्यादा रहा है: यह संस्कृतियों के बीच संवाद है, प्रदेशों के बीच एक पुल हैऔर लाखों लोगों के लिएआजीविका का साधन है। फिर भी, दशकों तक, पर्यटनक्षेत्र पर अलग-अलग टैक्स, ज़्यादा लागत और असमान विकास का बोझ रहा। हालाँकि, हाल ही में पेश की गई वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की पुनर्संरचना इस गाथा को फिर से लिखने में मदद कर रही है। होटल, परिवहन और सांस्कृतिक वस्तुओं की कम दर के कारण भारत के पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के विकास बहुत बढ़ावा मिला है। इससे भी ज़रूरी बात यह है कि इसने आम यात्री को मज़बूत बनाया है, उनकी जेब में ज़्यादा पैसे आए हैं तथा इससे घूमने-फिरने, व्यवसाय और चिकित्सा पर्यटन पहले से कहीं ज़्यादा सस्ते हो गये हैं।

सरल टैक्स, मज़बूत यात्रा अर्थव्यवस्था

सालों से, यात्रा ऑपरेटर, होटल और परिवहन सुविधा प्रदाता कई करों, जैसे सेवा कर, वैट और लग्ज़री करके बीच संतुलन बनाए रखना पड़ता था; जो सभी राज्यों में अलग-अलग होता था। 2017 में जीएसटी आने से कुछ स्पष्टता आई, लेकिन 2025का सुधार और आगे बढ़ गया है, जिसने सरलीकरण को प्रोत्साहन में बदल दिया है। ?7,500 से कम कीमत वाले होटल के कमरों पर जीएसटी को 12त्न से घटाकर 5त्न करना परिवर्तनकारी साबित हो रहा है। जैसा कि एक बड़े अखबार के लेख में बताया गया है, इस कदम से मध्य आय-वर्ग के परिवारों और बजट यात्रियों- जो भारत के घरेलू पर्यटन का आधार हैं- के लिए यात्रा काफी सस्ती हो गयी है। इसके अलावा, यह विदेशी यात्रियों के लिए भी काफी सुगम होगा, क्योंकि यात्रा लागतें अब दूसरे देशों के मुकाबले ज़्यादा प्रतिस्पर्धी हो गई हैं। होटल और होमस्टे ज़्यादा बुकिंग, ज़्यादा समय तक रुकने और ज़्यादा स्थानीय खर्च की रिपोर्ट दे रहे हैं। छोटे उद्यमियों और होमस्टे मालिकों के लिए, कम अनुपालन लागत और एक जैसे टैक्स फ्रेमवर्क ने व्यवसाय व्यावहारिकता को बेहतर बनाया है और औपचारिक क्षेत्र को बढ़ावा दिया है, जो पैमाने और स्थायित्व की ओर एक शांत लेकिन शक्तिशाली बदलाव है।

किफ़ायती आवागमन: समावेश का संचालक

पर्यटन, परिवहन संपर्क-सुविधा पर फलता-फूलता है। इसीलिए यात्री परिवहन, खासकर 10 से ज़्यादा सीटों वाली बसों पर जीएसटी में 28त्न से 18त्न की कटौती, एक और गेम चेंजर है। इससे पता चलता है कि इस कदम ने तीर्थयात्रियों, छात्रों और परिवारों के लिए अंतर-शहरीयऔर समूह यात्रा को किस प्रकार ज़्यादा आसान बना दिया है। धार्मिक क्षेत्र से लेकर इको-पर्यटन पार्क और ग्रामीण इलाकों में घूमने की जगहों तक, किफायती आवागमनने यात्रा को आसान बनाया है और स्थानीय अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित किया है। एक ऐसे देश में, जहाँ पर्यटन क्षेत्रीय समानता के लिए एक माध्यम के रूप में कार्य करता है, वहाँ बस किराये में हुई हर बचत सशक्तिकरण का एक ज़रिया बन जाती है। सस्ते और स्वच्छ परिवहन विकल्प न सिर्फ़पहुँच बढ़ाते हैं बल्कि प्राइवेट गाड़ियों के बजाय साझा यात्रा को बढ़ावा देकर भारत के सतत विकास लक्ष्यों में भी योगदान देते हैं।

सांस्कृतिक निवेश: शिल्पकारों को सशक्त बनाना

भारत की अपील सिर्फ़उसके परिदृश्यों या स्मारकों में ही नहीं, बल्कि उसकी जीती-जागती परंपराओं में भी मौजूद है। इसे मान्यता देते हुए, सरकार ने कला और हस्तशिल्प उत्पादों पर भी जीएसटीको 12त्न से घटाकर 5त्न कर दिया। हाथ से बुनी हर कांचीपुरम साड़ी, नक्काशीदार चंदन की मूर्ति, या टेराकोटा लैंप एक कहानी कहता है और अब, हर एक शिल्प उत्पाद को सही दामों पर खरीदा जा सकता है। यहां टैक्स कम करना सिर्फ़एक आर्थिक इशारा नहीं है। यह एक सांस्कृतिक निवेश है। यह उस विविधता को बनाए रखता है, जो भारतीय पर्यटन की आत्मा है, साथ ही यह शिल्पकारों, जिनमें से कई महिलाएं और ग्रामीण उद्यमी हैं, को आजीविका का स्थायीसाधन देता है।

संगठित क्षेत्र बनने के प्रति भरोसा

जीएसटीके सबसे लंबे समय तक चलने वाले फायदों में से एक हैङ्क स्पष्टता और सही अनुमान। छोटे होटल, यात्रा ऑपरेटर और यात्रा एजेंसियां अब राज्य-विशेष टैक्स को समझने के बजाय एक ही राष्ट्रीय टैक्स फ्रेमवर्क के तहत काम करती हैं। संगठित क्षेत्र बनने के प्रति यह भरोसा ऋण, बीमा और डिजिटल भुगतान प्रणाली के दरवाज़े खोलता है जो उन छोटे व्यवसायों के लिए जीवनरेखा है, जो कभी असंगठित तरीके से चलते थे। यह निवेशकों और उद्यमियों के बीच भरोसा भी बढ़ाता है, जिससे इको-लॉज और हेरिटेज स्टे से लेकर आरोग्य स्थल तक, यात्रा अनुभव में नवाचार होता है।

चिकित्सा पर्यटन: एक स्वस्थ प्रोत्साहन

भारत का उभरता हुआ चिकित्सा पर्यटन क्षेत्र, जो पहले से ही एशिया में सबसे तेज़ी से बढ़ने वाले क्षेत्रों में से एक है, नएजीएसटीदरों का एक और बड़ा लाभार्थी है। होटल और परिवहन पर कम टैक्स से उन अंतर्राष्ट्रीय मरीज़ों के लिए इलाज पैकेज का खर्च सीधे तौर पर कम हो जाता है जो सस्ती कीमतों पर विश्व-स्तरीय स्वास्थ्य देख-भाल के लिए भारत आते हैं।

इलाज को आराम, पोषण और व्यापक देख-भाल के साथ जोड़कर एकीकृत उपचार अनुभव देने के लिए अस्पताल, आरोग्य केंद्र और आतिथ्य श्रृंखला तेज़ी से मिलकर काम कर रहे हैं। रहने की प्रतिस्पर्धी लागत और आसान यात्रा लॉजिस्टिक्स के साथ, भारत अफ्रीका, मध्य-पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया के उन मरीज़ों के लिए और भी मज़बूत गंतव्य बन रहा है, जो पश्चिमी देशों की तुलना में पाँचवें हिस्से के खर्च में अच्छी चिकित्सा देख-भाल चाहते हैं।

वैश्विक प्रतिस्पर्धा और आर्थिक प्रभाव

वैश्विक स्तर पर, किफ़ायती खर्च यात्रा के विकल्प तय करता है और हाल तक, भारत थाईलैंड, इंडोनेशिया और वियतनाम जैसे क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धियों से पीछे था, जो कम होटल टैक्स और आसान उप-कर के लिए जाने जाते थे। नई जीएसटीप्रणाली इस अंतर को कम करती है।

आतंकी नेटवर्क की कमर तोड़ने की जरूरत

- -डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

हरियाणा के फरीदाबाद की अलफलाह यूनिवर्सिटी के 15 डॉक्टर गायब हैं, लेकिन जांच एजेंसियां देश भर में ऐसे 200 आतंकी डॉक्टरों की तलाश कर रही हैं। उन मस्जिदों और ठिकानों की भी गहरी जांच की जाएगी, जहां फरार आतंकी डॉक्टर छिपे हो सकते हैं अथवा नए किस्म के आतंकवाद में उनकी भूमिका संदिग्ध और सवालिया है। आतंकी डॉक्टरों से जुड़ी जो परतें खुल रही हैं, उनके मद्देनजर लादेन, अल जवाहिरी सरीखे 'अलकायदा' के सरगना आतंकियों की साजिशों को भी मात दी जा रही है।

अलफलाह यूनिवर्सिटी की बिल्डिंग नंबर 17 के कमरा नंबर 13 में साजिशों की बैठकें होती थीं। तय किया गया था कि 32 कारें खरीदी जाएंगी, जिनके जरिए देश के 32 शहरों में 'आत्मघाती विस्फोट' किए जाएंगे। अब जांच एजेंसी एनआईए ने भी खुलासा कर दिया है कि लालकिले के पास वाला कार-विस्फोट हड़बड़ी में नहीं किया गया अथवा कोई दुर्घटना नहीं थी, बल्कि वह एक 'फिदायीन हमला' था और डॉ. उमर नबी एक आत्मघाती बॉम्बर था।

अब यह भी रहस्योद्घाटन हो चुका है कि आतंकी डॉक्टरों ने 20 लाख रुपए का आतंकी फंड जुटाया था। जिन हवाला एजेंटों के जरिए यह पैसा आतंकियों तक पहुंचा, जांच एजेंसियां उनसे भी पूछताछ कर रही हैं। बहरहाल यह आतंकी फंड उमर नबी को सौंप दिया गया था। उमर ने 3 लाख रुपए का फर्टिलाइजर हरियाणा के नूंह (मेवात) से खरीदा था। यह बम बनाने में सहायक सामग्री के तौर पर इस्तेमाल किया जाता रहा है।

दिल्ली विस्फोट 10/11 से पहले उमर नबी ने नूंह की 'हिदायत कॉलोनी' में एक कमरा किराए पर लिया था। वहां विस्फोटक सामग्री भी जमा की थी। नूंह और अलफलाह यूनिवर्सिटी के बीच उमर की आवाजाही सीसीटीवी में कैद होती रही। ऐसी 1300 से अधिक सीसीटीवी की फुटेज जांच एजेंसियों ने खंगाली हैं। जिस कमरे में साजिश की बैठकें होती थी, वह एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मुजम्मिल का कमरा था, जिसे अब सील कर दिया गया है। जांच एजेंसियों को उस और असिस्टेंट प्रोफेसर रहे डॉ. उमर नबी के कमरा नंबर 4 से डायरियां, पेन ड्राइव, डिजिटल डाटा आदि बरामद हुए हैं। उनमें कई कूटनाम सामने आए हैं। उन्हें खंगालने और असलियत की तह तक पहुंचने की कोशिशें जारी हैं। आतंकी डॉक्टर आपस में 'थ्रीमा एप' के जरिए संवाद करते थे और संपर्क में रहते थे। यह 'एप' मोबाइल नंबर से लिंक नहीं होता, लिहाजा आसानी से पकड़ा भी नहीं जा सकता।

आतंकी सिर्फकश्मीर, दिल्ली, उप्र, फरीदाबाद में ही सक्रिय नहीं थे, बल्कि उनके तार सऊदी अरब, तुर्किए, दुबई, नेपाल तक भी फैले थे। इन देशों, शहरों में आतंकी संगठन 'जैश-ए-मुहम्मद' के 'हैंडलर्स' भी मौजूद रहे हैं। वहीं से आतंकी डॉक्टरों को निर्देश मिलते रहे हैं। यह भी खुलासा हुआ है कि डॉ. शाहीन सईद उर्फ 'मैडम सर्जन' नेपाल भागने की फिराक में थी। वह उप्र के हापुड़ और उत्तराखंड में महिला जिहादियों का 'भर्तीखाना' खोलना चाहती थी। भवन की सतह पर दवाखाना हो और तहखाने में जेहाद का भर्तीखाना हो, यह शाहीन का मंसूबा था, लेकिन पुलिस और सुरक्षाबलों की गिरफ्त में फंस गई। अलफलाह यूनिवर्सिटी की पोलपट्टी भी खुल रही है। यकीनन यह 'आतंक का अड्डा' है।

मौजूदा घटनाक्रम के मद्देनजर यूजीसी के आदेश पर एनएएसी (राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद) ने यूनिवर्सिटी को 'कारण बताओ' नोटिस जारी किया है। प्रवर्तन निदेशालय आतंकी फंडिंग और मनी ट्रेल की जांच करेगा। डॉक्टरों के वित्तीय लेन-देन की भी जांच होगी। 'एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज' ने अलफलाह की सदस्यता रद्द कर दी है। भारत सरकार के अल्पसंख्यक मंत्रालय ने भी अलफलाह को करोड़ों रुपए की मदद दी थी। उसके कारणों को भी खंगाला जाएगा। अलफलाह में एमबीबीएस करने की फीस 70 लाख रुपए पांच साल की होती थी। परिसर में ही नमाज पढ़ी जाती थी और महिलाओं को हिजाब के लिए बाध्य किया जाता था। यहां 40 फीसदी आरक्षण मुस्लिम छात्रों को दिया जाता था और 40 फीसदी सीटें कश्मीरी छात्रों के लिए आरक्षित होती थीं। अलफलाह यूनिवर्सिटी के खिलाफ यूएपीए के तहत दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और सभी दस्तावेज, रिकॉर्ड्स मांगे गए हैं। जांच एजेंसियां इसके फर्जीवाड़े, धोखाधड़ी आदि की व्यापक जांच करना चाहती हैं।

वहीं जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के समर्थक ओवर ग्राउंड वर्करों का चेहरा बदल रहा है। सफेदपोश लोग देश विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं। हालांकि सरकार की ओर से पिछले समय में इन आतंकियों और समर्थकों पर सख्त कार्रवाई की गई है। संपत्ति कुर्क करने के साथ मकान तक जमींदोज किए गए। साथ ही घाटी में स्थानीय भर्ती भी कम हुई है। इससे बौखलाए आतंकी संगठनों ने रणनीति बदली है। इस कारण अब सफेदपोश आतंकवाद फैलाने के लिए दम तोड़ चुके स्लीपर सैल को छोड़ साफछवि वाले लोगों में विचारधारा का जहर घोल जा रहा है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सहज मिले सो

सहज मिले सो पानी... सहज मिले जो रत्न और माणिक, कंकड़ पत्थर जानी... बासी मिले यत्न करी-करी जो, दोनों हाथ उठानी... साधो, सहज मिले सो पानी... सहजे मिले जो महल प्रभुताई, मूरख चादर तानी...यत्न किए जो मिले झोपड़ी, तिनका दोनों हाथ उठानी... साधो, सहज मिले सो पानी... सहजे मिले नयन दीपक सम, कांची आंख समानी... दृष्टि विहीन भये जबहि तब, धोबत, अंजुली भरी भरी पानी... साधो, सहज मिले सो पानी...

- राकेश मिश्रा

अब हमे भी

अब हमे भी आज़माना आ गया वक्त से नज़रें मिलाना आ गया कर रहे हैं बात जो किरदार की असलियत उनका दिखाना आ गया चोट खायी है ज़माने की बहुत दर्द में भी मुस्कुराना आ गया म पड़ गई जब सर पे जिम्मेदारियां चार पैसे तब कमाना आ गया म झेलकर हालात वा दुश्वारियां जैसे को तैसा निभाना आ गया अब कदम पीछे नहीं हट पायेंगे दुश्मनों का सर झुकाना आ गया।

- रवी पांडेय 'संयम'

आसमान सबका है, उड़ने का हक़ सबका

आसमान सबका है, उड़ने का हक़ सबका है, अपनी जीत के लिए, किसी दूसरे का हराना जरूरी नहीं, अपने यश के लिए ,दूसरे पे कीचड़ फेंकना जरूरी नहीं, अपनी खुशियों के लिए, दूसरों को रुलाना ज़रूरी नहीं, अपने फ़ायदे के लिए, दूसरों को नुकसान पहुंचाना जरूरी नहीं, खुद को जिंदा रखने के लिए ,किसी दूसरों को मारना जरूरी नहीं । - **तनु देहलवी**

किशन को देख राधा बाबली है

किशन को देख राधा बाबली है पड़ी उसकी नजर जो सांवली है चली आती सुनी जो बाँसुरी धुन बनी श्यामा उसी की लाड़ली है कदम्बे चढ़ चुरा कर के वसन जब सहे सब गोपियाँ ये धाँधली है गिरफ्तारी हुई है प्रेम में जब सभी की खोपड़ी अब ओखली है पकी है प्यार में कान्हा सखी सब चखे जो बेर शबरी पोपली है। - **मधु त्रिवेदी**

खुले बंधन सधे चितवन अडिग संकल्प

खुले बंधन सधे चितवन अडिग संकल्प दृढ़ मन में धरा होगी मेरी अपनी खुलेंगें पँख गगन-वंदन में !! पल्लवित पुष्प डारी-डारी कूकती कोकिला उपवन में बस रहा राग मधुर निर्झर मुक्त-हृदय के कण-कण में !! चिरैया उड़ चली ले कर अटल विश्वास अनंत मन में दीप्त होंगी अभिलाषा भरे जो स्वप्न हैं नभ-नयन में!! - **अंजू डोकानिया**

सुनो जाना! तेरी तस्वीर मुझसे बोलती

सुनो जाना! तेरी तस्वीर मुझसे बोलती है, खामोशी के सभी वो राज अकसर खोलती है, है करती बात पल पल वो तेरी रूसवाइयों की, बनके अहसास फिर दिन रात मुझमें डोलती है। - **डॉ किरण मिश्रा**

जाति धर्म का लगे खेलने, नेता सारे

जाति धर्म का लगे खेलने, नेता सारे मिल कर दांव। जिसको देखो जमा रहा है, राजनीति में अपने पाँव।। चोर उचक्के दिए दिखाई, इक दूजे का थामे हाथ। वैरी थे जो कल तक पक्के,नजर आ रहे वे भी साथ।।

- **रमेश शर्मा वशिष्ट**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष: आज के दिन आपका स्वभाव बीते कल की तुलना में एकदम विपरीत रहेगा। दिन के आरम्भ से ही छोटी छोटी बातों पर परिजन से झगड़ेंगे।

वृष: आज के दिन आप अन्य लोगो को अपने से कमतर आकेंगे। पराक्रम शक्ति आज बढ़ी रहेगी इसका गलत कार्यो में उपयोग होने की संभावना अधिक है।

मिथुन: आज के दिन आपके व्यक्तित्व में विकास होगा दिन के आरम्भ से ही कार्यो की सफलता एवं धन पाने के लिये विभिन्न युक्तियां लगाएंगे।

कर्क: आज के दिन आपको विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। सेहत मानसिक तनाव एवं मौसमी बीमारी के कारण अकस्मात ढीली पड़ेगी।

सिंह: आज आपका स्वभाव अत्यंत सनकी रहेगा। शरीर मे छुट पुट समस्या लगी रहेगी।

कन्या: आज आपके दिन का आरम्भ सुस्त रहेगा प्रातः काल से ही सेहत में थकान अनुभव होने के कारण कार्यो के प्रति आलस्य दिखाएंगे।

तुला: आज आपके ऊपर चंचलता हावी रहेगी। दिन के आरम्भ से ही स्वभाव में हल्कापन रहेगा लेकिन कार्यो में जल्दबाजी करेंगे।

वृश्चिक: आज के दिन आपको प्रत्येक कार्य मे संभलकर रहने की सलाह है। दिन के आरम्भ से ही मन मे किसी अरिष्ट का भय बना रहेगा।

धनु: आज के दिन आप किसी मनोकामना अथवा पुरानी योजना के सफल होने से प्रसन्न रहेंगे। लेकिन कोई नया अथवा पुराना कर्ज मानसिक रूप से बेचैन रखेगा।

मकर: आज का दिन कार्य सफलता वाला रहेगा इसका लाभ उठायें अन्यथा आगे कई दिन तक ऐसी सुविधा नही मिलने पर खेद होगा।

कुंभ: आज भी आप मन से आध्यात्म के प्रति निष्ठावान रहेंगे।

मीन: आज दिन के पूर्वार्ध से ही शारीरिक रूप से कार्य करने में असमर्थ अनुभव करेंगे लेकिन फिर भी जबरदस्ती करने पर कम समय मे अधिक थकान होगी।

सूर्योदय : 06:40, सूर्यास्त : 05:41, चन्द्रास्त : 16:27, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिण गोले), ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), मास : मार्गशीर्ष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : अमावस्या, नक्षत्र : विशाखा, योग : शोभन, प्रथम करण : शकुनि (09:43 तक), द्वितीय करण : चतुष्पाद (23:00 तक)

॥ गोचर ग्रहा: ॥

सूर्य : वृश्चिक, चंद्र : वृश्चिक (28:31 से), मंगल : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम , मार्गी), बुध : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), शुक्र : तुला (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

1) द्रवित पेट्रोलियम गैस (एल.पी.जी.) का मुख्य घटक क्या है?

2) डेवी दशमलव वर्गीकरण का उपयोग किसमें किया जाता है?

3) फैजाबाद में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किसने किया था?

4) किस संस्था का आदर्श वाक्य मा गृधः कस्यस्विद्धनम् है?

5) किसे राई नृत्य के संरक्षण और प्रचार के लिए 2022 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) ऐलीफैटिक हाइड्रोकार्बनों का मिश्रण (2) पुस्तकालय (3) मौलवी अहमदुल्लाह (4) लोकपाल (5) राम सहाय पांडेय

कार्टून

■ न्यूज गैलरी

दो दिनों तक 10 वार्डों में पेयजल प्रभावित

रिसाली। नगर पालिक निगम के दस वार्डों में बुधवार से दो दिनों तक जल प्रदाय पूर्ण रूप से प्रभावित रहेगा। दरअसल शट डाउन के दौरान 600 एम एम डाया डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइन का मरम्मत किया जाएगा। श्याम नगर पानी टंकी से निकलने वाली मेन पाइप लाइन आत्मानंद स्कूल रिसाली के पास क्षतिग्रस्त हो गया है। मरम्मत कार्य के दौरान वार्ड 22 से 31 तक पेय जल टैंकर से उपलब्ध कराया जाएगा।

फर्जी ऐप से 31 लाख की ठगी

भिलाई। जिले के पाटन थाना क्षेत्र में एक किसान-निवेशक ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग धोखाधड़ी का शिकार हुआ है। उससे 31 लाख 50 हजार रुपए की ठगी की गई है। पीड़ित ने पाटन थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता की पहचान ग्राम तर्रीघाट निवासी खिलेश्वर सिन्हा के रूप में हुई है, जो खेती के साथ-साथ शेयर बाजार में भी निवेश करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वे यूट्यूब के जरिए शेयर बाजार की जानकारी लेते थे। 18 अगस्त 2025 को उन्हें '47 स्क्वूक कम्युनिटी' नामक एक वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ा गया। उन्होंने ग्रुप एडमिन अंकुश जैन से उनके मोबाइल नंबरों पर संपर्क किया। आरोप है कि अंकुश ने उन्हें यह कहकर टाल दिया कि 'प्रॉफिट कॉम्पीटिशन' चल रहा है, इसलिए अभी पैसे निकालना संभव नहीं है। साथ ही उन पर और अधिक पैसा निवेश करने का दबाव भी बनाया गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी अंकुश जैन का असली लोकेशन क्या है, व्हाट्सऐप ग्रुप किसने संचालित किया और फर्जी एप किस नेटवर्क से जुड़ा था। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ठगी के इस गिरोह का पूरा नेटवर्क उजागर किया जाएगा।

बीएसपी के कोलिहापूरी शिविर में 41 ग्रामीण लाभान्वित

भिलाई। इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा ग्राम कोलिहापूरी में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँए रोगों की समय पर पहचानए आवश्यक परामर्श तथा निःशुल्क दवाइयाँ उपलब्ध कराना था। इस शिविर में बीएसपी की डॉ. प्रेरणा बघेल, फार्मासिस्ट एम जानवी, नर्सिंग स्टाफ रेणुका वर्मा, पंजीयन हेतु पायल पवार तथा बुधेलाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय की ओर से सीएचओ जया ताम्रकार एवं नर्सिंग स्टाफ ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 41 ग्रामीणों ने निःशुल्क सेवाओं का लाभ उठायाए जिनमें 11 पुरुषए 25 महिलाएँ और 5 बच्चे शामिल थे। सभी लाभार्थियों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयाँ प्रदान की गईं।

जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय की बर्न यूनिट ने दिया 35 वर्षीय उमेश को नया जीवन

भिलाई/नवप्रदेश। राजनांदगांव जिले के घुपसाल ग्राम के 35 वर्षीय उमेश कुमार की जीवन यात्रा किसी चमत्कार से कम नहीं। 7 फरवरी 2025 की रात जब वह घर में आग तापते हुए नींद में आग में गिर पड़ा तो क्षण भर में उसका जीवन बदल गया। पूरे शरीर पर जलने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। पहले उसे डोंगरगांव के अस्पताल ले जाया गया, फिर राजनांदगांव उसके बाद रायपुर के हॉस्पिटल में 18 दिनों तक भर्ती रहाएपरंतु कोई विशेष सुधार नहीं हुआ। निराश परिवार उसे पुनः राजनांदगांव और फिर भिलाई के निजी चिकित्सालयों में ले गया। इलाज की तलाश में महीनों भटकने के बाद भी घाव न भरने से उसकी स्थिति अत्यंत गंभीर हो चुकी थी।

उसे भिलाई स्थित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र के एडवांस बर्न केयर विभाग (सेक्टर.9) के बारे में बताया कृ और वहीं से उसकी जिंदगी ने नया मोड़ लिया। 18 अगस्त 2025 को उमेश को गंभीर स्थिति में जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। परीक्षण में पाया गया कि उसके दोनों कंधे छाती से जुड़े थे और कोहनियाँ पूरी तरह मुड़ी हुई थीं। शरीर में खून और प्रोटीन की भी भारी कमी थी तथा लगभग 40 प्रतिशत क्षेत्र पर गहरे जले घाव थे।

बर्न यूनिट की टीम ने पहले उसकी स्थिति को स्थिर किया, फिर 26 अगस्त को पहला बड़ा ऑपरेशन किया गया। बर्न विभाग प्रमुख एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ. उदय कुमार के नेतृत्व में डॉण् अनिरुद्ध मेने एवं उनकी टीम ने अत्यंत सावधानी से कोहनी और कंधे की सर्जरी की और जले हुए स्थान पर स्किन ग्राफ्टिंग कर नई त्वचा प्रत्यारोपित की। नसों के जुड़ाव और खून की नलिकाओं के जोखिम के बावजूद टीम ने असाधारण दक्षता दिखाई। ऑपरेशन सफल रहा और उसका एक हाथ फिर से कार्यशील हो गया। इसके बाद उमेश 25 सितंबर को पुनः भर्ती हुआ। इस बार उसके बाएँ हाथ पर सर्जरी की गई, कोहनी और कंधे के जोड़ को सीधा कर पैरों से ली गई त्वचा का प्रत्यारोपण किया गया। कुछ ही हफ्तों में उमेश के दोनों हाथ खुल चुके थे घाव भर गए और वह फिर से अपने पैरों पर खड़ा हो गया। उमेश ने भावुक होकर कहा बीएसपी के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय ने केवल मेरी जान नहीं बचाई बल्कि मेरे पूरे परिवार को जीवन लौटा दिया। पत्नी ने बीएसपी प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस जटिल सर्जरी के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ. विनीता द्विवेदी के नेतृत्व में एनेस्थीसिया विभाग ने अत्यंत नाजुक परिस्थितियों में जोखिमपूर्ण एनेस्थीसिया प्रबंधन को सफलतापूर्वक संभाला। साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर के सतत मार्गदर्शन और पूरी ऑपरेशन टीम के समन्वय से यह दुर्लभ ऑपरेशन संभव हो सका।

डॉ. उदय कुमार ने बताया कि जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय का एडवांस बर्न केयर डिपार्टमेंट न केवल प्रदेश बल्कि देशभर में अग्नि दुर्घटनाओं के मरीजों के इलाज में अग्रणी है। यहाँ ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और बिहार तक से मरीज आते हैं।

भिलाई सहकारी बैंक में 79 लाख का गबन

राशि वापस नहीं मिलने से किसानों ने दोबारा थाने पहुंचकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की

भिलाई/नवप्रदेश। जिले के भिलाई-3 स्थित सेवा सहकारी बैंक और सोमनी सेवा सहकारी समिति में किसानों के लगभग 79 लाख के गबन का मामला एक साल पहले दर्ज हुआ था। हालांकि, अब तक पीड़ित किसानों को उनकी राशि वापस नहीं मिली है। इससे परेशान किसानों ने गुरुवार को फिर से थाना पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए लिखित शिकायत सौंपी। किसानों ने थाना प्रभारी को दिए आवेदन में बताया कि बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक सुरेंद्र सिंह भुवाल, समिति अध्यक्ष रामनारायण वर्मा और समिति प्रबंधक नीति दीवान ने मिलीभगत की।

एफडी और खातों से 24 लाख निकाले

उनका कहना है कि इन तीनों ने किसानों की फिक्स्ड डिपॉजिट और खातों से लगभग 24 लाख रुपए अवैध रूप से निकाले। कुल मिलाकर करीब 79 लाख रुपए की राशि का गबन किया गया है। शिकायत में यह भी बताया गया है कि बैंक कर्मी गजानंद शिर्के ने किसानों से लगभग 20 लाख रुपए बैंक में जमा कराए थे।

किसानों को इसकी रसीद भी दी गई थी, लेकिन यह पैसा भी उन तक नहीं पहुंचा और तीनों पदाधिकारियों ने इसका दुरुपयोग किया। किसानों का आरोप है कि गबन उजागर होने के बाद बैंक प्रबंधन और समिति के पदाधिकारियों ने कई बार आश्वासन दिए। उन्हें बताया गया कि मामले की विभागीय जांच चल रही है और जल्द ही पैसा लौटा दिया जाएगा।

लेकिन 6-7 महीने बीत जाने के बाद भी न तो कोई कार्रवाई हुई और न ही उनकी रकम वापस की गई। एक पीड़ित किसान ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि उनकी बेटी की शादी 28 नवंबर को है। उन्होंने चार साल में 3 लाख 21 हजार रुपए बचाए थे, जो गबन कर लिए गए। अब उन्हें शादी की तैयारी के लिए कर्ज लेना पड़ रहा है। किसान शत्रुघ्न लाल यादव ने बताया कि उनका 85 लाख रुपए का लेन-देन इससे प्रभावित है, जबकि किसान किसन वर्मा ने 7 लाख रुपए की देनदारी न मिलने की बात कही। किसानों का कहना है कि गजानंद शिर्के ने 24 लाख रुपए वापस कर दिए थे, पर उसमें शामिल उनकी वह राशि भी समिति ने अब तक उन्हें नहीं लौटाई।

बैंक प्रबंधक, समिति अध्यक्ष और प्रबंधक पर कार्रवाई की मांग

किसानों ने आरोप लगाया कि केस दर्ज होने के बाद भी वास्तविक दोषियों पर कार्रवाई नहीं हो रही। वे चाहते हैं कि बैंक प्रबंधक, समिति अध्यक्ष और समिति प्रबंधक को नामजद कर कड़ी कार्रवाई की जाए और सभी किसानों का पैसा वापस दिलाया जाए। उन्होंने मांग की कि मामले में धारा 420, 409, 467, 468, 473 के तहत कठोर कार्रवाई की जाए और बड़े स्तर की आर्थिक हेराफेरी होने के कारण (धन शोधन निवारण अधिनियम) के अंतर्गत भी जांच की जाए।

आरोपियों के खिलाफ अभियोग पत्र किया गया था पेश- पुलिस

पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि सेवा सहकारी समिति सोमनी और सहकारी बैंक भिलाई-3 में कुछ माह पहले एक केस दर्ज किया गया था, जिसमें किसानों के खाते और एफडी से गबन की पुष्टि हुई थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में अभियोग पत्र भी पेश कर दिया था।

उन्होंने बताया कि किसानों की ओर से अब नई शिकायत दी गई है कि समिति प्रबंधक सुरेंद्र सिंह भुवाल और समिति अध्यक्ष रामनारायण वर्मा की भी इसमें भूमिका है। शिकायत की जांच की जा रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र पहुंचे पीड़ित परिवारों के बीच

■ कहा- प्रशासनिक स्तर पर पूरी घटना की गंभीरता से जांच हो

■ प्रसव के दौरान मौत की घटना पर जताया संवेदना

दुर्ग/नवप्रदेश। गत दिनों जिला अस्पताल दुर्ग में प्रसव के दौरान हुई महिलाओ की हुई मौत के बाद आज परिजनों से शिक्षा ग्रामोद्योग और विधी विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने मुलाकात कर संवेदना व्यक्त किये। मंत्री यादव ने बताया की निगम क्षेत्र के शिवपारा निवासी किरण यादव एवं बजरंग नगर निवासी पूजा यादव के विगत दिनों हुए दुर्भाग्यपूर्ण निधन की घटना अत्यंत व्यथित करने वाली है। यह घटना न केवल दो परिवारों के लिए अपूरणीय क्षति है, बल्कि समाज को भी गहरी पीड़ा पहुंचाने वाली है। आज दोनों शोकाकुल परिवारों के निज निवास पहुँचकर परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना प्रदान किया। इस दुःख की घड़ी में उनकी भावनाओं को समझते हुए, दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और परिवारजनों को हर संभव सहयोग और सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। प्रशासनिक स्तर पर भी इस पूरी घटना की गंभीरता से जांच हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों से चर्चा की जा रही है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और स्वास्थ्य सेवाओं में और अधिक सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

रिसाली महापौर परिषद की बैठक संपन्न

सड़क पर मवेशी छोड़ने वाले मालिकों के खिलाफ निगम ने बनाया सख्त नियम

■ नए नियम आज से ही लागू कर दिए गए है

रिसाली/नवप्रदेश। मवेशी को खुला छोड़ने वाले मवेशी मालीकों के खिलाफ निगम ने सख्त नियम बनाए है। महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता वाले परिषद ने नियमों को हरी झंडी दे दी है। नियम आज से ही लागू कर दिए गए है। नए नियम के हिसाब से न केवल जुर्माना वसूला जाएगा, बल्कि निश्चित अवधि के बाद जब्त मवेशी को निगम प्रशासन निलाम भी करेगा।

परिषद के सदस्यों ने हाई कोर्ट से दिशा निर्देश आने के बाद सड़क पर विचरण करने वाले मवेशी की वजह से होने वाले दुर्घटनाओं को रोकने नियम बनाया है। सदस्यों ने निर्णय लिया है कि मवेशी को खुला छोड़ने वाले मालिकों के खिलाफ जुर्माना वसूला जाएगा। पहले मर्तबा 500 और दूसरी बार मवेशी पकड़ाने पर उस मालिक से 1000 और तीसरी बार में 1500 रूपए का जुर्माना वसूल किया जाएगा। इसके बाद भी मवेशी सड़क पर विचरण करते पाए जाने पर उस मवेशी को निगम द्वारा जब्त कर निलामी प्रक्रिया पूरी करेगी। महापौर परिषद ने निर्णय लिया है कि पहले मवेशियों के सिंग में डेयरी संचालक रेडियम भी लगाऐंगे।

महापौर परिषद की बैठक में एमआईसी सदस्य संजू नेताम, जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, रोहित धनकर, ममता यादव, जमुना ठाकुर, रंजीता बेनुआ, निगम आयुक्त मोनिका वर्मा, कार्यपालन अभियंता सुनिल दुबे समेत अन्य विभाग प्रमुख मौजूद थे।

डुण्डेरा व मैत्रीकुंज में बनेगा ओवर हेड टैंक

बुधवार को हुए महापौर परिषद की बैठक में सदस्यों ने पेयजल आपूर्ती पर गंभीर चिंतन किया। परिषद के सदस्यों ने निगम क्षेत्र के विस्तार को देखते हुए ओवर हेड टैंक निर्माण पर जोर दिया। परिषद ने मैत्रीकुंज और डुण्डेरा में ओवर हेड टैंक निर्माण के लिए निविदा बुलाने सहमति दी।

नए कक्ष में बैठक

वर्तमान में निगम कार्यालय तीन हिस्सों मे संचालित है। आमतौर पर छोटी बैठक व समीक्षा महापौर व आयुक्त मोनिका वर्मा अपने-अपने कक्ष में करते थे। आयुक्त ने मुख्य कार्यालय मे ही सभाकक्ष तैयार कराया है। इसी कक्ष में बुधवार को महापौर शशि सिन्हा ने एमआईसी बैठक ली।

एमजीएम की शिक्षा के 60 वर्ष पूरे : 19 और 21 को हीरक जयंती वार्षिकोत्सव समारोह

भिलाई/नवप्रदेश। एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-6 भिलाई ने अपनी स्थापना के 60 वर्ष पूरे होने पर हीरक जयंती वार्षिकोत्सव समारोह की घोषणा की है। वर्ष 1965 में मार ग्रेगोरियस ऑर्थोडॉक्स कैथेड्रल, भिलाई द्वारा स्थापित यह विद्यालय आज शहर के सबसे प्रतिष्ठित और विश्वसनीय सह-शैक्षिक निजी स्कूलों में शामिल है। सीबीएसई से सम्बद्ध एमजीएम स्कूल पिछले छह दशकों से मूल्य-आधारित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। विद्यालय (सेवा सर्वोपरि) के मूलमंत्र के साथ जिम्मेदार, अनुशासित और आत्मनिर्भर विद्यार्थियों के निर्माण के लिए जाना जाता है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार समारोह दो भागों में आयोजित होगा। जिसमें 19 नवंबर की शाम 5 बजे (कक्षा 8वीं से 12वीं एवं प्री-प्राइमरी – नर्सरी, केजी-1, केजी-2) आयोजन के मुख्य मुख्य अतिथि जगदीश बर्मन सीबीएसई रीजनल ऑफिसर, रायपुर (छत्तीसगढ़), विशिष्ट अतिथि डॉ. नितिन मलिक, रजिस्ट्रार, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, गुजरात होगें। वहीं समारोह का समापन 21 नवंबर 2025, शाम 5 बजे (कक्षा 1 से 7) जिसमें मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. जे.के. तिवारी प्राचार्य क्रिश्चियन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी भिलाई, विशिष्ट अतिथि ए.बी श्रीनिवास कार्यवाहक सीजीएम भिलाई स्टील प्लांट होगें।

विद्यालय का संचालन हिस ग्रेस एलेक्सियस मार यूसिबियस (मैनेजर बिशप), वी. रेव. शाजी एम. बेबी (उपाध्यक्ष), सुरेश जैकब (कोरेसपोंडेंट) प्रबंधक समिति सदस्यों और प्राचार्य टी. एंटो जैकब के मार्गदर्शन में हो रहा है। वर्तमान में विद्यालय में 6,500 से अधिक विद्यार्थी और 427 स्टाफ सदस्य हैं। स्कूल परिसर में स्मार्ट कक्षाएँ, उन्नत विज्ञान प्रयोगशालाएँ, कंप्यूटर एवं एटीएल लैब, भाषा एवं एवी लैब, 25,000 से अधिक पुस्तकों वाला पुस्तकालय, बहुउद्देश्यीय हॉल, विशाल खेल मैदान और प्रसिद्ध मार थिओडोसियस फुटबॉल ग्राउंड उपलब्ध हैं। एमजीएम में अकादमिक शिक्षा के साथ-साथ कला, खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नेतृत्व, अनुशासन और सामुदायिक सेवा पर विशेष ध्यान दिया जाता है। विद्यालय के मूल मूल्य पीईएसईई देशभक्ति, उत्कृष्टता, उपलब्धि, सद्भाव और मूल्यों का संवर्धन – यहां की शैक्षिक गतिविधियों की आधारशिला हैं। हीरक जयंती वर्ष विद्यालय के उस गौरवशाली सफर को दर्शाता है जिसमें एमजीएम ने हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को दिशा दी है।

कबड्डी प्रतियोगिता में लक्ष्मी का चयन

दुर्ग। 25 वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सब-जूनियर (बालक/बालिका वर्ग) कबड्डी चैम्पियनशिप का आयोजन कबड्डी प्रशिक्षण केन्द्र पेण्ड्रा में किया गया था। प्रतियोगिता में खेलो इंडिया लघु केन्द्र मर्रा, पाटन की प्रतिभाशाली बालिका लक्ष्मी नेताम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दुर्ग जिला का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता में दुर्ग जिले के अंतर्गत ब्लॉक दुर्ग, पाटन व धमधा के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

व्यापमं परीक्षा में काले, नीले, हरे रंग के कपड़े पहनने पर बैन

■ आधी बांह, हल्के रंगे के कपड़े, बिना पॉकेट का स्वेटर पहनकर देना होगा अमीन भर्ती परीक्षा

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा जल संसाधन विभाग के अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा का आयोजन 7 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिले के 77 केन्द्रों में आयोजित परीक्षा में 28,235 अभ्यर्थी शामिल होंगे। व्यापमं द्वारा जारी निर्देशों के तहत परीक्षार्थी परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लें। ताकि, उन्हें परीक्षा के दिन असुविधा न हो। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग व फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। परीक्षा दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। मुख्य द्वार सुबह 11.30 बजे बंद कर दिया जाएगा।

परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आना होगा। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। केवल साधारण स्वेटर (बिना पॉकेट) की अनुमति है। सुरक्षा जांच के समय स्वेटर को उतारकर सुरक्षा कर्मी से जांच कराना होगा। स्वेटर हेतु हल्के रंग और आधे बांह का बंधन नहीं होगा। धार्मिक व सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा, उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने के बाद ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। फुटवियर के रूप में चप्पल पहनें। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है।

रंगारंग आयोजन... 200 कब-बुलबुलों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया

कब-बुलबुल उत्सव में इंग्लिश मीडियम स्कूल सेक्टर-6 विजेता

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी के शिक्षा विभाग व भारत स्काउट गाइड जिला संघ भिलाई के तत्वावधान में मैत्री बाग में 40 वां कब-बुलबुल उत्सव मनाया गया। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ मुख्य जिला आयुक्त भिलाई संघ व महाप्रबंधक शिक्षा विभाग शिखा दुबे ने किया। 40 वें कब बुलबुल उत्सव में इंग्लिश मीडियम मिडिल स्कूल सेक्टर 6 विजेता रही। इस अवसर पर जिला आयुक्त, गाइड एवं प्राचार्या बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 10 सुमिता सरकार ने स्वागत उद्बोधन में आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए सभी कब-बुलबुल प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। उत्सव में शामिल शालाओं और नन्हे प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। बीएसपी की विभिन्न शालाओं के लगभग 200 कब-बुलबुलों ने इस रंगारंग उत्सव में भाग लिया। ध्वजारोहण और झंडा गीत के साथ आरंभ हुए कार्यक्रम में प्रार्थना के बाद बच्चों ने विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि शिखा दुबे ने कहा कि कब-बुलबुल गतिविधियाँ बच्चों के शारीरिक, मानसिक व सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अनुशासन, जिम्मेदारी और नेतृत्व जैसे मूल्यों को बचपन से विकसित करती हैं।

उत्सव के दौरान पूर्व वर्ष की भांति कुल ग्यारह प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनके माध्यम से प्रतिभागियों की रचनात्मक प्रतिभा का मूल्यांकन किया गया। सामूहिक नृत्य प्रस्तुति में कब-बुलबुलों ने प्रकृति, पशु-पक्षियों और परियों की विविध वेशभूषा और मुखौटों के साथ संगीतमय प्रदर्शन प्रस्तुत किया। बुलबुल ट्री प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपने विद्यालय द्वारा तैयार खूबसूरत बुलबुल ट्री के पास घेरा गीत गाते हुए प्रस्तुति दी। चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रकृति संरक्षण, प्रदूषण जागरूकता, पशु-पक्षी सुरक्षा, बालिका शिक्षा और देशभक्ति जैसे सामाजिक विषयों को चित्रित किया। विविध वेशभूषा प्रतियोगिता में प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न रूपों को प्रस्तुत किया। गंध पहचान, स्वाद पहचान, और गाँठ बाँधो प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी त्वरित पहचान क्षमता, एकाग्रता और कौशल का प्रदर्शन किया। साहसिक गतिविधियों के अंतर्गत कब विद्यार्थियों ने 12 फीट ऊँची रस्सी पर चढ़कर अपनी फुर्ती व साहस का परिचय दिया। बुलबुल छात्राओं ने 15 मीटर रस्से पर संतुलन दिखाते हुए शारीरिक दक्षता का प्रदर्शन किया। सभी प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन शासकीय विद्यालयों में कार्यरत कब-बुलबुल विशेषज्ञ निर्णायकों द्वारा प्रस्तुतिकरण, समय, गणवेश व कौशल के मानदंडों के आधार पर किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ डॉ उदय कुमार और विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व शिवराजन नायर थे। अतिथियों का स्वागत स्कार्फ पहनाकर किया गया। उन्होंने विभिन्न शालाओं द्वारा सुसज्जित बुलबुल-ट्री का अवलोकन किया। समापन समारोह में कब-बुलबुलों ने समूह नृत्य और विविध वेशभूषा की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया और सभी कबदृबुलबुलों को सीखे गए मूल्यों को जीवन में अपनाने हेतु प्रेरित किया। महाप्रबंधक शिक्षा शिखा दुबे ने कब-बुलबुल गतिविधियों और शिक्षा विभाग में चल रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक शिक्षा मनीष तिवारी और धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य विजय सिंह पवार ने दिया।

दुर्ग में मिर्ची पाउडर आंख में झोंक कर लूटे जेवर

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले में आंख में मिर्ची पाउडर झोंक कर लूट की वारदात हुई है। ग्राम टेकापार में तीन अज्ञात आरोपियों ने युवक की आंखों में मिर्च पाउडर फेंक दिया और उसके बैग से लगभग 96 हजार के सोने-चांदी के आभूषण लूटकर फरार भाग गए थे। मामला बोरी थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक आरोपी नागपुर (महाराष्ट्र) का रहने वाला है, जिसने लूट के गहनों को नागपुर के ही सोना व्यापारी को बेचने की कोशिश की थी। पुलिस ने आरोपियों के पास से लगभग एक लाख के सोने-चांदी के जेवर, बाइक और चाकू बरामद किया है। टेकापार (बोरी) के रहने वाले महेंद्र सोनी ने 22 फरवरी 2025 को बोरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने भतीजे राहुल सोनी के साथ ग्राम रुहा में फेरी लगाकर वापस लौट रहे थे। तभी तीन अज्ञात आरोपियों ने राहुल की आंखों में मिर्च पाउडर फेंक दिया और आभूषण लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने संदेही कपिल साहू (खालेपारा) और आकाश श्रवण (इंदिरा नगर) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। दोनों ने अपराध स्वीकारते हुए तीसरे साथी गणेश धनकर उर्फ चिंटू (नागपुर) के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। इस खुलासे के बाद पुलिस टीम तुरंत नागपुर रवाना हुई। सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

इंडियन बायसन का शिकार कर आरोपियों ने सौ रुपए किलो में बेचा मांस

- आरोपियों के घर से मिला 1 किलो 250 ग्राम मांस
- भोरमदेव अभ्यारण्य में दो दुर्लभ इंडियन बायसन का शिकार
- वन विभाग की कार्रवाई, पांच आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। भोरमदेव अभ्यारण्य अंतर्गत चिल्फी परिक्षेत्र के संरक्षित कक्ष पी.एफ-333 बहनाखोदरा में वन्यप्राणी इंडियन बायसन/गौर (अनुसूची-1) के दो नग के अवैध शिकार का गंभीर मामला सामने आया है। आरोपियों ने सोमवार को बिजली का करंट लगाकर दोनों गौर का शिकार किया तथा उनके मांस को टुकड़ों में काटकर सैकड़ों लोगों में बाँट दिया। इतना ही नहीं, बड़े मांस के नाम पर 100 रुपए किलो की दर से बिक्री भी की गई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम सक्रिय हुई और दबिश के दौरान एक घर से 250 ग्राम, दूसरे घर से 1 किलो मांस बरामद किया गया। मुखबिर की सूचना पर की गई त्वरित कार्रवाई में विभाग ने पूरे मामले का खुलासा किया। वन विभाग द्वारा इस जघन्य अपराध पर कठोर कदम उठाते हुए वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की विभिन्न धाराओं तथा लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम, 1984 की धाराओं के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 20771/12 दिनांक 18 नवम्बर दर्ज किया गया है। वन अमले ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों अन्तू पिता गौतर बैगा, सखुराम पिता रामासिंह बैगा, सोनेलाल पिता सुखराम बैगा, कमलेश पिता चमरू यादव एवं इन्दर पिता शतुर बैगा को 19 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। प्रकरण की विस्तृत विवेचना के लिए 14 दिन के रिमाण्ड हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। मामले की जांच को और मजबूत करने हेतु अचानकमार टाइगर रिजर्व, लोरमी से विशेष डॉग स्क्वॉड को बुलाया गया, जिसमें घटनास्थल की सघन जांच कर महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए गए। पुलिस विभाग के सहयोग से पूरी कार्रवाई प्रभावी ढंग से पूर्ण की गई। कवर्धा वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल के निर्देशन तथा अधीक्षक भोरमदेव अभ्यारण्य के मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया गया। विभाग ने कहा वन्यजीव अपराधों के खिलाफकड़ी से कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी और अभ्यारण्य क्षेत्र में निगरानी और मजबूत की जाएगी। वन विभाग ने अपील की है कि किसी भी संदिग्ध वन्य गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी वन अमले को दें, ताकि वन्यजीव संरक्षण को प्रभावी बनाया जा सके।

मोहारा धान खरीदी केन्द्र का महापौर ने किया निरीक्षण

- खरीदी केन्द्र में अन्नदाताओं से ली जानकारी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महापौर मधुसूदन यादव आज शहर के मोहारा वार्ड में निरीक्षण के लिये पहुँचे। इस दौरान उन्होंने ढाबा सोसायटी अंतर्गत स्थित धान खरीदी केन्द्र मोहारा का औचक निरीक्षण किया। महापौर के साथ जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, राजनांदगॉव के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, पार्षद आलोक श्रोती, बैंक के शाखा प्रबंधक मनीष श्रीवास्तव सहित प्रभारी प्रबंधक मुकेश बंछोर उपस्थित रहे और महापौर के साथ धान खरीदी का जायजा लिया। धान खरीदी केन्द्र के प्रभारी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने किसानों की धान खरीदी प्रक्रिया निर्बाध एवं सुचारू रूप से संचालित होने की जानकारी दी। महापौर की टीम ने सोसायटी में धान विक्रय के लिये पहुँचे किसानों से पृथक-पृथक एवं सामूहिक रूप से चर्चा करके धान खरीदी केन्द्रों में उपलब्ध सुविधाओं एवं व्याप्त समस्याओं के संबंध में फीडबैक (प्रतिक्रिया) लिया। महापौर की टीम ने धान खरीदी केन्द्र के कर्मचारियों की हड़ताल के कारण धान खरीदी में आ रही किसी भी प्रकार की परेशानी के संबंध में अन्नदाताओं से पूछताछ की, जिसमें किसानों के द्वारा कोई परेशानी ना होने की बात कही गई एवं बारदाना की उपलब्धता को भी पर्याप्त बताया गया।

न्यूज गैलरी

नक्सल विरोधी अभियान के दौरान आशीष शर्मा शहीद

राजनांदगांव। महाराष्ट्र, बालाघाट एवं छत्तीसगढ़ (राजनांदगांव/खैरागढ) एवं केंद्रीय सुरक्षा बल की टीमों द्वारा संयुक्त नक्सल विरोधी आपेरशन निकाला गया था। जिसमें ऑपरेशन के दौरान छग जिला राजनांदगांव, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ के बार्डर में थाना बोरतलाव क्षेत्रन्तर्गत कंघुर्रा मैदान में पुलिस एवं नक्सली मुठभेड़ में जिला बालाघाट के हॉक इंस्पेक्टर आशीष शर्मा, जो की पूर्व में तीन बार गैलेंट्री पदक से सम्मानित रहे को एक्सचेंज ऑफ़फायर होने पर, डोंगरगढ़ अस्पताल लाया गया, उपचार के दौरान वीरगति को प्राप्त हुये। विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने संदेश में लिखा कि डोंगरगढ़ के जंगलों में नक्सली विरोधी अभियान के दौरान जवान आशीष शर्मा के शहीद होने की खबर अत्यंत दुखद है। मातृभूमि की रक्षा में दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि आशीष की वीरता, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा को देश हमेशा सम्मान के साथ याद रखेगा।

शिक्षकों छात्रों ने ली नशामुक्ति की शपथ

खैरागढ़। रश्मि देवी शासकीय महाविद्यालय , कन्या महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में दोनों महाविद्यालयों के सहायक प्राध्यापकों अतिथि व्याख्याताओं तथा छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.ओ .पी. गुप्ता ने छात्र-छात्राओं से जीवन में कभी नशे एवं धूम्रपान का सेवन नहीं करने,अपने परिवार एवं समाज को नशा मुक्त करने के लिए अपना योगदान देने की प्रेरणा दी । वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जे. के. साखरे ने छात्र-छात्राओं को नशे एवं धूम्रपान से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य जनक परिणामों की जानकारी देते कहा कि आजीवन स्वस्थ रहने नशे एवं धूम्रपान से दूर रहना है।

धान खरीदी का किया शुभारंभ

खैरागढ़। जिले के मुढ़ीपार एवं गातापार जंगल धान खरीदी केन्द्र मे धान खरीदी का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष डा बिसेशर साहू ने तराजू की पूजा कर की। इस दौरान घम्मन साहू दिनेश वर्मा शैलेंद्र त्रिपाठी लखन साहू शैलेंद्र मिश्रा पुरुषोत्तम साहू गोरेलाल वर्मा मौजूद रहे । डा साहू ने इस दौरान धान बेचने पहुँचे किसानो से चर्चा कर कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव सरकार किसानो के उपज का एकएक दाना खरीदकर देश मे सबसे ज्यादा समर्थन मूल्य प्रदान कर रही है। समिति मे कर्मचारियो से किसानो के धान खरीदी के दौरान बेहतर व्यवस्था बनाए रखने, समय पर धान की तौलाई करने किसानो को किसी प्रकार की परेशानी नही होने देने कहा।

राजधानी में होगा क्षत्रिय स्वाभिमान न्याय महापंचायत, लाखों की संख्या में जुटेंगे राजपूत समाज

श्री राष्ट्रीय करणी सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत ने किया आव्हान, पुलिस की बर्बरता का होगा विरोध

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में श्री राष्ट्रीय करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तोमर का जुलूस निकाले जाने के मामले में अब राजपूत समाज पूरी तरह विरोध में उतर आया है। रायपुर पुलिस की बर्बरता के विरोध में श्री राष्ट्रीय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत ने रायपुर पुलिस की कार्यशैली को कटघरे में खड़ा कर दिया है। पुलिस की कार्यशैली को मानवाधिकार के विपरीत बताते हुए उन्होंने राजधानी रायपुर में 7 दिसंबर को 'क्षत्रिय स्वाभिमान न्याय महापंचायत' का आयोजन करने की घोषणा की है। इस आयोजन में देशभर के करणी सेना संगठन से जुड़े कार्यकर्ता तथा राजपूत समाज के लाखों लोग राजधानी पहुंचकर रायपुर पुलिस की कार्यशैली के खिलाफ विशाल प्रदर्शन करेंगे।

प्रमुख शेखावत राजनांदगांव पहुंचे। उन्होंने छत्तीसगढ़ श्री राष्ट्रीय करणी सेना प्रदेश उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह से सौजन्य भेंट की तथा संगठन से जुड़े लोगों के साथ समाज की गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की। प्रमुख शेखावत ने कहा कि आज से आमंत्रण यात्रा का शुभारंभ हो गया है। उन्होंने कहा कि रायपुर पुलिस ने जो एफआईआर उनके ऊपर दर्ज की है, उसकी गिरफ्तारी देने के लिए वे छत्तीसगढ़ पहुंचे हैं। पुलिस समाज के लोगों को प्रताड़ित कर रही है। ऐसी स्थिति में 7 को देशभर से राजपूत समाज के लोग जुटेंगे और पुलिस के खिलाफबड़ा प्रदर्शन करेंगे। हमारी मांग है कि रायपुर पुलिस समाज की बहू-बेटियों की अस्मिता पर हाथ डालेगी तो इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

करणी सेना प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तोमर के मामले में पुलिस ने पहले उनके प्रति बर्बरतापूर्ण रवैया अपनाया और फिर उनके परिवार की महिलाओं के साथ अभद्रता की। चूंकि हमारी बहन-बेटियों की अस्मिता पर हाथ डाला गया है, इसलिए इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा कि रायपुर पुलिस ने करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तोमर को नंगे पांव जुलूस निकालकर उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया. जिसका पूरा राजपूत समाज विरोध करता है। इसके साथ ही पुलिस ने परिवार की महिलाओं के साथ भी अभद्रता की, जो कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। क्षत्रिय समाज के साथ इस प्रकार की घटना को करणी सेना किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

एसआईटी गठित करें, न्याय दें

उन्होंने मांग की कि इस मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जाए और पीड़ित परिवार को न्याय दिया जाए। छत्तीसगढ़ सरकार से उन्होंने अपील की है कि पीड़ित परिवार की बात सुनी जाए तथा भविष्य में छत्तीसगढ़ में राजपूत समाज के किसी भी व्यक्ति के साथ पुलिस न्यायसंगत व्यवहार करे।

कार्यवाही हुई तो होगा बड़ा आंदोलन और घेराव

- हड़ताली समिति कर्मचारियों पर एफआईआर, निलंबन और बर्खास्तगी से बड़ा आक्रोश

खैरागढ़/नवप्रदेश। धान खरीदी के दौरान ही चार सुत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल मे चल रहे समिति कर्मचारियो पर सरकार द्वारा प्रतिबंधात्मक कार्यवाही के विरोध मे सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने आक्रोश जताते उपपंजीयक सहकारी संस्थाए को ज्ञापन सौंप कार्यवाही का विरोध जताते उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

उपपंजीयक आरके झा को सौंपे ज्ञापन मे सहकारी समिति कर्मचारी संघ की जिला इकाई ने कहा कि शासन और प्रशासन स्तर पर हड़ताल की विधिवत जानकारी दिए जाने के बाद कर्मचारी संघ अपनी जायज मांगो को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहा है । सरकार द्वारा मांगो के समर्थन मे कार्यवाही किए जाने की बजाय कर्मचारियो के खिलाफ निलंबन, एफआईआर सहित बर्खास्तगी की कार्यवाही की जा रही है जो पूरी तरह नाजायज है । पिछले 3 नवंबर से जारी हड़ताल की जानकारी दिए जाने के बाद भी हड़ताली कर्मचारियो के खिलाफएफआईआर किए जाने का विरोध जताते कर्मचारी संघ ने कहा कि खैरागढ़ जिले के किसी भी हड़ताली समिति कर्मचारियो के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्यवाही होने पर जिला संघ पंजीयक कार्यालय का घेराव करेगा। इसके लिए उग्र आंदोलन की चेतावनी देते संघ ने इसकी संपूर्ण जवाबदारी प्रशासन और विभागीय अधिकारियो पर होने का हवाला देते कहा कि जिन कर्मचारियो के ऊपर एफआईआर, निलंबन और बर्खास्तगी की कार्यवाही की गई हे उसे एक दिन के भीतर निरस्त किया जाए । मांग पूरी नही होने पर कर्मचारी संघ रैली निकालकर घेराव करेगा।

प्लास्टिक मुक्त अभियान के लिये अनूठी पहल

- समाजसेवी राजेश सिन्हा ने बेलमांड में दिए 200 थाली गिलास, ग्रामीणों से भरवाया शपथ पत्र

बालोद/नवप्रदेश। सुप्रसिद्ध कथा वाचक कामता प्रसाद शरण द्वारा रामचरितमानस गान का कार्यक्रम बेलमांड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी राजेश सिन्हा निवासी ग्राम सिर्राभाटा ब्लॉक गुण्डरदेही द्वारा विगत वर्षो से बालोद जिले के कई गांवों को प्लास्टिक मुक्त आदर्श गांव बनाने थाली गिलास दिया जा रहा है। बेलमांड के ग्राम विकास समिति को 200 नग स्टील थाली और 200 स्टील गिलास प्रदान किया गया। बेलमांड गांव में अब मांगलिक कार्यक्रम या मृत्यु भोज का अवसर होने पर सिंगल यूज प्लास्टिक के दोना पत्तल का उपयोग नहीं किया जाएगा। बेलमांड ग्राम में स्टील के थाली-गिलास का उपयोग किया जाएगा। प्लास्टिक के दोना पत्तल डिस्पोजल के कारण पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। इसे रोकने के लिये समाजसेवी राजेश कुमार सिन्हा के छोटे भाई खिलावन सिन्हा द्वारा स्टील-थाली गिलास का सेट प्रदान किया गया। डिस्पोजल, पतरी, प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने के लिए बेलमांड के ग्रामीणों ने शपथ पत्र भी भरा है। कार्यक्रम में अमृता नंद सिन्हा, बलराम सिन्हा, महेंद्र साहू ग्रामीण अध्यक्ष, सचिव हरिशंकर, मन्नू लाल साहू, सरपंच चमेली बाई, मिलन साहू, गोवर्धन साहू, द्वारिका प्रसाद, रोमन मंडावी, दीनबंधु साहू, मुकेश साहू, धनुष राम ठाकुर, प्रहलाद साहू, घनश्याम, प्रभु राम, तिहारू राम, हरीश दुबे, मनोज सेन सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

भरतनाटयम, कत्थक और छाऊ से होगी रामायण की प्रस्तुति

- खैरागढ़ महोत्सव मे आज दूसरा दिन: शास्त्रीय गायन और सितार वादन का होगा संगम

खैरागढ़/नवप्रदेश। खैरागढ़ महोत्सव के दूसरे दिन आज ख्यातिलब्ध कलाकार और शास्त्रीय गायक पं हरीश तिवारी दिल्ली का शास्त्रीय गायन, पदमभूषण सितार वादक पं बुधादित्य मुखर्जी कोलकाता का सितार वादन, दिल्ली के व्योमेश शुक्ला एवं टीम द्वारा राम की शक्ति पूजा और स्थानीय कलाकार डा पीसीलाल यादव एवं समूह द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम दूधमोंगरा की प्रस्तुति होगी । तीन दिवसीय खैरागढ़ महोत्सव मे पहले दिन अंतर्राष्ट्रीय कलाकार और प्रसिद्ध सेक्सोफोन वादक बेंजामिन बून ने जमकर तालियां बटोरी । आज दूसरे दिन आयोजित के कार्यक्रम विवि के संगीत संकाय के छात्रो की प्रस्तुति के साथ शुरू होगा । दूसरे प्रमुख कार्यक्रम में किराना घराने के प्रतिनिधि और भारतरत्न पं भीमसेन जोशी के शिष्य पं हरीश तिवारी शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति देंगें । पं तिवारी आकाशवाणी के टाप ग्रेड कलाकार है उन्हे साहित्य कला परिषद, सुरमणि , वरिष्ठ फैलोशिप व नाद श्री सम्मान से नवाजा जा चुका है । तीसरी प्रस्तुति देने वाले पं बुधादित्य मुखर्जी सितार वादन करेंगे । मुखर्जी इमदाद घराने के प्रतिनिधि के रूप मे हजारो प्रस्तुतियां दे चुके है । पं मुखर्जी को पदमभूषण, कुमार गंधर्व, संगीत नाटक अकादमी कालीदास सम्मान से सम्मानित किया गया है । चौथी प्रस्तुति मे राम की शक्ति पूजा मे व्योमेश शुक्ला अपनी प्रस्तुति मे साहित्य, नृत्य और संगीत का संगम करते भावो को भरतनाटयम, छाऊ, कथक और शास्त्रीय संगीत के माध्यम से अभिव्यक्त करेंगे । इस दौरान संगीत कला मे ही भगवान राम के संघर्ष, साधना, आत्मबल का मंच पर सुंदर चित्रण होगा । आखिरी प्रस्तुति मे डा पीसीलाल यादव द्वारा निर्देषित छत्तीसगढ़ी लोककला और संस्कृति कार्यक्रम दूधमोंगरा की प्रस्तुति होगी।

एसआईआर फॉर्म भरने परियोजना अधिकारी ने की अपील

सहसपुर लोहारा/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत नगर पंचायत क्षेत्र में विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में परियोजना अधिकारी एमबाविवीएस लोहारा रीना ठाकुर ने कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं एसडीएम शिल्पा देवांगन के मार्गदर्शन में नगर पंचायत अंतर्गत कुल 06 मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और उन्हें निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी पात्र नागरिकों तक पहुंचकर एसआईआर फॉर्म भरवाने पर विशेष जोर देने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता के लिए इस फॉर्म को भरना महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन करने एवं त्रुटियों को सुधारने में आसानी होती है।

आयोजन | **जल्द होगा हैहैयवंशी कसेर समाज के भवन का निर्माण : महापौर**

हैहैयवंशी कसेर समाज ने मनाई महाराज सहस्त्रबाहु जयंती

राजनांदगांव/नवप्रदेश। हैहैयवंशी कसेर समाज राजनांदगांव द्वारा आज महाराज सहस्त्रबाहु (सहस्त्रार्जुन) जयंती हर्ष व उत्साह के साथ मनाई गई। समाज के वरिष्ठजनों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों की गरिमामयी उपस्थिति में मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव, महापौर नगर पालिक निगम राजनांदगांव, विशिष्ट अतिथि विद्या ताम्रकार, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चौकी, वर्षा शरद सिन्हा, सभापति महिला बाल विकास, नगर निगम राजनांदगांव, हैहैयवंशी कसेर समाज राजनांदगांव अध्यक्ष लेनिन कसार, सचिव नीलेश हरिहारनो, महिला मंडल अध्यक्ष सुनीत हरिहारनो, सचिव पिंकी हरिहारनो की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाराज सहस्त्रबाहु जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। समाज के पदाधिकारियों ने महाराज सहस्त्रार्जुन के शौर्य, त्याग, न्यायप्रियता तथा समाज उत्थान के आदर्शों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने बताया कि महाराज सहस्त्रबाहु भारतीय संस्कृति के महान क्षत्रिय प्रतापी राजा थे, जो सदैव धर्म और सत्य के मार्ग पर चले।

इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन प्रस्तुतियाँ व समाज के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया गया। समाज की सक्रिय महिलाओं और युवाओं ने भी कार्यक्रम के संचालन और व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रथम पृष्ठ का शेष

हिडमा के बाद फिर सात नक्सली ढेर, 50 गिरफ्तार

है। आंध्रप्रदेश की ग्रेहाउंड्स ने नक्सलियों को चारों तरफ से घेर रखा है। सुरक्षा बलों ने इस मुठभेड़ में सात नक्सलियों को मौत के घाट उतार दिया है। चार पुरुष नक्सली और तीन महिला नक्सलियों के शव बरामद कर लिये गये हैं।

फिलहाल, जिन नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि हुई है, उनमें नक्सली मेटरू जोगा राव उर्फ टेक शंकर, सीता, ज्योति और कई अन्य बड़े कैडर के नक्सली शामिल हैं। सुरक्षा बलों का सर्चिंग ऑपरेशन जारी है। मौके से कई महत्वपूर्ण सामग्री, हथियार और उपकरण बरामद किए गए हैं। बता दें कि मंगलवार को इसी क्षेत्र में फोर्स ने एक करोड़ रुपये के इनामी नक्सली हिड़मा को उसकी पत्नी समेत छह नक्सलियों ढेर किया था।

सूत्रों के मुताबिक, गिरफ्तार 50 नक्सलियों में बस्तर संभाग के जगरगुंडा, केरलापाल एरिया कमेटी समेत कई सक्रिय नक्सली अरेस्ट किये गये हैं। नक्सली मदन्ना उर्फ जग्गु दादा को भी फोर्स ने दबोचा है। बस्तर इलाके में चर्चित एरिया कमांडर सोड़ी मनीला भी गिरफ्तार हुई है। पिछले दो दिनों में नक्सल संगठन को अब तक का सबसे बड़ा झटका लगा है। अब तक का सबसे बड़ा नुकसान हुआ है।

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जेरोम फर्नानडीज पिता स्व. वी.एच. फर्नानडीज निवासी हुडको भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा रोसलीन फर्नानडीज पिता/पति वी.एच. फर्नानडीज की जन्म/मृत्यु दिनांक 26.06.2015 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.11.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.11.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नारायण प्रसाद साहू पिता रामसिंग साहू निवासी उरला दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा फुलकुंवर साहू पिता माखनलाल साहू की जन्म/मृत्यु दिनांक 10.04.2012 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.11.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.11.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202509103800027 /अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदक सगीर अहमद पिता बशिर अहमद, निवासी तकियापारा दुर्ग द्वारा दुर्ग नजूल स्थित भूमि शीट क. 45 सी, भूखण्ड क. 89/1, क्षेत्रफल 14.00 वर्गमीटर भूमि जो कि कृष्ण कुमार पिता नाथू राम लांजीवार के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारा पंजीकृत बयनामा दिनांक 21.08.2025 आवेदक के पक्ष में निष्पादित किया गया है। उक्त आधार आवेदक द्वारा धारक का नाम विलोपित कर स्वयं के नाम नामांतरण दर्ज किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27.11.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.09.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अण्डा सर्कल जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202511101200040 /अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र. कं 202511101200040/ अ-6 वर्ष 2025-26 आवेदक राजेन्द्र देशमुख आ. स्व. सुखदेव देशमुख निवासी ग्राम जंजगिरी, तहसील व जिला दुर्ग, छ.ग. के द्वारा कास्तकार ग्राम-भानपुरी प.ह.नं. 36 रा.नि.म. अण्डा, तहसील व जिला दुर्ग स्थित खसरा नंबर 894 रकबा 1.3300 हे. भूमि संयुक्त खाते में आवेदक व अन्य सहखातेदार के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज हैं। उक्त भूमि के सहखातेदार श्रीमती बेदू बाई देशमुख पति स्व. सुखदेव देशमुख का मृत्यु दिनांक 15.12.2023 को हो जाने पर मृतिका सहखातेदार के नाम को राजस्व अभिलेख से विलोपित कर शेष खातेदारों का नाम यथावत रखे जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 08.12.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18.11.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार अण्डा जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202510103800010/अ-20(3)/वर्ष 25-26

मामले की श्रेणी-राजस्व

दुर्ग प.ह.न. 00019 हे.

पक्षकारों का विवरणः आवेदक पक्षकार- एस. श्रीकुमार/ अनावेदक पक्षकार : छ.ग. शासन

ईश्तहार

आवेदक एस.श्री कुमार पिता पी. आर.एस. पनिकर निवासी हुडको भिलाई के आवेदन अनुसार आमदी नगर हुडको भिलाई स्थित खसरा नं. 1/2, 2/2 का भाग, प्लाट नं. 1/946, रकबा 150.00 वर्गमीटर भूमि धारक पी.आर.एस. पनिकर पिता रामन पिल्लई के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारा पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 14.05.2009 आवेदक के पक्ष में निष्पादित किया गया है। धारक की मृत्यु दिनांक 19.04.2017 व उनकी पत्नि आर. ओमना अम्मा की मृत्यु दिनांक 18.08.2025 को हो चुकी है। उक्त आधार पर आवेदक द्वारा मृतक धारक का नाम विलोपित कर स्वयं के नाम पर नामांतरण किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.12.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवष्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा कराया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप। आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.11.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अण्डा सर्कल जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202511101200038 /अ-21/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र. कं 202511101200038 /अ-6 वर्ष 2025-26 आवेदक बिरेन्द्र कुमार पिता दुर्गाप्रसाद व अन्य-02 सभी निवासी ग्राम मचौद, तहसील गुण्डरदेही, जिला बलोद छ.ग. कास्तकार ग्राम कुथरेल प.ह.नं. 34 रा.नि.म. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित खसरा नंबर 516/2 रकबा 0.2000 हे. भूमि आवेदकगण (पारधी अनुसुचित जनजाति) के नाम से शामिलात रूप से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदकगण गैर आदिवासी सदस्य कुन्दन चंद्राकर पिता राधेश्याम चंद्राकर जाति कुर्मी निवासी ग्राम कुथरेल तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के पारा सम्पूर्ण भूमि को बेचने का सौदा कर लिया है एवं केता उक्त भूमि को खरीदने का अपना सहमति दे चुका है। उपरोक्त वर्णित भूमि को प्रस्तावित विक्रय हेतु जमीन खरीददार अनुसुचित जन जाति का सदस्य नही मिलने के कारण आवेदगण उक्त प्रस्तावित विक्रय हेतु जमीन को गैर आदिवासी उपरोक्त प्रस्तावित क्रेता के पास विक्रय की अनुमति दिये जाने आवेदन पत्र माननीय अ.वि.अ. (रा.) महोदय दुर्ग के पास प्रस्तुत किया गया है जो जांच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 08.12.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18.11.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार अण्डा जिला दुर्ग (छ.ग.)

मोबाइल नेटवर्क महीनों से खराब, सभापति की पहल पर कलेक्टर ने दिए जाँच के निर्देश

महासमुंद / नवप्रदेश। बसना जनपद पंचायत के सभापति एवं क्षेत्र क्रमांक 21 अंकोरी के जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा ने ग्रामीणों की गंभीर नेटवर्क समस्या को लेकर जिला कलेक्टर को विस्तृत ज्ञापन सौंपा था, जिसमें कई गाँवों में लंबे समय से नेटवर्क पूरी तरह बाधित रहने की बात प्रमुख रूप से उठाई गई थी।ज्ञापन में उन्होंने बताया कि जनपद क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत अंकोरी, कायतपाली, ठाकुरपाली, पलसापाली (अ), देवरी समेत आसपास के अनेक गाँव लगातार कमजोर नेटवर्क से परेशान हैं। कई स्थानों पर नेटवर्क दिनों नहीं, बल्कि महीनों से बंद है, जिससे शासन की योजनाएँ, अस्पताल संबंधी सेवाएँ, ऑनलाइन शिक्षा, बैंकिंग कार्य और राशन वितरण जैसी बुनियादी सुविधाएँ बाधित हो रही हैं।सिन्हा ने कहा कि ÷डिजिटल युग में नेटवर्क के बिना ग्रामीण जीवन ठप हो जाता है। शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण योजनाएँ भी सही तरीके से लागू नहीं हो पा रही हैं। यह समस्या अब जनजीवन को प्रभावित करने लगी है, इसलिए इसका समाधान आवश्यक है।÷ सभापति सिन्हा ने जिला प्रशासन की कार्रवाई पर संतोष जताते हुए कहा कि ÷यह ग्रामीणों के हित में बहुत महत्वपूर्ण कदम है, और उम्मीद है कि जल्द ही परिणाम दिखाई देंगे। कलेक्टर ने की त्वरित कार्रवाई–संबंधित विभाग को दिए जांच के निर्देश ज्ञापन मिलते ही जिला कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने समस्या की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए बिना देरी भारत संचार निगम लिमिटेड (ब्क्स्हरु) के अधिकारियों को तत्काल जांच एवं तकनीकी कार्यवाही के निर्देश जारी कर दिए।

200 यूनिट तक बिजली बिल हाफ, लाखों उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ : विधायक

महासमुंद। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधानसभा के वर्तमान भवन में एक दिवसीय सत्र की अंतिम बैठक में 200 यूनिट तक बिजली बिल हाफयोजना का लाभ देने की घोषणा की है। इस संबंध में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि हमारी सरकार ने 42 लाख बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत का ऐलान किया है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद ज्ञापित किया है। मंगलवार को विधानसभा भवन के अंतिम बैठक को यादगार बनाने के लिए जनता के हित में यह ऐतिहासिक फैसला लिया गया है, यह हमेशा के लिए यादगार रहेगा।

अपने वक्तव्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य सरकार पीएम सूर्यघर योजना के तहत लोगों को मुफ्त बिजली की ओर अग्रसर कर रही है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी भी दी जा रही है। प्रदेश में एक लाख से ज्यादा लोगों ने सोलर पैनल लगाने के लिए आवेदन दिया है। 11 हजार से ज्यादा पैनल लग चुके हैं। अभी भी पैनल लगाने की रफ्तार थोड़ी धीमी है। इसलिए राज्य सरकार ने लोगों को हाफ बिजली योजना का फायदा देने का फैसला किया है। इसके तहत प्रदेश की जनता के लिए लागू 100 यूनिट तक बिजली बिल की छूट योजना को बढ़ाकर 200 यूनिट तक कर रहे हैं।

42 लाख उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बताया कि प्रदेश में अब 400 यूनिट तक बिजली की खपत करने वाले उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक हाफ योजना का लाभ मिलेगा। इसमें 200 यूनिट तक बिजली खपत करने वाले 36 लाख, जबकि 200 से 400 यूनिट तक खपत करने वाले 6 लाख उपभोक्ता शामिल हैं। इस प्रकार कुल 42 लाख उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा।

1 दिसंबर को होगी लागू

प्रदेश में यह योजना 1 दिसंबर से लागू होगी। इससे 400 यूनिट तक खपत करने वाले सभी उपभोक्ताओं को अधिकतम 546 रुपए तक का लाभ होगा। जिन लोगों को पहले इतनी यूनिट बिजली खपत करने पर 2400 का बिल आता था। अब उनका 1850 रुपए के आसपास बिल आएगा। जबकि 100 यूनिट तक आने वाला 550 रुपए का बिल घटकर 280 तक हो जाएगा। जबकि 200 यूनिट तक खपत कर 1110 तक बिल पटाने वाले उपभोक्तों को अब 564 रुपए तक बिल ही देना होगा।

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत राज्य शासन की ओर से 1 किलोवॉट पर 15 हजार तथा 2 किलोवॉट व उससे अधिक क्षमता के प्लांट लगाने पर 30 हजार रुपए की सब्सिडी जारी रहेगी। इससे हाफ बिजली बिल से फ्री बिजली बिल तरफ अग्रसर होंगे। यह कदम उपभोक्ताओं का बिजली बिल कम करेगा और प्रदेश को उर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगा।

चार दिनों में 24 हजार क्विंटल धान की हुई खरीदी

महासमुंद / नवप्रदेश। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी धीरे धीरे गति पकड़ने लगी है। जिले के 130 समितियों के 182 उपार्जन केन्द्रों में से 47 केन्द्रों में पिछले चार दिनों में 24 हजार 626 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर सभी केंद्रों में पारदर्शी ऑनलाइन टोकन प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा, नमी मापक यंत्र, पर्याप्त बारदाना और अन्य सुविधाएं मुहैया कराई गई है, जिससे किसानों को कोई परेशानी ना हो। साथ ही धान बिक्री के साथ ही त्वरित भुगतान की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर सभी केन्द्रों में धान खरीदने की व्यवस्था किए गए हैं। महासमुंद जिले में किसान खरीदी केंद्रों में धान लेकर पहुंच रहे हैं। बरौंडाबाजार गांव के कृषक ताम्रध्वज साहू ने आज 13 एकड़ खेती से 150 क्विंटल धान बेचा।

बोकरामुड़ा कला शिविर में 340 व्यक्ति हुए शामिल

दिव्यांगजन प्रमाणीकरण, नवीनीकरण एवं सहायक उपकरण चिन्हांकन शिविर

महासमुंद / नवप्रदेश। जिला में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत अधिसूचित 21 प्रकार के दिव्यांगता के आधार पर दिव्यांगता धारक व्यक्तियों का प्रमाणीकरण करने, पूर्व में जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र के नवीनीकरण एवं यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए प्रथम चरण में विकासखण्ड स्तर शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में दिव्यांगजनों का प्रमाणीकरण, नवीनीकरण, सहायक उपकरण चिन्हांकन/मूल्यांकन शिविर का आयोजन विकासखण्ड बागबाहरा के ग्राम पंचायत बोकरामुड़ा कला में किया गया। शिविर में कुल 340 व्यक्ति सम्मिलित हुए। जिसमें पंजीयन 184, प्रमाणीकरण 55, नवीनीकरण 07, विभिन्न उपकरण चिन्हांकन 15 तथा यूडीआईडी कार्ड के लिए कुल 66 फार्म संकलन किया गया। इस दौरान जनपद पंचायत बागबाहरा अध्यक्ष केशव नायक राम चन्द्राकर द्वारा शिविर में सम्मिलित समस्त अधिकारी-कर्मचारियों एवं हितग्राहियों को नशे से दूर रहने एवं अपने देश-राज्य व जिले को नशामुक्त बनाने के लिए शपथ दिलाई गई।

शिविर जिला प्रशासन के निर्देश पर एवं उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती संगीता सिंह के मार्गदर्शन में तथा जनपद सीईओ एम.एल.मण्डावी, जिला चिकित्सालय महासमुंद के मेडिकल बोर्ड के समन्वय एवं जनपद पंचायत बागबाहरा के समाज शिक्षा संगठक मानसिंग बरिहा एवं जनपद पंचायत के अधिकारी/कर्मचारी के साथ समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

अगला शिविर 20 नवंबर 2025 को विकासखण्ड सरायपाली के ग्राम पंचायत जोगनीपाली में आयोजित किया जाएगा।

लक्ष्मीबाई की जयंती मनाई

महासमुंद। ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर दो सौ गुलाब और गेंदा फूल का पौधा गमले में लगाया गया। इस दौरान पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, पंच लतिका यादव, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, नंदिनी यादव, गुलशन चंद्राकर, युवराज सिंह चंद्राकर ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई ने भारत के इतिहास में अगर किसी एक स्त्री ने साहस, स्वाभिमान और स्वतंत्रता की लौ को अमर कर दिया था।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06अ/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक मोहम्मद परवेज खां पिता अताउल्ला खां निवासी तकियापारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग, प.ह.न. 19, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1042/63 रकबा 0.0130 हे. भूमि जो कि आवेदक एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। किन्तु वर्तमान राजस्व अभिलेख / ऑनलाईन में सहखातेदार का नाम नौशाबा पिता अताउल्ला एवं नसीन पिता अताउल्लाहत्र खां दर्ज है जो कि एक ही व्यक्ति का नाम दो भाग में अलग-अलग दर्ज हो गया है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। जबकि सहखातेदार का सही व पूरा नाम नौशाबा नसीम पिता अताउल्ला खां है जो आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में दर्ज है। जो कि सही एवं सत्य है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज ÷नौशाबा पिता अताउल्लाहत्र एवं नसीन पिता अताउल्ला खां÷ के नाम को सुधार कर ÷नौशाबा नसीम पिता अताउल्ला खां÷ दर्ज कर रिकार्ड शुद्ध किये जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.12.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.10.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

मै शपथकर्ती उषा बाई पति श्री सुनील निवासी मकान नं. 57, वार्ड नं. 16, ग्राम खपरी, जेवरा सिरसा तह. व जिला दुर्ग छ.ग. निम्न लिखित शपथ पूर्वक कथन करती हूँ। यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि मेरी पुत्री निमरिता सागर (NIMRITA SAGAR) का जन्म दिनांक 18/10/2012 को हुआ है जिसका जन्म पंजीयन 378 पंजीयन दिनांक 31/01/2015 है। यह कि उक्त जन्म प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक दस्तावेजो मे मेरी पुत्री का नाम निमरिता सागर (NIMRITA SAGAR)दर्ज है, जो कि सत्य एवं सही है, जबकि मेरी पुत्री के आधार कार्ड मेरी पुत्री का नाम ओवी सागर (OVEE SAGAR) दर्ज है। यह कि मैं अपनी पुत्री के आधार कार्ड अपनी पुत्री का पूर्ण व सही नाम निमरिता सागर (NIMRITA SAGAR) दर्ज करवाना चाहती हूँ, तथा भविष्य मे मेरी पुत्री को इसी नाम से जाना पहचाना व लिखा पढा जावेगा। यह कि उक्त शपथ पत्र छत्तीसगढ राजपत्र में मेरी पुत्री के परिवर्तित पूर्ण नाम को प्रकाशित किये जाने हेतु साक्ष्य स्वरूप सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
उषा बाई पति सुनील
निवासी मकान नं. 57, वार्ड नं. 16, ग्राम खपरी, जेवरा सिरसा
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

NAME CHANGE

It is Informed to the general public that, I Satish Singhrol s/o let Dayashankar Singhrol Resident H.No.2, G.E.Road, opp.Ganj Complex, Wd.36, Ganjpara Durg (C.G.) have changed my old name Satish Kumar Singhrol, So in future I sould be recognized by my new name that is Satish Singhrol in all Government & other documents.

Satish Singhrol s/o let Dayashankar Singhrol
Resident H.No.2, G.E.Road, opp.Ganj Complex, Wd.36, Ganjpara Durg (C.G.)

नाम परिवर्तन/सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शकूर खान पिता स्व.जब्बार खान, उम्र 57 वर्ष, पता-वार्ड नं.04, निजामी चौक, कृष्णा नगर, सुपेला भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग) का हूं मैंने अपनी पुत्री का पुराना नाम (MINHAZ VARSI) पिता (SAKUR VARSI) माता (NOORJAHAN VARSI) को बदलकर नया नाम मिन्हाज खान (MINHAAZ KHAN) पिता शकूर खान (SHAKUR KHAN) माता (NURJAHAN) रख लिया है। अत: अब मेरी पुत्री को भविष्य के समस्त शासकीय, अशासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम मिन्हाज खान (MINHAAZ KHAN) पिता शकूर खान (SHAKUR KHAN) माता (NURJAHAN) से जाना एवं पहचाना जावे।

शबना परवीन
अधिवक्ता- जिला न्यायालय
दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

पंजी. नं. 202511100600016 /अ-2/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती स्वाती चंद्रवंशी पिता/पति श्री प्रमोद वर्मा, निवासी- खोपली घुचापाली बागबाहरा महासमुंद तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) के द्वारा ग्राम- अमलेश्वर, प.ह.न. 03, तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 214/6 रकबा 0.0200 हे., भूमि पर आवासीय प्रयोजन में डायवर्सन कराने हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 25.11.2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन/सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अफसा खान पति श्री अमीरूद्दीन, उम्र 31 वर्ष, निवासी-म.नं. 117, वार्ड नं. 05 कृष्णा नगर, सुपेला भिलाई, तह.व जिला दुर्ग (छ.ग) की हूं। मैने अपना पुराना नाम पूजा (POOJA) पिता श्री दीनानाथ सिंह को त्यागकर नया नाम अफसा खान (AFSA KHAN) पति श्री अमीरूद्दीन रख लिया है। अब मुझे भविष्य के समस्त शासकीय अशासकीय, अर्धशासकीय दस्तावेजों में नया नाम अफसा खान (AFSA KHAN) पति श्री अमीरूद्दीन से जाना पहचाना व पुकारा जावे।

शबना परवीन
अधिवक्ता- जिला न्यायालय
दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अण्डा सर्कल जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202511101200038 /अ-21(1)/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्र.क्र.202511101200038/अ-21 (1) वर्ष 2025-26 आवेदक बिरेन्द्र कुमार पिता दुर्गाप्रसाद व अन्य-02 सभी निवासी ग्राम मचौद, तहसील गुण्डरदेही, जिला बलोद छ.ग. कास्तकार ग्राम कुथरेल प.ह.नं. 34 रा.नि.म. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित खसरा नंबर 516/2 रकबा 0.2000 हे. भूमि आवेदकगण (पारधी अनुसुचित जनजाति) के नाम से शामिलात रूप से राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदकगण गैर आदिवासी सदस्य कुन्दन चंद्राकर पिता राधेश्याम चंद्राकर जाति कुर्मी निवासी ग्राम कुथरेल तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के पास सम्पूर्ण भूमि को बेचने का सौदा कर लिया है एवं केता उक्त भूमि को खरीदने का अपना सहमति दे चुका है। उपरोक्त वर्णित भूमि को प्रस्तावित विक्रय हेतु जमीन खरीददार अनुसुचित जन जाति का सदस्य नहीं मिलने के कारण आवेदगण उक्त प्रस्तावित विक्रय हेतु जमीन को गैर आदिवासी उपरोक्त प्रस्तावित केता के पास विक्रय की अनुमति दिये जाने आवेदन पत्र माननीय अ.वि.अ. (रा.) महोदय दुर्ग के पास प्रस्तुत किया गया है जो जांच हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 08.12.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18.11.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, अण्डा जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार 04 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील -दुर्ग प.ह.न. 00004 अंजोरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430100100001

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00004 के अंतर्गत ग्राम अंजोरा के वर्तमान भूमिस्वामी बुधराम पिता/पति गणेशराम पता अंजोरा, बुधरु पिता/पति गणेशराम पता अंजोरा, बिरेन्द्र पिता/पति गणेशराम पता अंजोरा, कुमारीबाई पिता/पति गणेशराम पता अंजोरा, शिवकुमार पिता/पति गणेशराम पता अंजोरा, ललिता पिता/पति गणेशराम पता अंजोरा, के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1432(0.0200), 1615(0.2000) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता खिलेन्दर कुमार, वामन कुमार पिता/पति दोनो पिता स्व. बिरेन्द्र कुमार पता अंजोरा, काजल खरे पिता/पति दिलीप खरे पता अंजोरा, ललिता पिता/पति गणेशराम पता अंजोरा, रश्मि कुर्रे पिता/पति स्व. बिरेन्द्र कुर्रे पता अंजोरा, शिवकुमार पिता/पति गणेशराम पता अंजोरा, राकेश खरे, विवेक खरे पिता/पति दोनो पिता दिलीप खरे पता अंजोरा, बुधरु पिता/पति गणेशराम पता अंजोरा, सावित्री चतुर्वेदी पिता/पति बिरेन्द्र कुममार चतुर्वेदी पता अंजोरा, बुधराम पिता/पति गणेशराम पता अंजोरा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05.12.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 04 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13.11.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र/20231010040023 8 /अ-06अ/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री चन्द्रकुमार साहू पिता- आनन्द राम साहू निवासी कुथरेल वर्तमान पता - ग्राम कचांदुर तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम कचान्दुर प.ह.नं.- 12/17, रा.नि.मं. - दुर्ग-01, तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर - 680/1 का टु. रकबा 0.03 हेक्टेयर भूमि जो कि आवेदक के पिता की मृत्यु हो चुकी है उनके द्वारा भूमि नामांतरण कराकर ऋणपुस्तिका प्राप्त कर लिया गया किन्तु मैन्युअल व ऑनलाईन में अभिलेख दुरूस्त नहीं होने का लेख करते हुये रिकॉर्ड अद्यतन करते हुये वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 24.11.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.11.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग-01 (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202510103800015/अ-20(3)/वर्ष 25-26

मामले की श्रेणी-राजस्व

दुर्ग प.ह.न. 00019 हे.

पक्षकारों का विवरणः आवेदक पक्षकार- पी. वेलूगोन्डेय्या उर्फ पगडला वेलूगोन्डा रेड्डी

अनावेदक पक्षकार : छ.ग. शासन

ईश्तहार

आवेदक पी. वेलूगोन्हैय्या उर्फ पगडता वेलूगोन्डा रेड्डी पिता स्व. री पगडला चिन्नावेलूगोन्डा रेड्डी निवासी हुडको भिलाई के आवेदन अनुसार अनुसार आमदी नगर हुडको भिलाई स्थित नजूल भूमि खसरा नं. 1/2, 2/2 का भाग, प्लाट एल.आई.जी. 284, रकबा 96.00 वर्गमीटर भूमि बी.एस.पी. द्वारा पी. वेलूगोडेय्या के नाम पर आबंटित है। उक्त आधार आवेदक द्वारा स्वयं के नाम पर नामांतरण करते हुए नवीन पट्टा प्रदान करने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04.12.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवष्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा कराया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप। आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.11.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-27/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक कुंभकार पिता सत्यनारायण निवासी लुचकीपारा दुर्ग मौजा ग्राम थनौद प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. अंजोरा ख तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 296, 297/1 रकबा कुल 1.230 हे. को खाता विभाजन अलग-अलग ऋण पुस्तिका प्रदान किए जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 04.12.2025 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.11.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
कार्यालय-कार्यपालन यंत्री, उपकेन्द्र संभाग-दो, रावणभाटा, रायपुर

क्रमांक/52-68/क्रय/वाहन/1883 रायपुर, दिनांक : 19.11.2025

//निविदा आमंत्रण सूचना//

लाईट कॉमर्शियल वाहन पिकअप 2.0 टन अथवा समकक्ष वाहन के अस्थायी अल्पकालीन अनुबंध हेतु

कार्यपालन यंत्री, उपकेन्द्र, संभाग-दो, छ.स्टेट.पॉ.ट्रांस. कं लिमि., रावणभाटा, रायपुर के अंतर्गत सहायक यंत्री, 132 के.वी. उपकेन्द्र, राजिम के लिये वाहन चालक सहित 01 नग लाईट कॉमर्शियल वाहन (पिकअप 2.0 टन) अथवा समकक्ष वाहन के अस्थायी अल्पकालीन अनुबंध (दो वर्ष) हेतु पंजीकृत/उपयुक्त ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि व समय	निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय	निविदाओं को खोलने की निर्धारित तिथि व समय
दिनांक 08.12.2025 समय 05:00 बजे तक	दिनांक 09.12.2025 समय 03:00 बजे तक	दिनांक 09.12.2025 समय 04:00 बजे तक

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://cspc.co.in/csptcl_tendernotices से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
उपकेन्द्र संभाग-दो छ.ग.स्टे.पॉ.ट्रांस.लिमि., रायपुर

स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचायें

कार्यालय, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ
शासकीय सूकर प्रजनन प्रक्षेत्र
परचनपाल, जिला बस्तर

क्र./340/प्रक्षेत्र/कलिंग/2025-26 परचनपाल, दिनांक 15.11.2025

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शासकीय सूकर प्रजनन प्रक्षेत्र परचनपाल जिला बस्तर में विभिन्न नस्लों के 14 अनुत्पादित सूकरों (02 नर, 12 मादा) की नीलामी किया जाना है। इच्छुक बोलीदार दिनांक 02.12.2025 को सुबह 11 बजे कार्यालय शासकीय सूकर प्रजनन प्रक्षेत्र परचनपाल जिला बस्तर में उपस्थित होकर अधिकतम बोली लगातार राशि जमा करवाकर सूकर प्राप्त कर सकते हैं। http://bastar.gov.in में नियम एवं शर्तें दी गई है।

1. छंटनी किए गए सूकरों की नीलामी समिति द्वारा निर्धारित दर से अधिर दर पर किया जावेगा। निर्धारित दर से कम न्यूनतम दर आने पर नीलामी निरस्त किया जावेगा।
2. इच्छुक बोलीदार बोली लगाने के पूर्व 500.00 (पांच सौ रुपए मात्र) नगद राशि समिति के समक्ष जमा कराना अनिवार्य है, जो कि नीलामी प्रक्रिया समाप्त होने के उपरान्त संबंधित को वापस की जावेगी।
3. बोलीदार का बोली आने पर उनके द्वारा सूकर नहीं उठाया जाता है तो अमानत/ धरोहर राशि राजसात की जावेगी।
4. नीलामी में सम्मिलित होने वाले बोलीदारों को स्वयं का पहचान पत्र कोई एक (आधार कार्ड/पेन कार्ड/अन्य शासकीय पहचान पत्र) की सत्यापित प्रति पंजीयन के समय जमा कराना अनिवार्य होगा।

जी-252604867/2

पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ
शासकीय सूकर प्रजनन प्रक्षेत्र
परचनपाल, जिला बस्तर

कार्यालय, नगर पालिक निगम,रायपुर (जोन क्र. 5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.25978 दिनांक 19.11.2025
वार्ड का नाम-40- पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 40 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR569B00471 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती SATYAJEET SAHU पिता/पति DINESH KUMAR SAHU के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती DIPTI SHARMA, VINOD KUMAR SHARMA पिता/पति VINOD KUMAR SHARMA, GOKUL PRASAD SHARMA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे।

जोन कमिश्नर
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम,रायपुर (जोन क्र. 5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.26045 दिनांक 19.11.2025
वार्ड का नाम-42- महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 42 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR561E00039 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती NEELIMA MISHRA पिता/पति R.N. MISHRA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती RANI MISHRA पिता/पति ARUN MISHRA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे।

जोन कमिश्नर
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम,रायपुर (जोन क्र. 5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.26057 दिनांक 19.11.2025
वार्ड का नाम-40- पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 40 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR569A00639 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती RAJESH KUMAR पिता/पति PHOOLCHAND JAIN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती JAY BARMAT, VIJAY BARMAT, PRANJAL BARMAT पिता/पति RAJESH KUMAR JAIN, SURESH JAIN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ FAUTI NAMANTARAN/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे।

जोन कमिश्नर
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम,रायपुर (जोन क्र. 5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.25971 दिनांक 19.11.2025
वार्ड का नाम-40- पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 40 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR569E00173 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती GEETA DEVI WADHWANI पिता/पति LATE PARAS RAM WADHWANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती ANIL KUMAR SHRIVSTAVA, MADHU SHRIVASTAVA पिता/पति LALTA PRASAD SHRIVASTAVA, ANIL KUMAR SHRIVSTAVA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे।

जोन कमिश्नर
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
Zone-03
Email:- rmczone3@gmail.com

e-Procurement Tender Notice Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
(1st Call)

NIT NO:47/ZONE-3/2025-26 RAIPUR DATED: 19.11.2025

Online bids are invited for the following works up to 10.12.2025 at 17.30 hours.

Sr. No.	System Tender No.	Name of work/ Description of work	Probable amount of contract
01	180055	मदर टेरेसा वार्ड क्र. 47 अंतर्गत शासकीय उच्च माध्य. विद्या. जे.आर. नायडू रविग्राम रायपुर में आवश्यक मरम्मत कार्य।	11.00 Lacs

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 19.11.2025, 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Details and other documents.

NOTE:-
1. All eligible/Interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No.** 18004199140 or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ZONE COMMISSIONER
ZONE-03
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G)

कार्यालय कलेक्टर, जिला-बीजापुर, छत्तीसगढ़
(आदिवासी विकास शाखा)
-:: संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना ::-

निविदा क्र./आ.वि./एकलव्य/2152/2025

बीजापुर, दिनांक 18/11/2025

कलेक्टर (आदिवासी विकास शाखा) जिला बीजापुर की ओर से जिला अंतर्गत संचालित 04 एकलव्य आवासीय विद्यालयों भैरमगढ़/ बीजापुर/ दुगईगुड़ा/ रूद्रारम में लगने वाली खाद्यान्न/आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति करने हेतु उत्पादक/निर्माता फर्म एवं अधिकृत पंजीकृत पात्र फर्मों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। एकलव्य आवासीय विद्यालयों में लगने वाली आवश्यक सामाग्रियों की सूची निविदा प्रपत्र एवं निविदा की शर्तें एकलव्य संस्थाओं में आवेदन प्रस्तुत कर कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किया जा सकता है, या संस्था के वेबसाईट emrsbhairamgarh.ac.in में देख सकते हैं।

निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 02.12.2025 सायं 4.00 बजे तक
निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 10.12.2025 सायं 3.30 बजे तक
निविदा खोलने की अंतिम तिथि - 11.12.2025 प्रातः 11.30 बजे से
निविदा प्रपत्र का मूल्य - रुपये 500/- प्रति फार्म

जी-252604894/3

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास- बीजापुर

न्यूज गैलरी

पुलिस की सख्ती से अवैध नशे पर रोक

मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर/नवप्रदेश। जिले में इन दिनों पुलिसिंग का माहौल बदल गया है। नई एसपी रत्ना सिंह के नेतृत्व में अवैध नशीली सामग्री पर बड़ी कार्रवाई शुरू हुई, जिसके चलते नाबालिग वाहन संचालन, बिना हेलमेट ड्राइविंग और अवैध व्यापार पर सख्त रोक लगी है। चिरमिरी के टीआई विजय सिंह, मनेंद्रगढ़ के टीआई दीपेश सैनी, पोड़ी के टीआई राजवीर गायकवाड़ और खड़गवां के थाना प्रभारी सुनील तिवारी लगातार दबिश देकर अवैध काम करने वालों में दहशत फैलाए हुए हैं। विधानसभा के विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देशों पर अवैध नशे के खिलाफ यह अभियान तेज किया गया। नशीली दवाइयों, इंजेक्शन, जुए और सट्टे पर रोक लगने से कई संचालक फरार या जेल पहुंचे हैं। अवैध नशा उपलब्ध न होने पर नशे के आदी लोग अब सरकारी शराब दुकानों का रुख कर रहे हैं, जिससे शराब दुकानों के राजस्व में प्रतिदिन 50,000 से 70,000 रुपये तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

नवपदस्थ थाना प्रभारी ने ली गुंडा व निगरानी बदमाशों की परेड

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। नव पदस्थ थाना प्रभारी मनेंद्रगढ़ दीपेश सैनी ने अपराध नियंत्रण को सख्ती से लागू करते हुए थाना क्षेत्र के गुंडा बदमाश, निगरानी बदमाश और माफी बदमाशों को थाने में तलब कर उनकी परेड कराई। इस दौरान सभी को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में शामिल न हों और समय-समय पर थाना पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। थाना प्रभारी ने चेतावनी दी कि आगे भी ऐसे बदमाशों की नियमित चेकिंग जारी रहेगी और किसी भी व्यक्ति के आपराधिक गतिविधियों में शामिल पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा चनवारीडांड क्षेत्र में मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए लोगों को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक भी किया गया। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र की कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची का शुद्धिकरण कर अद्यतन करना

एसआईआर कार्य को युद्धस्तर पर निपटाएं, खराब प्रदर्शन पर होगी सख्त कार्रवाई

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम चल रहा है। विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत 4 दिसम्बर तक सत्यापन एवं घर-घर गणना कार्य किया जा रहा है। एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची का शुद्धिकरण कर सूची को अद्यतन करना है, ताकि निर्वाचक नामावली में किसी योग्य व्यक्ति का नाम न छूटे तथा किसी अयोग्य व्यक्ति का नाम न जुड़े।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर की प्रगति के संबंध में वर्चुअल बैठक ली गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित एनआईसी कक्ष ने एडीएम, एसडीएम तथा निर्वाचन से संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सभी बीएलओ को डोर-डोर-टू जाकर गणना प्रपत्र भरवाने तथा सभी एसडीएम को बीएलओ की सतत मानिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसआईआर कार्य को युद्धस्तर पर करने तथा खराब प्रदर्शन पर सख्त कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने नेटवर्क की समस्या वाले क्षेत्रों में चिन्हांकित जगहों में इंटरनेट एवं वाई-फाई की उचित व्यवस्था कर डिजिटाइजेशन कार्य में बेहतर प्रगति लाने निर्देशित किया। उन्होंने बेहतर मानिटरिंग सुनिश्चित करने प्रापर प्लानिंग करने तथा बीएलओ एवं एसआईआर कार्य में संलग्न फील्ड स्तर के अधिकारी-कर्मचारियों से प्रगति का नियमित प्रतिवेदन लेने और धीमी

प्रगति पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मायानंद चंद्रा ने बताया कि 5 से 8 दिसंबर तक कंट्रोल टेबल एवं ड्राफ्ट रोल की तैयारियों को अद्यतन किया जाएगा। इसके पश्चात 9 दिसंबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। प्रारंभिक प्रकाशन के बाद 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक दावा एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। दावा-आपत्तियों का निपटान 31 जनवरी तक पूर्ण कर लिया जाएगा, जबकि मतदाता सूची की शुद्धता के परीक्षण उपरांत 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। गणना पत्रक भरने हेतु सभी मतदाता अपने 2 नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो, जिसका बैकग्राउंड सफेद हो, तैयार रखें। ऐसे मतदाता, जिनका नाम 2003 एवं 2025 की मतदाता सूची में हो एवं ऐसे मतदाता जिनका नाम 2003 की सूची में न हो, लेकिन 2025 की मतदाता सूची में हो, लेकिन उनके माता-पिता का नाम 2003 की मतदाता सूची में दर्ज हो, ऐसे मतदाताओं को केवल 2003 की मतदाता सूची की छायाप्रति संलग्न करना है। अन्य दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है। ऐसे मतदाता, जिनका नाम एवं उनके माता-पिता का नाम 2003 की सूची में न हो। लेकिन उस मतदाता का नाम 2025 की सूची में हो, ऐसे मतदाताओं को जन्मतिथि के आधार पर, जिन मतदाताओं का जन्म 01 जुलाई 1987 से पहले है, तो अतिरिक्त दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है। जिनका जन्म 01 जुलाई 1987 से 02 दिसम्बर 2004 के बीच हुआ हो, वे अपना दस्तावेज एवं माता या पिता में से किसी एक का दस्तावेज देंगे। जिनका जन्म 02 दिसम्बर 2004 के बाद हुआ है, वे अपना, माता एवं पिता का (दोनों का) दस्तावेज देंगे।

वाहन चालक व वाहन मालिक पर एफआईआर दर्ज

अवैध धान खपाने यूपी से लाया जा रहा था धान, संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

बलरामपुर/नवप्रदेश। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वाड्रफनगर श्री नीरनिधि नंदेहा ने जानकारी दी है कि खाद्य निरीक्षक वाड्रफनगर को सूचना मिली की पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 64 टी 3538 से अवैध धान का परिवहन किया जा रहा था। जिसे संयुक्त टीम द्वारा पीछा करने पर ग्राम गिरवानी में पकड़ा गया। पिकअप में 60 बोरी अवैध धान लोड था जिसे जब्त किया गया। धान अवैध धान परिवहन करने के मामले में वाहन चालक और वाहन स्वामी पर एफआईआर दर्ज किया गया है। एसडीएम वाड्रफनगर के निर्देशानुसार खाद्य, मंडी एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा तहसील रघुनाथनगर अन्तर्गत ग्राम गिरवानी में अवैध धान परिवहन पर कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान समय रात लगभग 10:00 बजे, ग्राम गिरवानी में अवैध धान परिवहन करते एक पिकअप वाहन पकड़े गया। जिसमें भारी मात्रा में

धान लदा हुआ पाया गया। जांच के दौरान पूछताछ में वाहन चालक के द्वारा बताया गया कि उक्त धान उत्तर प्रदेश राज्य से अवैध रूप से छत्तीसगढ़ राज्य के अन्तर्गत बलरामपुर जिले में स्थित धान खरीदी केन्द्र/सोसाइटी में अधिक मूल्य पर विक्रय के उद्देदश्य से लाया जा रहा था। जिसे जप्त कर थाना रघुनाथनगर को सुरक्षित अभिरक्षा में रखने हेतु सुपुर्द किया गया।

गौरतलब है कि उक्त प्रकरण में संबंधित व्यक्तियों द्वारा अन्य प्रदेश के धान को स्थानीय छत्तीसगढ़ के कृषकों के खाते से बेचने के आशय से पूर्व नियोजित आपराधिक षड़यंत्र के अन्तर्गत छलपूर्वक आर्थिक लाभ प्राप्त करने तथा छत्तीसगढ़ शासन को आर्थिक क्षति पहुँचाने की दुराशय पूर्वक योजना बनाई गई। उनके द्वारा उत्तर प्रदेश से धान लाकर छत्तीसगढ़ में अधिक मूल्य पर विक्रय करने का प्रयास किया गया, जो राज्य सरकार की स्पष्ट नीति का उल्लंघन है। जिसमें केवल छत्तीसगढ़ के स्थानीय कृषकों द्वारा उत्पादित धान की खरीदी वैध मानी गई है। उक्त कृत्य भारतीय न्याय संहिता की धारा 61 (आपराधिक षड्यंत्र) एवं धारा 318 (छल) के परिधि में दण्डनीय है। इसके अतिरिक्त यह कार्यवाही छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के धारा 07 के अंतर्गत अवैध विक्रय भण्डारण एवं परिवहन के श्रेणी में आता है, जो कि आवश्यक वस्तु अधिनियम के धारा 10 (क) के अधीन संज्ञेय अपराध है। उक्त प्रकरण में की गई कार्यवाही का संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया गया है एवं दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही एवं अपराध में प्रयुक्त वाहन एवं जप्त खाद्यान को शासन के पक्ष में राजसात करवाने की त्वरित कार्यवाही की गई है। अनुविभागीय अधिकारी श्री नीरनिधी नंदेहा ने जानकारी दी है कि वाड्रफनगर अनुभाग अंतर्गत अब तक अवैध धान के लिए 03 एफआईआर दर्ज किया जा चुका है। साथ ही 10 पिकअप सहित लगभग 700 बोरी अवैध धान जब्त किया गया है। आगे भी अवैध धान पर कार्यवाही जारी रहेगी।

कलेक्टर ने मूल्यांकन समिति की ली बैठक

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कलेक्टर कुन्दन कुमार की अध्यक्षता में आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2025-26 की शेष अवधि के लिए प्रस्तावित नई गाइडलाइन दरों का विस्तृत अध्ययन, मूल्यांकन तथा अंतिम रूप देने से संबंधित विषयों पर व्यापक चर्चा करना रहा। कलेक्टर ने प्रस्तावित गाइडलाइन के विभिन्न बिंदुओं की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने भूमि मूल्य निर्धारण, पंजीयन शुल्क की दरों तथा उपबंध लागू होने के पश्चात इन दरों के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रभावों पर विस्तृत विमर्श किया। कलेक्टर ने कहा कि गाइडलाइन दरों के आधार पर जिले में संपत्ति से संबंधित क्रय-विक्रय, राजस्व प्राप्ति एवं पंजीयन प्रकरणों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है, इसलिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक प्रस्तावित संशोधन का वास्तविक परिस्थितियों एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए विश्लेषण किया जाए। इस दौरान पंजीयन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

विद्यार्थियों को समय के सदुपयोग, लक्ष्य निर्धारण और अनुशासन की महत्ता पर दिए मार्गदर्शन

■ विद्यार्थियों व लोगों को नशे के दुष्परिणामों से कराया अवगत

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में आज नशामुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा उन्हें स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल एवं जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने विद्यार्थियों को समय के सदुपयोग, लक्ष्य निर्धारण और अनुशासन की महत्ता पर मार्गदर्शन दिया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में समय और अवसर बार-बार नहीं मिलते। अभी का समय अध्ययन और व्यक्तित्व निर्माण का है, जिसे किसी भी स्थिति में व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया के संतुलित उपयोग और नशे से पूर्णतः दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम ही सफलता की असली कुंजी है। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने छात्रों और उपस्थित लोगों को नशे से दूरी बनाए रखने तथा समाज में अन्य लोगों को भी नशामुक्ति हेतु प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी ही राष्ट्र का भविष्य है और उन्हें स्वस्थ व नशामुक्त रहकर देश निर्माण में भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के उप संचालक नदीम काजी, प्राचार्य डॉ. आई.पी. यादव और स्कूल स्टाफ मौजूद रहे। इस दौरान जिले भर में नशामुक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें लगभग 30 हजार से अधिक नागरिकों, स्कूली एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों ने भाग लेकर नशे से दूर रहने और किसी भी प्रकार के नशे को नहीं अपनाने की शपथ ली। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं और नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु सभी से सहयोग की अपील की गई।

पीएमश्री स्कूल में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए दावा-आपत्ति 21 तक

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के पीएमश्री विद्यालयों में अंशकालीन योग, खेल शिक्षक और अंशकालीन संगीत प्रशिक्षक के पद पर भर्ती हेतु दावा-आपत्ति 21 नवंबर तक आमंत्रित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि सूची सहित अन्य जानकारी के लिए जिला कलेक्टोरेट स्थित कार्यालय शिक्षा अधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है।

राष्ट्रीय अविष्कार अभियानः जिले के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन और जिला शिक्षा अधिकारी एम.?आर. यादव के नेतृत्व में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत एक विशेष शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण कार्यक्रम में सभी विकासखण्डों से चयनित 100 बालक-बालिकाओं ने सरगुजा संभाग के प्रमुख शैक्षणिक एवं औद्योगिक संस्थानों का अवलोकन किया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने सरगुजा कृषि विज्ञान

केन्द्र, शक्कर कारखाना, राजमोहनी देवी कृषि महाविद्यालय (अजिरमा) तथा दरिमा हवाई पट्टी (अम्बिकापुर) का दौरा किया। विद्यार्थियों को इन संस्थानों को प्रत्यक्ष रूप से देखने और समझने का अवसर मिला। इस दौरान विशेषज्ञों ने बच्चों को आधुनिक तकनीकों, उद्योगों में होने वाली प्रक्रियाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। विद्यार्थियों ने विविध प्रयोगों, मशीनों, शोध कार्यो को करीब से देखा और समझा।भ्रमण के दौरान बच्चों में उत्साह देखने को मिला। जिला शिक्षा अधिकारी एम.?आर. यादव ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों में विज्ञान एवं नवाचार के प्रति रुचि बढ़ेगी। आगे भी समय समय पर ऐसे शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किए जाएंगे।

पशुपालन योजना, खेल मैदान से अतिक्रमण व पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने मिले आवेदन

■ जनदर्शन में अतिरिक्त कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कलेक्टोरेट में आज जनदर्शन का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनी और नियमानुसार निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

जनदर्शन में ग्राम बीजातराई के उत्तर साहू ने पशुपालन योजना का लाभ दिलाने,

ग्राम बोधापारा के युवाओं ने खेल मैदान से अतिक्रमण हटाने, ग्राम बलौदी के कोमल निर्मलकर ने आनलाइन रिकार्ड में सुधार कराने, ग्राम मोतिमपुर की कुमेश्वरी बंजारे ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम बीजातराई के शिवप्रसाद गबेल ने अपनी जमीन की पर्ची दिलाने, ग्राम घुण्डूकापा के दरबारी लाल साहू ने नल जल योजना के तहत स्वच्छ पेयजल दिलाने की मांग की। इसी तरह ग्राम तरवरपुर के उत्तरा चंद्राकर ने अपने पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने, ग्राम नवागॉव घुठेरा के मुकुट बिहारी केशरवानी ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिलाने, ग्राम लालपुर के श्यामजी लहरे ने प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने, कालीमाई वार्ड मुंगेली के संदीप कुम्भकार ने मिट्टी के बर्तन बनाने हेतु चाक मशीन दिलाने सहित अन्य आवेदकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। एसडीएम ने प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान संबंधित अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

आयोजन | पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने किया लोकार्पण व भूमिपूजन, करोड़ों के विकास कार्यो से बदल रहा है क्षेत्र का चेहरा

लखनपुर ब्लॉक के कुन्नी में विकास कार्यों की सौगात, ग्रामीणों में खुशी की लहर

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुन्नी में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने करोड़ों रुपये के विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया, जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुन्नी का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन, 10 करोड़ 42 लाख रूपए की लागत से पोड़ी से जगन्नाथपुर मार्ग पर रिहंद नदी पर उच्च स्तरीय पुल व पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य, 8 करोड़ 68 लाख रूपए की लागत से लिपिंगी से मुड़ापारा मार्ग पर रिहंद नदी पर उच्च स्तरीय पुल व पहुंच मार्ग, 26 करोड़ 63 लाख रूपए की लागत से अमगसी से कुन्नी 13 किमी लंबे मार्ग का मजबूतीकरण व चौड़ीकरण, 30 लाख रूपए लागत से महतारी सदन का निर्माण कार्य तथा 56 लाख रूपए की लागत से हाट-बाजार का निर्माण कार्य शामिल हैं।

इस अवसर पर मंत्री श्री अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कुन्नी और आसपास के क्षेत्रों के लिए इतने बड़े पैमाने पर निर्माण कार्यों की मंजूरी पहली बार मिली है। यह यहां के लोगों के लिए वरदान है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी

जायसवाल का भी धन्यवाद किया और बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन होने से स्टाफ भी 16 से बढ़कर 40 होगा, जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। मंत्री श्री अग्रवाल ने क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मैं सदैव आप सबके सुख-दुख में आपके साथ रहूंगा। क्षेत्र के लोग अब विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं, यह विष्णुदेव साय सरकार की देन है। करोड़ों के निर्माण कार्यों के भूमिपूजन ने ग्राम पंचायत कुन्नी व पूरे क्षेत्र को विकास की नई दिशा दी है। ग्रामीणों ने इसे सपनों का साकार होना बताते हुए पर्यटन मंत्री श्री अग्रवाल व साय सरकार के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह, उपाध्यक्ष देव नारायण यादव, जनपद अध्यक्ष शशिकला सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

तेज आवाज वाले मॉडिफाइड साइलेंसर बुलेट पर कार्रवाई, 5 हजार का काटा चालान

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। मनेंद्रगढ़ क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 18 नवम्बर को थाना प्रभारी मनेंद्रगढ़ दीपेश सैनी के नेतृत्व में ग्राम कठौतिया में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी क्रम में एक बुलेट वाहन में तेज आवाज़ वाले मॉडिफाइड साइलेंसर पाए जाने पर वाहन चालक पर 5,000 रुपये का चालान किया गया। साथ ही चालक से मॉडिफाइड साइलेंसर हटवाकर सामान्य साइलेंसर लगवाया गया और उसे कड़ी चेतावनी दी गई। पुलिस विभाग ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी ऐसी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुनिश्चित किया जा सके।

छत्तीसगढ़ के यात्रियों को नवी मुंबई के लिए मिलेगी नई फ्लाइट

1 फरवरी से होगा उड़ान का संचालन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के हवाई यात्रियों को रायपुर एयरपोर्ट से नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए सीधी फ्लाइट मिलेगी। विमानन कंपनी इंडिगो ने डीजीसीए से शैड्यूल के एप्रूवल के बाद नई उड़ान की घोषणा कर दी है। यह फ्लाइट एक फरवरी से रोजाना संचालित की जाएगी। विमानन कंपनी इंडिगो ने 25 दिसंबर से शुरू हो रहे नवी मुंबई अड्डे के लिए रायपुर से सीधी उड़ान का शेड्यूल जारी कर दिया है।

शेड्यूल के तहत इंडिगो की फ्लाइट 6ई2283 नवनिर्मित नवी मुंबई अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे से दोपहर 12.50 बजे उड़ान भरकर 14:35 बजे स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर पहुंचेगी। रायपुर एयरपोर्ट से इंडिगो की फ्लाइट 6ई2284 दोपहर 15:05 बजे उड़ान भरेगी तथा इसके नवी मुंबई एयरपोर्ट पहुंचने का समय 17:05 बजे तय किया गया है। इंडिगो सूत्रों के अनुसार कंपनी ने पहले चरण में रायपुर सहित देश के 21 शहरों को नवी मुंबई एयरपोर्ट से जोड़ने की तैयारियां की हैं। चरणबद्ध तरीके से ये उड़ानें रायपुर के साथ-साथक्ष अहमदाबाद, भोपाल, बंगलुरू, कोयम्बटूर, कोच्ची, चेन्नई, चंडीगढ़, दिल्ली, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, जम्मू, जेवर, मैंगलोर, कोलकाता, लखनऊ, गोवा (मोपा), नागपुर, श्रीनगर व बड़ोदरा के लिए संचालित की जाएंगी। नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (एनएमआईए) पहले चरण में 19 हजार 650 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। इसका उद्घाटन इस साल 8 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। इंडिगो ने 25 दिसंबर से नवनिर्मित नवी मुंबई हवाई अड्डे से उड़ानों के संचालन की तैयारियां की हैं।

10वीं व 12वीं सीजी बोर्ड की प्रायोगिक परीक्षा जनवरी में

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा 2026 के नियमित छात्र छात्राओं की प्रायोगिक परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। एक जनवरी 2026 से 20 जनवरी 2026 के बीच सभी मान्यता प्राप्त संस्थाओं में प्रायोगिक परीक्षा कराने का निर्णय लिया गया है। प्रायोगिक परीक्षाओं में आंतरिक और बाह्य दोनों प्रकार के परीक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। मंडल ने प्रदेशभर के सभी प्राचार्यों को दिशानिर्देश जारी कर समय-सीमा के अंदर प्रैक्टिकल परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए कहा है।

20 दिन में प्रैक्टिकल कराने प्राचार्यों को निर्देशः माध्यमिक शिक्षा मंडल ने प्रायोगिक परीक्षा को 20 दिन में कराने के निर्देश दिए हैं। मंडल ने प्राचार्यों को प्रैक्टिकल एक्जाम का ऐसा टाइम टेबल बनाने के लिए कहा है, जिससे कि 20 दिन में परीक्षा कार्य संपन्न कराया जा सके। परीक्षा के बाद अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि और शील्ड पेपर जमा करने की अंतिम तिथि भी जल्द घोषित की जाएगी। प्रैक्टिकल परीक्षाओं के बाद मंडल जल्द ही बोर्ड परीक्षाओं की समय सारणी जारी करेगा।

मेडिकल छात्रों से मारपीट कर मोबाइल तोड़ा, रॉड से भी हमला

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में निजी मेडिकल कॉलेज के कुछ छात्रों से मारपीट हो गई। छात्र अपने दोस्त के साथ चाय पीने गया था। इस दौरान छात्रों को कार सवार युवकों ने टक्कर मारी। फिर उससे ही मारपीट करने लगे। कुछ देर में आरोपियों ने अपने साथियों को बुला लिया। इस दौरान छात्रों के भी कुछ दोस्त वहां पहुंच गए। आरोपियों ने कार से रॉड निकाला और छात्रों पर हमला कर दिया। इस दौरान आसपास के लोगों ने बीचबचाव किया, तब जाकर मामला शांत हुआ। फिलहाल इस मामले में पीड़ित छात्रों ने पंडरी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। छात्र रानिल सिंह ने बताया कि वह अपने दोस्त रोहन पैकरा के साथ सोमवार की शाम चाय पीने के लिए साइंस सिटी सेंटर के पास जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे कार चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए छात्रों की मोपेड को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गिर गए। छात्रों ने अपने साथियों को बुलाया। इसी बीच कार चालक ने भी अपने साथियों को बुला लिया। इसके बाद उन्होंने रॉड से छात्रों पर हमला कर दिया। इस हमले में सभी छात्रों को काफी चोट आई है। इस दौरान आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया, तब जाकर आरोपी वहां से भागे।

मोतियाबिंद केस की रिपोर्ट: स्टरलाइजेशन प्रोटोकॉल में लापरवाही से फैला संक्रमण

रायपुर/नवप्रदेश। बीजापुर में हुए मोतियाबिंद ऑपरेशन प्रकरण की जांच रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को सौंप दी गई है। जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट संचालक स्वास्थ्य सेवाएं प्रियंका शुक्ला को सौंपते हुए संक्रमण की मुख्य वजह स्टरलाइजेशन मानकों का पालन न करना बताया है। साथ ही ऑपरेशन के बाद जागरूकता और फॉलोअप की कमी को भी बड़ी वजह माना गया है। ऑपरेशन में उपयोग की गई दवाओं के सैंपल भी लैब भेजे गए हैं, हालांकि दवाओं के कारण संक्रमण फैलने की संभावना कम मानी जा रही है, क्योंकि यही बैच प्रदेशभर में उपयोग हो रहा है और अन्यत्र ऐसी शिकायतें सामने नहीं आई हैं।

सुंदरनगर की इलेक्ट्रिक शॉप में सेंधमारी चोरों ने किया 95 हजार का सामान पार

रायपुर/नवप्रदेश। सुंदर नगर मिलेनियम चौक स्थित एक इलेक्ट्रिक दुकान में चोरों में सेंधमारी कर 95 हजार रुपए का सामान पार कर दिया। दुकानदार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। सुंदर नगर मिलेनियम चौक में रहने वाले दुकान संचालक इन्द्र कुमार देवांगन ने बताया कि 14 नवंबर की रात करीब 9.45 बजे वह रोज की तरह दुकान बंद कर घर चला गया। अगले दिन सुबह करीब 6.45 बजे दुकान पहुंचा तो शटर उखड़ा हुआ था, लेकिन ताला जस का तस लगा हुआ था।

पूर्व राज्यपाल कल करेंगे धर्मशाला का लोकार्पण

रायपुर/नवप्रदेश। ब्राह्मण पारा स्थित श्रीराधाकृष्ण स्वामी मुरली मनोहर सोहागा मंदिर धर्मशाला के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण 21 नवंबर को होगा। इसका उद्घाटन पूर्व राज्यपाल रमेश बैस करेंगे। वहीं कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे व महापौर मीनल चौबे शामिल होंगी।

28 को आएंगे पीएम मोदी, एयरपोर्ट से भाजपा कार्यालय तक रोड शो

रायपुर/नवप्रदेश। देश की 60वीं अखिल भारतीय डीजी आईजीपी कॉन्फ्रेंस पहली बार छत्तीसगढ़ में 28 से 30 नवंबर तक नवा रायपुर स्थित आईआईएम कैंपस में होने जा रही है। इसमें शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 नवंबर की शाम रायपुर पहुंचेंगे। उनके आवागमन पर रोड शो की तैयारी चल रही है। प्रधानमंत्री मोदी एयरपोर्ट से प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभठाकरे परिसर तक रोड शो करते हुए जा सकते हैं। इस दौरान रास्ते में 12 से अधिक स्वागत मंच बनाए जाएंगे। छत्तीसगढ़ की लोक कला और नृत्य की प्रस्तुति भी होगी। रोड शो के दौरान फुंडहर चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। शासन की ओर से रोड शो का प्रस्ताव पीएमओ को भेजा गया है, लेकिन दिल्ली में हुए बम ब्लास्ट और सुरक्षा कारणों से अभी अनुमति नहीं मिली है। चर्चा है कि रोड शो के रूट को छोटा कर कुंडहर चौक से प्रदेश कार्यालय तक सीमित किया जा सकता है।

53 डीजीपी रैंक के अधिकारी होंगे शामिल

डीजी कॉन्फ्रेंस में 33 राज्यों के डीजीपी के अलावा पैरामिलिट्री फोर्स के 20 डीजी/एडीजी रैंक के अधिकारी शामिल होंगे। बड़े राज्यों से डीजीपी के साथ दो अधिकारी और छोटे राज्यों से डीजी के साथ एक अधिकारी आएंगे। सभी राज्यों के गृह सचिव, केंद्रीय गृह मंत्रालय और आईबी की टीम मौजूद रहेगी। इस तरह कुल लगभग 300 वीआईपी रायपुर आएंगे। इनके लिए 650 गाड़ियों को व्यवस्था की गई है। डीजी, एडीजी और गृह सचिव स्तर के अधिकारियों के लिए 100 सफेद रंग की इनोवा गाड़ियां रिजर्व की गई हैं। अन्य राज्यों से भी वाहनों की मांग की गई है।

स्पीकर और वित्त मंत्री के बंगले में ठहरेंगे पीएम मोदी-गृहमंत्री शाह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ठहरने के लिए नवा रायपुर स्थित स्पीकर हाउस एम-1 को रिजर्व किया गया है। इसे प्रधानमंत्री के प्रवास के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह वित्त मंत्री ओपी चौधरी के एम-11 बंगले में ठहरेंगे। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, बंदी संजय कुमार, एनएसए अजीत डोभाल, डिप्टी एनएसए अनीश दयाल सिंह, आईबी चीफतपन डेका और केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन सहित अन्य वीवीआईपी नए सर्किट हाउस में रुकेंगे। कोई भी बीआईपी होटल या निजी संस्थान में नहीं ठहरेगा। सभी के लिए सरकारी भवनों में ही आवास व्यवस्था की गई है।

स्पीकर हाउस से आईआईएम तक 2000 फोर्स तैनात

नवा रायपुर में स्पीकर हाउस से आईआईएम तक करीब 2000 जवान तैनात किए जाएंगे। पीएम, एचएम, एनएसए और आईबी चीफ के ठहरने बाले इलाकों में एक-एक कंपनी सुरक्षा में लगाई जाएगी, जो तीन दिन तक वहीं तैनात रहेगी। संपूर्ण सुरक्षा की जिम्मेदारी एडीजी रैंक के अधिकारी को दी जाएगी। एडीजी दीपांशु काबरा या एडीजी प्रदीप गुप्ता को यह जिम्मेदारी मिल सकती है। आधा दर्जन आईजी, एक दर्जन डीआईजी और एसपी रैंक के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

दुर्ग ऊधमपुर एक्सप्रेस में स्वच्छता पर विशेष ध्यान: रेल कर्मचारियों को दिया गया गार्बेज मैनेजमेंट का प्रशिक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल द्वारा रेल परिसर और चलती ट्रेनों की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए विशेष स्वच्छता-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 18 नवम्बर को रायपुर स्टेशन पर गाड़ी संख्या 12549 दुर्गङ्कशहीद कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर एक्सप्रेस में कार्यरत ओबीएचएस स्टाफ और पैंट्रीकार कर्मचारियों को कचरा प्रबंधन पर विशेष काउंसलिंग दी गई।

वाणिज्य विभाग की स्पेशल टीम, सीसीई/रायपुर के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में कर्मचारियों को कचरा संग्रहण, वर्गीकरण, सुरक्षित निस्तारीकरण, तथा यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें चलती ट्रेन में स्वच्छ वातावरण बनाए रखने और स्वच्छता मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए।

सभी स्टाफको बताया गया कि नियमित एवं जिम्मेदार कचरा निपटान ट्रेन और स्टेशन परिसर की स्वच्छता के लिए अत्यंत आवश्यक है। काउंसलिंग के दौरान यह भी स्पष्ट किया गया कि स्वच्छता नियमों का पालन न केवल रेलवे के मानकों के अनुरूप है, बल्कि यात्री सुविधा और उनके यात्रा अनुभव को भी बेहतर बनाता है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी के निर्देशन मं चल रहे इस अभियान से उम्मीद है कि आने वाले दिनों में ट्रेन के भीतर स्वच्छता स्तर और मजबूत होगा ।

सांसद बृजमोहन की पहल, छत्तीसगढ़ को मिला 301.69 करोड़ का स्वच्छ वायु अनुदान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की जनता को स्वच्छ हवा और बेहतर पर्यावरण देने की दिशा में आज एक ऐतिहासिक कदम दर्ज हुआ है। लोकसभा में 19 अगस्त को नियम 377 के तहत छत्तीसगढ़ के पर्यावरणीय संकट को मुखरता से उठाने वाले रायपुर लोकसभा सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल की पहल पर केंद्र सरकार ने निर्णायक कार्रवाई करते हुए रायपुर, कोरबा और दुर्ग-भिलाई के लिए 301.69 करोड़ रुपये का स्वच्छ वायु अनुदान स्वीकृत किया है।

इनमें से अकेले रायपुर शहर को 151.59 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं– जो राजधानी के पर्यावरण सुधार के लिए अब तक का सबसे बड़ा वित्तीय पैकेज है। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने 18 अक्टूबर को सांसद अग्रवाल को पत्र लिखकर सूचित किया कि छत्तीसगढ़ के तीन बड़े शहर वायु गुणवत्ता मानकों को पूरा न करने के चलते राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम में शामिल किए गए हैं। कार्ययोजनाओं के क्रियान्वयन और प्रदर्शन आधारित मूल्यांकन के बाद इन शहरों को बड़ी राशि प्रदान की गई है। कोरबा शहर को मंत्रालय की प्रदूषण नियंत्रण योजना के तहत सहायता दी जाती है, जबकि रायपुर, दुर्ग और भिलाई जैसे 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों को 15वें वित्त आयोग के वायु गुणवत्ता अनुदान से वित्त पोषित किया जाता है।

यह सिर्फ अनुदान नहीं—छत्तीसगढ़ की सेहत का सुरक्षा कवच है : सांसद

बृजमोहन अग्रवाल-स्वच्छ वायु अनुदान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का आभार व्यक्त करते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, ÷यह राशि केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की करोड़ों जनता की सेहत और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। मैंने लोकसभा में यह मुद्दा उठाया क्योंकि स्वच्छ हवा हर नागरिक का अधिकार है। केंद्र सरकार ने जिस तत्परता और गंभीरता से हमारी बात मानी, उसके लिए मैं हृदय से आभारी हूँ।÷

उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए जारी प्रत्येक रुपये का उपयोग पारदर्शिता, जवाबदेही और जन-हित सर्वोपरि रखते हुए किया जाएगा। हमारा लक्ष्य स्पष्ट है स्वस्थ छत्तीसगढ़, सुरक्षित छत्तीसगढ़।

औद्योगिक क्षेत्रों की प्रदूषण स्थिति पर भी निर्णायक कदम–राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान ने रायपुर क्षेत्र में औद्योगिक स्रोतों से होने वाले प्रदूषण का विस्तृत अध्ययन किया है।

सम्मान निधि की 21वीं किश्त जारी, शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ के 24 लाख से ज्यादा किसानों को दी सौगात

रायपुर/नवप्रदेश। पीएम नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी कर दी है। धमतरी में आजोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और सीएम विष्णुदेव साय ने शिरकत की। इसी कार्यक्रम में किसानों को सौगात दी गई है।

पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी-आज प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त जारी की गई। जहां किसानों के बैंक खातों में भेजी गई। इस बार करीब 18,000 करोड़ रुपये की राशि सीधे बैंक खातों में ट्रांसफर की गई, इससे लगभग 9 करोड़ किसान लाभान्वित हुए। वहीं इससे छत्तीसगढ़ के 24.17 लाख किसानों को 494 करोड़ की राशि मिली।

सीएम साय ने जनता को दी बधाई -पीएम नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी कर दी। इसके तहत छत्तीसगढ़ के 24.17 लाख किसानों को 494 करोड़ की राशि ट्रांसफर की गई। वहीं सीएम विष्णु देव साय ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी किसानों को बहुत-बहुत बधाई देते हैं। शिवराज सिंह के पास जब हम जाते हैं।

छह रेत घाटों के लिए आवेदन कर सकेंगे 26 तक, 27 को होगी लॉटरी

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिले की पहली रेत घाट ऑनलाइन आवंटित कर दी गई है। इस एक रेत घाट के लिए 501 आवेदन मिले थे। जांच के दौरान 23 आवेदनों को निरस्त कर दिया गया था। ऑनलाइन लॉटरी में 478 आवेदनों को शामिल किया गया। इसमें जनक कुमार यादव का नाम निकला। बताया जा रहा है कि रेत सिंडिकेट की ओर से यह नाम डाला गया था। यानी इस रेत घाट का संचालन भी सिंडिकेट वाले ही करेंगे। अब जिले 6 रेत घाटों के लिए भी नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसमें गोबरा नवापारा की टीला-बी, चांपाझर-ए, चांपाइर-बी, आरंग तहसील की हरदीडीह-बी, कुरुद-सी एवं राटाकाट बी शामिल है। इन रेत घाटी के संचालन के लिए इच्छुक लोग 26 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। अफसरों के अनुसार सब ठीक रहा तो 27 नवंबर को कलेक्टोरेट परिसर में ही इसकी लॉटरी निकाली जाएगी। दावा किया जा रहा है कि ऑनलाइन नीलामी में रेत सिंडिकेट वाले ही शामिल हो रहे हैं। वे अलग-अलग नामों से लगातार आवेदन जमा कर रहे हैं। ऑनलाइन आवंटित टीला रेत घाट को लेकर विवाद भी चल रहा है। रेत घाट के सीमांकन के लिए पटवारी, तहसीलदार एवं खनिज निरीक्षक से जांच प्रतिवेदन मंगाया था। इसमें बताया गया था कि इस घाट के 500 मीटर की दूरी पर एक पुल बनाया जा रहा है।

60 लाख की कॉम्पेक्टर गाड़ी 8 महीने से डंप

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम में कचरा एकत्रित कर उसे ट्रेंचिंग ग्राउंड तक पहुंचाने में मददगार ट्रक कॉम्पैक्टर गाडी पिछले 8 महीने से निगम के वर्कशॉप में डंप हो चुकी है। बिना देखरेख के अभाव में इस गाड़ी का वह हिस्सा जहां कचरा एकत्रित कर रखा जाता है, वहां मिट्टी का ढेर लगा हुआ है। निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने बताया कि महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने सामान्य सभा में सफाई व गीला कचरा-सूखा कचरा अलग-अलग देने के लिए जनजागरण अभियान पर ही 8 करोड़ खर्च का प्रस्ताव पारित करा रही है। वहीं उनके अपने नगर निगम में हैवी काम्पेक्टर गाड़ी शॉकब खराब होने व इस पर आने वाले 4 लाख रुपये के खर्च का इंतजाम नहीं होने के कारण 9 महीने से डंप हो रही है।

निगम के जोन कमिश्नर शहर की व्यवस्था छोड़ धान खरीदी में जुटे

■ **निगम के जोन कमिश्नर शहर की व्यवस्था छोड़ धान खरीदी में जुटे**

रायपुर/नवप्रदेश। धान खरीदी केंद्रों में समितियों की हड़ताल के चलते वहां की जिम्मेदारी कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने नगर निगम रायपुर के जोन कमिश्नरों को दे दी है। इसके कारण वार्डों में सफाई, राजस्व और अन्य विकास कार्यों की जिम्मेदारी को छोड़ सभी दसों जोन कमिश्नर धान खरीदी केंद्रों में बतौर नोडल अधिकारी ड्यूटी दे रहे हैं। इतना ही नहीं, निगम के एडिशनल कमिश्नर विनोद पांडेय को भी धरमपुरा उपार्जन केंद्र की जिम्मेदारी सौंप दी गई है।

प्रतिपक्ष नेता आकाश तिवारी ने इस व्यवस्था का विरोध करते हुए कहा कि निगम के अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगातार उनके मूल कार्यों से हटाकर राज्योत्सव, जनगणना, एसआईआर जैसे कार्यों में लगा दी गई है। अब उपार्जन केंद्रों में समितियों के हड़ताल के बीच धान खरीदी 31 जनवरी तक चलेगी। ऐसे में यदि निगम अधिकारियों की ड्यूटी जारी रही तो शहर की मूलभूत सेवाएं और अधिक प्रभावित होंगी। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग के एसआईआर कार्य में भी बीएलओ की जिम्मेदारी निगम के कर्मचारियों को दी गई है।

इन उपार्जन केंद्रों के लिए दी गई जिम्मेदारी

- धरमपुरा विनोद पांडेय, एडिशनल कमिश्नर
- कचना जोन-5 कमिश्नर खीरसागर नायक
- सिलयारी जोन-2 कमिश्नर आर.के. डोंगरे
- गिरौद जोन-3 कमिश्नर श्रीमती प्रीति सिंह
- बोरियाकला जोन-8 कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल
- बोरियाखुर्द दतरेंगा जोन-6 कमिश्नर हितेंद्र यादव
- माना जोन-9 कमिश्नर अंशूल शर्मा
- सेजबहार जोन-10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे
- भाठागांव जोन-7 कमिश्नर राकेश शर्मा
- टाटीबंध जोन-1 कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी
- जोरा जोन-3 कमिश्नर श्रीमती प्रीति सिंह

कम्प्यूटर ऑपरेटर और इंजीनियर भी संलग्न

प्रत्येक उपार्जन केंद्र में टोकन जारी करने, खरीदी सूची तैयार करने और डेटा एंट्री के लिए निगम से एक-एक कम्प्यूटर ऑपरेटर की ड्यूटी लगाई गई है। कई स्थानों पर जोन कमिश्नर अपने इंजीनियरों की भी मदद ले रहे हैं। कुल मिलाकर दस कम्प्यूटर ऑपरेटर्स और कुछ इंजीनियर भी धान खरीदी कार्य में ड्यूटी कर रहे हैं।

इससे पहले भी राज्योत्सव का पूरा काम निगम पर डाल दिया गया था। उसी दौरान सामान्य सभा में पार्षदों ने आपत्ति जताई थी कि निगम आयुक्त विश्वदीप निगम कार्य छोड़ राज्योत्सव की व्यवस्था में लगे हुए थे, जिस पर सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने सफाई देते हुए कहा था कि सामान्य सभा की जिम्मेदारी अपर आयुक्त पंकज शर्मा को दी गई है।

डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जमा करने इस माह विशेष अभियान

रायपुर/ नवप्रदेश। राज्य शासन ने पेंशनरों की सुविधा के लिए नवंबर माह में डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जमा करने विशेष अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत पेंशनरों को अब जीवन प्रमाणपत्र जमा करने के लिए अपने मूल बैंक शाखा में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। वे किसी भी बैंक में जाकर या घर बैठे मोबाइल ऐप एवं वेबसाइट के माध्यम से डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जमा कर सकते हैं। भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग, नई दिल्ली तथा संचालनालय, पेंशन एवं भविष्य निधि, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार यह सुविधा राज्य के सभी पेंशनरों के लिए उपलब्ध कराई गई है। संचालक, पेंशन एवं भविष्य निधि, पद्मिनी भोई साहू ने सभी बैंकों एवं जिला कोषालयों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बैंक अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में निर्देश दिए कि नवंबर माह में पेंशन वितरण की तिथि से पूर्व अधिकतम संख्या में पेंशनरों के डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र प्राप्त किए जाएं, ताकि किसी भी पेंशनर की पेंशन बाधित न हो। इन निर्देशों के पालन में भारतीय स्टेट बैंक समेत अन्य बैंकों द्वारा डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र मिशन 4.0 के अंतर्गत विभिन्न शहरों में विशेष कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं। इन कैम्पों में फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक के माध्यम से पेंशनरों से डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र प्राप्त किए जाएंगे। भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार अब सभी बैंक अपनी शाखाओं में आने वाले प्रत्येक पेंशनर का डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जनरेट करने के लिए उत्तरदायी होंगे, चाहे पेंशनर का खाता किसी भी बैंक या शाखा में हो।

बिलासपुर हाईकोर्ट ने मंगाई टीईटी को पदोन्नति में अनिवार्य बनाने पर सरकार की राय

रायपुर/बिलासपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के हजारों शिक्षकों में इन दिनों पदोन्नति को लेकर भारी अनिश्चितता का माहौल है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी टीईटी को पदोन्नति की अनिवार्य योग्यता में शामिल न किए जाने के कारण स्थिति उलझती जा रही है।

शिक्षकों ने आरोप लगाया है कि नियमों की अस्पष्टता उनके भविष्य पर सीधा असर डाल रही है, इसी वजह से मामला अब हाईकोर्ट तक पहुंच गया है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि, स्कूल शिक्षा सेवा भर्ती एवं पदोन्नति नियम 2019 में टीईटी को अनिवार्य बनाने का संशोधन किया जाना था, लेकिन सरकार की चुप्पी ने परेशानी बढ़ा दी। शिक्षकों ने कोर्ट में कहा कि सुप्रीम कोर्ट का 1 सितंबर 2025 का आदेश बिल्कुल स्पष्ट है सेवा में रहना चाहते हैं तो नियमों के हिसाब से अवसर मिलेगा, लेकिन पदोन्नति सिर्फ उन्हीं को मिलेगी जो टीईटी पास करेंगे। याचिका में यह भी उल्लेख किया गया कि, कई राज्यों ने इस आदेश पर तुरंत कार्रवाई की, नियम अपडेट किए और आवश्यकता पड़ने पर पुनर्विचार याचिका भी दायर की।वहीं छत्तीसगढ़ में इस पर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसी अनिश्चितता के बीच हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर स्पष्ट रूप से स्थिति बताने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने पूछा है कि-टीईटी को पदोन्नति में अनिवार्य बनाने पर राज्य सरकार की राय क्या है?

उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक का पूर्व मैनेजर गिरफ्तार

डोंगरगांव/ नवप्रदेश। खाता धारकों से 4 लाख 60 हजार रुपए की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक डोंगरगांव के पूर्व मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया है।मिली जानकारी के अनुसार, उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक डोगरगांव के शाखा प्रबंधक डिकेश्वर साहू द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पूर्व ब्रांच मैनेजर भूषण कुमार सिन्हा ने ब्रांच मैनेजर रहते हुए 1 जनवरी 2024 से 20 अगस्त 2024 तक कुल 47 ग्राहकों से कुल 4,60,036 रुपए किश्त एकत्र कर वसूली की गई रकम को ग्राहक के ऋण कार्ड खाता व मोबाइल एप्लीकेशन में अपडेट नहीं कर वसूली गई रकम को स्वयं गबन कर हेराफेरी करते हुए ग्राहकों व बैंक के साथ धोखाधड़ी की गयी।रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। मुखबिर से सूचना मिली कि भूषण कुमार सिन्हा पंचपेड़ी नाका रायपुर में उपस्थित है। सूचना पर पंचपेड़ी नाका रायपुर पहुंच कर पुलिस टीम ने आरोपी को अभिरक्षा में लेकर थाना डोंगरगांव लेकर आये। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 47 ग्राहकों के द्वारा जमा की गयी रकम कुल 4,60,036/- रूपये को उनके ऋण बुक (पास बुक) में एंटी नहीं कर ग्राहकों से वसूली गई रकम को गबन कर खाने-पीने व जुआ-सट्टा में खर्च कर दिया है। आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

आईएसआईएस नेटवर्क में फंसे छत्तीसगढ़ के दो नाबालिग

■ एटीएस ने रायपुर से पकड़ा, पाक आधारित मॉड्यूल कर रहा था ब्रेनवॉश

रायपुर/बिलासपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। राज्य की एंटी-टेररिज्म स्क्वाड ने यहां से आईएसआईएस नेटवर्क से जुड़े दो नाबालिगों को पकड़ा है। जांच में पता चला है कि पाकिस्तान में बैठे आईएसआईएस मॉड्यूल सोशल मीडिया के जरिए भारतीय किशोरों को टारगेट कर रहे थे, उन्हें कट्टरपंथी बना रहे थे और देशविरोधी गतिविधियों में धकेलने की कोशिश कर रहे थे। यह पहला अवसर है जब छत्तीसगढ़ में आईएसआईएस से जुड़े रैडिकलाइजेशन का ऐसा केस सामने आया है, जिससे सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट हो गई हैं।

कैसे पकड़े गए दोनों नाबालिग

डिप्टी सीएम विजय शर्मा के मुताबिक, एटीएस की साइबर टीम काफी समय से दोनों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखे हुए थी।

जांच में सामने आया कि दोनों नाबालिग फर्जी सोशल मीडिया आईडी बनाकर आईएसआईएस के नाम पर एक्टिव थे। वे कट्टरपंथी कंटेंट के संपर्क में आए फिर खुद भी इसी तरह की सामग्री दूसरों तक पहुंचाने लगे। पाकिस्तान से जुड़े आईएसआईएस मॉड्यूल उन्हें निर्देश दे रहा था। एटीएस ने दोनों पर,ृक्क 1967 के तहत कार्रवाई की है।

इंस्टाग्राम के जरिए शुरू हुआ रैडिकलाइजेशन

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पाकिस्तान में सक्रिय आईएसआईएस मॉड्यूल इंस्टाग्राम और अन्य प्लेटफॉर्म पर फेक अकाउंट बनाकर भारतीय किशोरों को निशाना बना रहा था। पहले उन्हें ग्रुप चैट में जोड़ा गया। फिर धीरे-धीरे कट्टरपंथी विचारधारा दी गई। इसके बाद उन्हें आईएसआईएस की गतिविधियों से जुड़ी हिंसक सामग्री और प्रोपेगेंडा फैलाने के लिए उकसाया गया। जांच में यह भी पता चल रहा है कि दोनों को छत्तीसगढ़ में स्थानीय ISIS नेटवर्क तैयार करने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा था।

पुलिस कैसे पहुँची इन तक?

एटीएस की साइबर सेल लगातार ऐसे फेक अकाउंट्स की निगरानी कर रही है। टेक्निकल एनालिसिस के बाद आईपी एड्रेस की ट्रैकिंग, मैसेजिंग पैटर्न, फर्जी अकाउंट्स की गतिविधियां, डिजिटल फुटप्रिंट की मदद से दोनों नाबालिगों की पहचान संभव हो पाई। पुलिस का कहना है कि इसी नेटवर्क से जुड़े और भी लोगों की तलाश जारी है।

छत्तीसगढ़ में ऐसा पहला मामला

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बताया कि, छत्तीसगढ़ में आईएसआईएस कनेक्शन का यह पहला मामला है। हम इसे बेहद गंभीरता से ले रहे हैं। एटीएस को और मजबूत किया जाएगा तथा रायपुर सहित बड़े शहरों में इसके दायरे का विस्तार होगा। संदिग्ध सोशल मीडिया गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

अंबेडकर में अब 5 हजार में नहीं, 2 हजार में होगी एमआरआई

रायपुर/ नवप्रदेश। अंबेडकर अस्पताल में एपीएल परिवार के बीमारी की एमआरआई जांच 5 हजार नहीं. 2 हजार शुल्क लेकर की जाएगी। सौटी स्कैन जांच का शुल्क भी ढाई और दो हजार से घटाकर एक हजार कर दिया गया है। ओपीडी में आने वाले बीपीएल और 60 साल से अधिक उम्र के मरीजों की जांच पूरी तरह निशुल्क की जाएगी। अभी केवल भर्ती मरीजों को फ्री इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

मेडिकल कॉलेज की स्वशासी समिति में मरीजों को राहत देने इस महत्वपूर्ण निर्णय पर मुहर लगाई गई। इसके अलावा अब अंबेडकर अस्पताल प्रशासन अब किसी भी तरह के रीएजेंट और जरूरी दवाओं की खरीदी के लिए छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन के भरोसे नहीं रहेगा अस्पताल में दवाओं और रीए?जेंट की जरूरत पड़ने पर कॉलेज की ओर से सीजीएमएससी को सीधे प्रस्ताव भेजा जाएगा। तीन दिन के भीतर दवा व रीएजेंट उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो कॉलेज व अस्पताल प्रशासन सीजीएमएससी से एनओसी लेकर सीधे खरीदी कर सकेगा। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की मौजूदगी में ये अहम निर्णय भी लिया गया। मौजूदा प्रक्रिया में अस्पताल में दवा व जरूरी उपकरण की जरूरत पड़ने पर इसका प्रस्ताव चिकित्सा शिक्षा संचालक को भेजा जाता है। वहां से फाइल सीजीएमएससी भेजी जाती है। सीजीएमएससी के गोदाम में मांगे गए उपकरण व दवा उपलब्ध होने पर तुरंत सप्लाई की जाती है।

7 साल से बंद पेट सिटी स्कैन मशीन तीन माह के भीतर चालू करेंगे

कैंसर की जांच करने वाली पेट सिटी स्कैन मशीन अब तीन माह के भीतर चालू की जाएगी। सात साल से मशीन बंद पड़ी है। भास्कर में इसके खुलासे के बार हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य विभाग के अफसरों से जवाब मांगा। उसी के बाद अब विभाग के अफसरों को तीन माह के भीतर पैट सिटी स्कैन और गामा कैमरा चालू करने के निर्देश दिए गए हैं। इन मशीनों को चालू करने में आने वाली दिक्कतों को दूर करने की जिम्मेदारी अफसरों की सौंपी गई है।

अस्पताल में रोज 10-12 एमआरआई

अंबेडकर अस्पताल में रोज औसतन 10-12 एमआरआई की जाती है। इसमें से केवल एक या दो ही पेमेंट वाली होती है। यानी पैसे देकर करवायी जाती है, बाकी सभी किसी न किसी दायरे में आने की वजह से फ्री करनी पड़ती है। लगभग यही स्थिति सिटी स्कैन जांच की है। जांच किस हिस्से की जानी है, उसके अनुसार दो से ढाई हजार रुपए शुल्क लिए जाते हैं, लेकिन वे जांच भी ज्यादातर मरीजों की फ्री ही की जा रही है। दिन में औसतन 22 से 24 मरीजों की जांच की जाती है।

2000 करोड़ की नई परियोजनाएं होंगी लांच

हाउसिंग बोर्ड का आवास मेला 23, 24 व 25 नवंबर को

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा प्रदेश के नागरिकों को आवासीय योजनाओं की पूरी जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्यस्तरीय 'आवास मेला 2025' का आयोजन 23, 24 व 25 नवंबर को रायपुर के शंकरनगर स्थित बीटीआई मैदान में किया जाएगा। मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने मंगलवार को गृह निर्माण मंडल मुख्यालय में इस मेले के लोगो (प्रतीक चिन्ह) का अनावरण किया। इस मौके पर श्री सिंहदेव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित और सुलभआवास उपलब्ध कराना मंडल की सर्वोच्च प्राथमिकता है। 'आवास मेला 2025' इसी दिशा में एक सार्थक पहल है, जहां मंडल की विभिन्न योजनाएं और संपत्तियां एक ही मंच पर आम जनता के सामने प्रस्तुत की जाएंगी। श्री

1 प्रतिशत राशि जमाकर भवन बुक करा सकेंगे

आवास मेले में हितग्राही मात्र 1 प्रतिशत राशि जमाकर भवन बुक करा सकेंगे। रायपुर, नवा रायपुर एवं आसपास की परियोजनाओं के साइट विजिट की विशेष व्यवस्था रहेगी। साथ ही घर खरीदने वालों के लिए विभिन्न बैंकों द्वारा लोन सुविधा भी दी जाएगी। निर्माण संबंधी जानकारी के लिए कई स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें भारतीय मानक ब्यूरो का स्टॉल विशेष रूप से गुणवत्ता संबंधी मार्गदर्शन प्रदान करेगा। मेले में पंजीयन कराने वाले हितग्राहियों के लिए विशेष उपहार भी घोषित किए गए हैं।

आय बढ़ाने दुर्ग एक्सप्रेस को फिर से चलाने का प्रयास

रायपुर/ नवप्रदेश। विशाल विशाखापट्टनम डिवीजन को दो हिस्से में कर नया रायगड़ा डिवीजन तैयार कर लिया गया है। इस प्रक्रिया के बाद रायगड़ा डिवीजन अपनी आय बढ़ाने नई योजनाओं पर विचार कर रही है। इसके 5 वर्षों से बंद दुर्ग जगदलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस को नई समय सारणी के साथ जगदलपुर के बजाय किरंदुल से चलाने पर विचार किया जा रहा है। तर्क दिया जा रहा है कि जगदलपुर से किरंदुल के मध्य रेल दोहरीकरण का कार्य इस वर्ष पूर्ण हो जाएगा। रेल्वे के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि विशाखापट्टनम से अलग बनाया गया रायगढ़ डिवीजन अपनी आय बढ़ाने हर संभव विचार कर रही है। उसका पूरा ध्यान बस्तर की तरफ है। सूत्रों ने बताया कि हालांकि रायगढ़ डिवीजन का सारा कार्य फिलहाल विशाखापट्टनम से हो रहा है किंतु नया डिवीजन बनाए जाने के बाद इस डिवीजन की का अपना रिकॉर्ड अलग होगा इसलिए रायगढ़ डिवीजन का पूरा ध्यान बस्तर की तरफहै।

पूरा ध्यान बस्तर की ओर

बचेली किरंदुल लौह अयस्क परियोजनाएं अब रायगड़ा डिविजन अंतर्गत आ गई है और यह परियोजनाएं ही इस डिवीजन की आय का मुख्य स्रोत है। रेल सुविधाओं को तरस रहे बस्तरवासियों को यह डिविजन शांत रखना चाहती है। लौह अयस्क की दुलाई से आशातीश राजस्व प्राप्त करने के अलावा रेलवे बस्तर वालों की सुविधाओं का भी ख्याल रखना चाहती है। चूंकि बैलाडीला प्रक्षेत्र से अब दो निजी कंपनियां भी लौह अयस्क उत्खनन करने जा रही है।

सूत्रों ने बताया कि अपनी आय बढ़ाने के उद्देश्य से ही नया डिवीजन 5 साल से बंद जगदलपुर-दुर्ग इंटरसिटी एक्सप्रेस को फिर से चालू करने गंभीर से विचार कर रही है।

10 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के 35 विभागों में 125 सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदों पर होगी सीधी भर्ती

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई दिशा देने और मेडिकल शिक्षा को आधुनिक मानकों पर सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 125 सहायक प्राध्यापक पदों पर सीधी भर्ती की बड़ी घोषणा की है। राज्य सरकार द्वारा विभिन्न विषयों में बड़ी संख्या में पद स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें पैथोलॉजी, मेडिसिन, सर्जरी, बालरोग, रेडियोलॉजी, एनेस्थीसिया, गायनेकोलॉजी, कम्युनिटी मेडिसिन, फॉरेंसिक मेडिसिन, माइक्रोबायोलॉजी, फिजियोलॉजी, एनाटॉमी जैसे प्रमुख विभाग शामिल हैं।

राज्य के 10 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के 35 विभागों में 125 सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के द्वारा विज्ञापन जारी किया गया है। इसमें ऑनलाइन आवेदन दिनांक 25.11.2025 से 24.12.2025 तक छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के द्वारा उपलब्ध लिंक पर किए जा सकेंगे।

इन 125 पदों में 45 अनारक्षित, 21अजा, 43 अजजा , 16 अपवि वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए अवसर प्रदान किए गए हैं। इस भर्ती प्रक्रिया से प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में लम्बे समय से रिक्त पड़े पद भरेंगे, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में अभूतपूर्व सुधार देखने को मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इसे प्रदेश के भविष्य के डॉक्टरों को उच्च स्तरीय शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रख रही है और यह भर्ती प्रदेश के लाखों नागरिकों के स्वास्थ्य सुरक्षा का आधार मजबूत करेगी।

स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि इतने बड़े पैमाने पर सहायक प्राध्यापकों की भर्ती से मेडिकल कॉलेजों में विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी दूर होगी, जिससे छात्रों को बेहतर प्रशिक्षण मिलेगा और अस्पतालों में इलाज की गुणवत्ता भी बढ़ेगी।

अमलीडीह पुलिस कॉलोनी में हड़कंप : कांस्टेबल ने फांसी लगाकर दी जान, सुसाइड नोट बरामद

रायपुर। राजधानी रायपुर के अमलीडीह पुलिस कॉलोनी में बुधवार सुबह अचानक सनसनी फैल गई, जब पुलिस कांस्टेबल लक्ष्मीप्रसाद गबेल का शव फांसी पर लटका हुआ मिला। यह घटना राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र की है। कॉलोनीवासियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।जानकारी के अनुसार, अमलीडीह पुलिस कॉलोनी के सामने स्थित एक खाली प्लॉट में कांस्टेबल गबेल का शव गमछे के सहारे पेड़ से लटका मिला। पुलिस ने शव को नीचे उतारा और घटनास्थल की बारीकी से जांच की। इस दौरान एक सुसाइड नोट भी मिला, जिसमें कांस्टेबल ने अपनी मौत के लिए स्वयं को जिम्मेदार बताया है।

अपचारी बालक की हाउस फादर ने की पिटाई

राजनांदगांव। शहर के नया ढ़ाबा वार्ड स्थित बालक संप्रेषण गृह में एक बालक की मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। बालक की इतनी पिटाई कर दी है कि उसे मेडिकल कालेज पेंड्री भर्ती कराया गया।परिजनों ने विभाग के अफसरों को बताया कि मंगलवार सुबह तबीयत ठीक नही होने की बात कहते हुए बालक को मेडिकल कालेज भर्ती कराया गया था।

रायपुर रेलवे स्टेशन पर अनारक्षित टिकट लेने यात्रियों में मारामारी

■ अनारक्षित टिकट काउंटर में लंबी कतारें आरक्षण केन्द्र में शिफ्टिंग के बाद दिक्कतें

एक ही बिल्डिंग पर आरक्षित व अनारक्षित टिकट सुविधा

रायपुर स्टेशन पर अनारक्षित टिकट काउंटर को रेलवे आरक्षण केंद्र में शिफ्ट किए जाने के बाद अब यात्री आरक्षित व अनारक्षित टिकट दोनों सुविधा एक ही बिल्डिंग मिल रही है। जिन यात्रियों को ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन व मोबाइल अनारक्षित टिकट सुविधा से टिकट लेना है, वे यात्री गेट नंबर 2 के प्रवेश द्वार पर स्थित 4 एटीवीएम और मोबाइल अनारक्षित टिकट सुविधा से अनारक्षित टिकट प्राप्त कर सकते हैं।

रायपुर। राजधानी रायपुर के मुख्य रेलवे स्टेशन में अनारक्षित टिकट काउंटर को आरक्षण केंद्र में स्थानांतरित करने के बाद अब आरक्षण केंद्र में अनारक्षित टिकट लेने के लिए यात्रियों की भारी भीड़ दिख रही है। टिकट लेने के लिए यात्री लंबी कतारों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहते हैं। कई बार भीड़ की वजह से टिकट लेने के चक्कर में उनकी ट्रेन भी छूट जाती है। वहीं, रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए टिकट काउंटर सहित 3 से 4 टिकट वेंडिंग मशीनें भी लगाई गई हैं। इसके बावजूद टिकट काउंटर में टिकट लेने के लिए यात्रियों की भीड़ कम नहीं हो रही है और यात्रियों को टिकट लेने के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि ज्यादातर ट्रेनों में इन दिनों यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। रेलवे स्टेशन में भीड़ के कारण अव्यवस्था भी देखने को मिल रही है।

मंगलवार को रायपुर स्टेशन पर अनारक्षित टिकट लेने के लिए यात्रियों में मारामारी देखी गई। टिकट काउंटर पर यात्रियों की भीड़ न हो और यात्री व्यवस्थित होकर टिकट ले, इसके लिए समुचित व पर्याप्त टिकट काउंटरों की व्यवस्था भी नहीं है। यात्रियों का कहना है कि स्टेशन परिसर में ही अनारक्षित टिकट के लिए वैकल्पिक सुविधाएं बढ़ाई जानी चाहिए। अनारक्षित टिकट लेने कई विकल्प रेलवे के मुताबिक यात्रियों के पास अनारक्षित टिकट लेने के लिए अनेक विकल्प की सुविधा भी है। इनमें आरक्षण केंद्र में संचालित अनारक्षित टिकट काउंटर, एटीवीएम, यूटीएस ऑन मोबाइल के माध्यम से स्वयं अपनी टिकट बनाने की सुविधा, शहर में विभिन्न स्थानों पर स्थित यात्री टिकट सुविधा केंद्र, जनसाधारण टिकट बुकिंग केंद्र व आकस्मिक भीड़ बढ़ने पर मोबाइल टिकट की सुविधा शामिल है।

ट्रेनों में भी भीड़, बढ़ीं मुसीबतें

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर गुजरने या चलने वाली ज्यादातर ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ देखी जा रही है। भीड़ की वजह से ट्रेनों में सीट के लिए यात्रियों के बीच मारामारी हो रही है।

मेगा ब्लॉक, 23 एवं 24 को 8 मेमू और पैसेंजर ट्रेनें रहेंगी रद्द

रायपुर/ बिलासपुर। रायपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले हथबंद-तिल्दा नेवरा सेक्शन में रोड अंडर ब्रिज के निर्माण के लिए बॉक्स पुशिंग के लिए रिलीविंग गर्डरों को लॉन्च किया जाएगा। इसके कारण मेगा ब्लॉक लिया जा रहा है। जिसके कारण 23 एवं 24 नवंबर को 8 मेमू और पैसेंजर ट्रेनों को रद्द करने का निर्णय लिया गया है। वहीं कुछ ट्रेनें गंतव्य के पहले समाप्त होगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के अंतर्गत हथबंद-तिल्दा नेवरा सेक्शन के बीच रोड अंडर ब्रिज के निर्माण के लिए बॉक्स पुशिंग की सुविधा के लिए रिलीविंग गर्डरों को लॉन्च का कार्य करने के लिए ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लिया जा रहा है।यह काम 20 नवम्बर को डाउन लाइन में 3 घंटे 30 मिनट का तथा 22 एवं 23 नवम्बर को अप एवं मीडिल लाइन 4 घंटे नियंत्रित की जाएगी। इसके कारण 23 एवं 24 नवंबर को 8 मेमू और पैसेंजर ट्रेनों को रद्द करने का निर्णय लिया है। इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन बीच में समाप्त किया जाएगा। मेगा ब्लॉक के कारण 20 एवं 23 नवम्बर को झारसुगुड़ा से चलने वाली 68862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर को बिलासपुर में ही समाप्त होगी। यह गाड़ी बिलासपुर एवं गोंदिया के बीच रद्द रहेगी।

रद्द होने वाली ट्रेनों की सूची

23 नवम्बर को 68728 रायपुर बिलासपुर मेमू पैसेंजर।
23 नवम्बर को 68719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर।
23 नवम्बर को 68733 गेवरा रोड बिलासपुर मेमू पैसेंजर।
23 नवम्बर को 68734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर।
23 नवम्बर को 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर।
23 नवम्बर को 58205 रायपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) पैसेंजर।
24 नवम्बर को 58206 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) रायपुर पैसेंजर।
24 नवम्बर को 58202 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेंजर।

'लाल किले से कश्मीर तक हमने कराए हमले...और कराते रहेंगे'

इस्लामाबाद(वार्ता)। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के राष्ट्रपति और वरिष्ठ नेता चौधरी अनवरुल हक ने भारत के भीतर आतंकी हमलों में पाक-समर्थित संगठनों की भूमिका का खुलकर इकबाल कर बड़ा राजनीतिक भूचाल खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लाल किले के पास हुए धमाके से लेकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले तक, भारत को निशाना बनाना पाकिस्तान की ओर से बदले की कार्रवाई थी। एक वायरल वीडियो में हक ने दावा किया कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी मॉड्यूल ने 10 नवंबर को लाल किले के पास हुए कार धमाके को अंजाम दिया, जिसमें 14 लोगों की मौत हुई। इस हमले का मास्टरमाइंड उमर उन नबी जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े व्हाइट कॉलर नेटवर्क का हिस्सा बताया गया, जिसे फरीदाबाद में गिरफ्तार किया गया था।

हक ने पहलगाम के बैसारन वैली में अप्रैल में हुए हमले का भी जिक्र किया, जिसमें 26 लोगों को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान बलूचिस्तान में भारत की कथित दखल के बदले में भारतीय शहरों में हमले कर रहा है।

यह मॉड्यूल लंबे समय से भारत में आतंकी गतिविधियों की योजना बना रहा था। हक ने अपने बयान में इस हमले पर तंज कसते हुए कहा कि भारत शायद अभी तक सभी शवों की गिनती भी नहीं कर पाया होगा, जो पाकिस्तान की ओर से हमलों को लेकर खुले तौर पर स्वीकार किया गया सबसे गंभीर बयान माना जा रहा है।

पाक नेता का बेशर्मी भरा बयान

अप्रैल में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम के बैसरन घाटी में आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां चलाई थीं, जिसमें 26 लोगों की मौत हो गई थी। चौधरी अनवरुल हक ने इस हमले को भी पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई बताया। उन्होंने कहा कि अगर बलूचिस्तान को खून बहाओगे, तो हम भारत को लाल किले से लेकर कश्मीर के जंगलों तक चोट पहुंचाएंगे यह बयान पाकिस्तान के राजनीतिक नेतृत्व की ओर से आतंकी ढांचे को खुले समर्थन और बढ़ावा देने का एक और बड़ा प्रमाण माना जा रहा है।

आत्मघाती हमले की योजना का खुलासा

भारत की सुरक्षा एजेंसियों ने फरीदाबाद के जिस मॉड्यूल को पकड़ा है, वह 6 दिसंबर बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसी पर बड़े आत्मघाती कार धमाके की योजना बना रहा था। इसे ऑपरेशन डी-6 नाम दिया गया था और इसमें नौ से 10 आतंकी शामिल थे। जांच में पता चला कि डॉ. उमर और डॉ. शाहीन शाहिद इस नेटवर्क को लीड कर रहे थे।

दिल्ली ब्लास्ट का जैश-ए-मोहम्मद कनेक्शन

लाल किले के पास ब्लास्ट को जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े मॉड्यूल से जोड़ा गया है, जिसे फरीदाबाद में ऑपरेट किया जा रहा था। जांच में सामने आया कि उमर उन नबी कई डॉक्टरों के नेटवर्क का हिस्सा था। ये अपने मेडिकल क्रेडेंशियल्स का इस्तेमाल रसायन और विस्फोटक सामग्री जुटाने में कर रहे थे।

शाहीन को जैश के लिए नए नाम 'जमात-उल-मोमिनीन' के तहत महिलाओं का आतंकी विंग तैयार करने की जिम्मेदारी भी मिली थी। दिल्ली धमाके से लेकर आगे की योजनाओं तक, पूरा नेटवर्क भारत में बड़े पैमाने पर तबाही की साजिश रच रहा था।

एसआईआर कार्य के तनाव ने छीन ली जिंदगी

■ हार्ट अटैक से बीएलओ की मौत; परिजन बोले- अधिकारी बना रहे थे दबाव

सवाई माधोपुर (वार्ता)। जिले के खंडार उपखंड क्षेत्र के बहरावड़ा खुर्द गांव में मंगलवार सुबह एक बीएलओ की हार्ट अटैक से मौत हो गई। घटना के बाद गांव और प्रशासनिक तंत्र में हड़कंप मच गया। मृतक बीएलओ हरिओम बैरवा के परिजनों ने आरोप लगाया कि एसआईआर कार्य को लेकर एसडीएम और तहसीलदार द्वारा लगातार मानसिक दबाव बनाया जा रहा था, जिसकी वजह से वह पिछले छह दिनों से गंभीर तनाव में था। परिजनों का कहना है कि हरिओम घर पर भी किसी से बातचीत नहीं कर रहा था और मानसिक रूप से बेहद परेशान दिख रहा था। मंगलवार सुबह उसे तहसीलदार का फोन आया। परिजनों ने बताया कि फोन पर हुई बातचीत के कुछ ही मिनट बाद हरिओम को सीने में तेज दर्द उठा और वह गिर पड़ा। परिजन तुरंत उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता बृजमोहन बैरवा और भाइयों ने बहरावंडा खुर्द चौकी में लिखित शिकायत देकर संबंधित अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि एसआईआर सर्वे को लेकर अधिकारियों का दबाव ही हरिओम की मौत का कारण बना। वहीं इस मामले पर तहसीलदार जयप्रकाश रोलन ने आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि हरिओम बेहतरीन वर्कर था और वह एसआईआर का काम पूरी ईमानदारी से कर रहा था। सुबह उच्चाधिकारियों से मिले निर्देशों को मात्र उसकी जानकारी में लाया गया था। उसे अचानक हार्ट अटैक कैसे आया, यह समझ से परे है। फिलहाल पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

सलमान पर हमला करवाने वाला अनमोल एनआईए की गिरफ्त में

मुंबई(वार्ता)। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई और उसके करीबी अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से लौटने के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गिरफ्तार कर लिया। अनमोल को अमेरिका ने मंगलवार को भारत डिपोर्ट कर दिया था। अनमोल बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में आरोपी है। सलमान खान के घर हुई फायरिंग और सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस से भी उसका कनेक्शन है।

अनमोल बाबा सिद्धीकी की हत्या मामले में भी आरोपी है। वह मुख्य साजिशकर्ता है। नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के नेता बाबा सिद्दीकी की 12 अक्तूबर 2024 को मुंबई के बांद्रा स्थित कार्यालय के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मुंबई पुलिस इस मामले में अब तक 26 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। चार्जशीट में अनमोल को 'मुख्य साजिशकर्ता' बताया गया है और उसे वांछित आरोपियों की सूची में रखा गया है। बाबा सिद्दीकी की हत्या कथित तौर पर सलमान खान से उनकी करीबी और भावनात्मक लगाव के कारण की गई।

सलमान खान के घर के बाहर कराई थी गोलीबारी

अनमोल बिश्नोई को दिल्ली पहुंचते ही एनआईए ने पकड़ लिया। अनमोल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में आरोपी है। उसके खिलाफकई राज्यों में गंभीर अपराध के मामले दर्ज हैं। अनमोल ने 2020-2023 की अवधि के दौरान देश में विभिन्न आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने में नामित आतंकवादी गोल्डी बरार और लॉरेंस बिश्नोई की सक्रिय रूप से सहायता की थी। इसके अलावा साल 2024 में सलमान खान के घर के बाहर हुई गोलीबारी की घटना में भी अनमोल वॉन्टेड है। यह सलमान से जुड़ाव के चलते बाबा सिद्धीकी की हत्या की?

सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस से कनेक्शन

मई 2022 में पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसे वाला की गोली मारकर हत्या की गई थी। इसमें भी अनमोल बिश्नोई ने मदद की। 29 मई 2022 को पंजाब के मानसा जिले में मूसे वाला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मर्डर के बाद ही अनमोल का नाम पहली बार चर्चा में आया। पंजाब पुलिस की जांच में पता चला था कि लॉरेंस ने तिहाड़ जेल से ही सिद्धू मूसेवाला की हत्या की साजिश रची थी। उसके भाई अनमोल और भतीजे सचिन ने गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के साथ मिलकर पूरी साजिश को अंजाम दिया। सलमान खान के मुंबई स्थिति गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर 14 अप्रैल, 2024 को गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया था। इसकी जिम्मेदारी खुद अनमोल बिश्नोई ने ली थी। चार्जशीट में कहा गया कि उसने शूटर्स को 9 मिनट का ऑडियो भेजकर उन्हें 'इतिहास रचने' के लिए उकसाया था।

आजम खां के 18 गवाहों पर भारी पड़े नौ गवाह

■ मजबूत दस्तावेजों का तोड़ न तलाश पाए; 450 पेज में दर्ज फैसला

रामपुर (वार्ता)। दो पैन कार्ड मामले सपा नेता आजम खां की ओर 18 गवाहों को पेश किया गया, लेकिन उनकी गवाही पर दूसरे पक्ष के गवाह भारी पड़ गए। नौ गवाहों की बदौलत सपा नेता आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को एक बार फिर जेल की सलाखों के पीछे जाना पड़ा। सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में सोमवार को एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट शोभित बंसल ने फैसला सुनाया। 2019 में सिविल लाइंस थाने में दर्ज इस मुकदमे में लगातार सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से आयकर अधिकारी विजय कुमार व मुकदमे के वादी आकाश सक्सेना समेत नौ गवाहों को पेश किया गया, जबकि इस मामले में सपा नेता की ओर से अपने बचाव में कुल 18 गवाह पेश किए गए। अभियोजन ने बताया कि अब्दुल्ला आजम का एक पैन कार्ड 2013 में जबकि दूसरा पैन कार्ड 2015 में जारी किया गया।

दोनों में जन्म तिथि का ही फेर है। इस मामले में अभियोजन की ओर से आयकर अधिकारी विजय कुमार की गवाही कराई गई थी, जबकि बचाव पक्ष की ओर से एक सीए की गवाही कराई गई। दोनों की बहस के दौरान सीए ने आयकर अधिकारी की ओर से दी गई दलील को स्वीकार कर लिया। सीए की यह स्वीकारोक्ति अभियोजन के लिए काफी महत्वपूर्ण साबित हुई।

अभियोजन अधिकारी ने बताया कि बचाव पक्ष की ओर से एक फोटोग्राफर को पेश किया गया था। उन्होंने वीडियो कैसेट कोर्ट में पेश की थी।

नीतीश सरकार में चिराग अपना डिप्टी सीएम रखेंगे

पटना(वार्ता)। बिहार विधानसभा की 243 सीटों पर 6 और 11 नवंबर को दो चरणों में हुए मतदान के बाद 14 नवंबर को परिणाम आया, जिसमें 202 सीटों पर प्रचंड जीत के साथ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार का आना तय हो गया। 'अमर उजाला' ने अधिसूचना से पहले या बाद, कभी भी मुख्यमंत्री के चेहरे पर सस्पेंस नहीं दिखाया; क्योंकि एनडीए के अंदर कोई बहस नहीं थी। पिछली बार अपने से करीब आधी सीटें लाने वाले जनता दल यूनाईटेड को सीएम की कुर्सी देने वाली भाजपा इस बार भी उनके लिए स्पष्ट थी। प्रक्रिया वही होनी थी कि विधायक दल चुनेगा। आज वह प्रक्रिया हुई। लेकिन, इस बीच कभी नीतीश का विकल्प लाने, चिराग पासवान को मुख्यमंत्री बनाने या डिप्टी सीएम बनाने तक की अफवाहें मीडिया और सोशल मीडिया पर चली। अब नई सरकार के गठन से पहले यह बात चल निकली है कि चिराग पासवान अपने परिवार से बिहार का उप मुख्यमंत्री देना चाह रहे। क्या यह संभव है? और, यह संभव हुआ तो क्या चिराग पासवान का निर्णय सही होगा? दिवंगत राम विलास पासवान के परिवार का इतिहास-वर्तमान क्या कहता है?

सबसे पहले जानें, इस बार पासवान के परिवार से कौन था मैदान में?

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में दिवंगत राम विलास पासवान के परिवार से सिर्फ एक युवक ने लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ा था- सीमांत मृणाल। सारण जिले में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट गड़खा में सीमांत मृणाल को उतारा गया था, लेकिन वह 12804 मतों से राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी के सामने हार गए। सीमांत मृणाल दिवंगत राम विलास पासवान की पहली पत्नी राजकुमारी देवी से हुई बेटी उषा के बेटे हैं। पिता के निधन के बाद चिराग ने अपनी 'बड़ी मां' को भी संभाला और पहले के मुकाबले उनके परिवारजनों से भी रिश्ता सुधारा। इसी सिलसिले में सीमांत के पिता धनंजय पासवान मृणाल को बिहार अनुसूचित जाति आयोग का अध्यक्ष बनाया गया था। मतलब, चिराग पासवान ने राज्य चुनाव से पहले ही अपने रिश्ते को यहां मजबूत कर लिया था।

लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी इस बार चुनाव में उतरे और जीते भी हैं। यह कहा जा रहा है कि 19 विधायकों वाली चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) उप मुख्यमंत्री की कुर्सी चाह रही है। लेकिन, राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि चिराग पासवान को अगर बिहार में आगे राजनीति करनी है तो वह अपने किसी भी विधायक के लिए उप मुख्यमंत्री जैसा पद नहीं मांगेंगे। उप मुख्यमंत्री भी बिहार में सामान्य मंत्री जैसी शक्ति वाला ही पद होता है, लेकिन वह मुख्यमंत्री के डिप्टी के रूप में महत्वपूर्ण हो जाता है।

चाणक्य इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटिकल राइट्स एंड रिसर्च के अध्यक्ष सुनील कुमार सिन्हा कहते हैं कि ÷चिराग पासवान ने 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' के जरिए राज्य में पहचान बनाने की कोशिश की और पिछले बिहार विधानसभा चुनाव में ताकत भी दिखा चुके थे।

आकाश इंस्टीट्यूट ने आईओक्यूएम और ANTHE 2025 के शीर्ष प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

बिलासपुर। भारत में परीक्षा-तैयारी सेवाएँ प्रदान करने वाली अग्रणी संस्था आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने बिलासपुर में आयोजित एक विशेष सम्मान समारोह में इंडियन ओलंपियाड क्वालिफायर इन मैथमेटिक्स 2025 और आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया। समारोह के दौरान संस्था ने देश की दो सबसे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए उच्च उपलब्धि प्राप्त करने वाले छात्रों को उनकी असाधारण शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। यह पहल न केवल छात्रों के परिश्रम और समर्पण की सराहना करती है, बल्कि क्षेत्र में शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की ÷श्वस्रू की निरंतर प्रयासों को भी दर्शाती है। समारोह का वातावरण गर्व और उत्साह से भरा हुआ था, जहाँ छात्र और उनके परिवार उनकी दृढ़ता तथा असाधारण उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए एकत्र हुए थे। इस वर्ष के IOQM परिणामों में बिलासपुर केंद्र ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। परिणामों के अनुसार, IOQM टॉपर द्वारा प्राप्त उच्चतम अस्थायी स्कोर 36 रहा, जो कक्षा 10 के एक छात्र ने हासिल किया। केंद्र से कुल 18 छात्रों ने ढ्ढह्रक्तरू परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त की, जिनमें कक्षा 10 के 13 छात्र शामिल हैं, जबकि कक्षा 11 के 4 और कक्षा 12 के 1 छात्र ने सफलता पाई। जिनके नाम हैं रचित कुमार, रौनक साहू, तनुप्रिया, अनुज चनानी, श्रेयान्स शेख, सौमिल साहू, ऊजन कुन्दू, सौर्य साहू , कुनाल श्रीवास्तव, अभिनव यादव, अपूर्वा सरकार, सौम्यदिप कर्मकार, अरना कश्यप, श्रेयान्स श्रीवास, पल्लवी मिश्रा, उत्कर्ष सिंहा, अथर्वा गोन्दने अदवित्या रविचंद्रन।

व्यापार

स्पैम कॉल रोकने के लिए ट्राई का सख्त फैसला

नई दिल्ली (आईएएनएस)। टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) ने बुधवार को बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज और इंश्योरेंस सेक्टर के लिए '1600' नंबरिंग सीरीज अपनाने को अनिवार्य कर दिया है, जिससे उनकी सेवा और लेन-देन संबंधी कॉल को अन्य कमर्शियल कम्युनिकेशन से स्पष्ट रूप से अलग किया जा सके। इसका उद्देश्य स्पैम कॉल और वॉइस कॉल के जरिए होने वाले फ्रॉड को रोकना है, जिससे देश में व्यापक स्तर पर वित्तीय धोखाधड़ी को रोक जा सके और यूजर्स के लिए वित्तीय माहौल और सुरक्षित हो सके। आधिकारिक बयान में कहा गया कि ट्राई की पहल के तहत 1600 नंबर की सीरीज दूरसंचार विभाग द्वारा बीएफएसआई सेक्टर को आवंटित की गई है। इससे लोगों को वित्तीय संस्थाओं से सही और विश्वसनीय कॉल मिलेंगे। दिशानिर्देशों में कहा गया कि सभी म्यूचुअल फंड्स और एसेट मैनेजमेंट कंपनियों को 15 फरवरी, 2026 तक 1600 नंबरिंग सीरीज को अपनाना अनिवार्य है।

सेंसेक्स 513 अंक उछला

मुंबई(आईएएनएस)। भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा तेजी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 513.45 अंक या 0.61 प्रतिशत की बढ़त के साथ 85,186.47 और निफ्टी 142.60 अंक या 0.55 प्रतिशत की तेजी के साथ 26,052.65 पर बंद हुआ। बाजार की तेजी का नेतृत्व आईटी शेयरों ने किया। निफ्टी आईटी इंडेक्स 2.97 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। निफ्टी पीएसयू बैंक 1.16 प्रतिशत, निफ्टी कंजप्शन 0.40 प्रतिशत और निफ्टी हेल्थकेयर 0.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ।

भारतीय कंपनियों के लिए एआई और क्लाइमेट चेंज होंगे 2028 तक भविष्य का बिजनेस जोखिम

नई दिल्ली(आईएएनएस)। भारतीय कंपनियों ने साइबर अटैक और डेटा ब्रीच के रूप में अपने टॉप बिजनेस जोखिम की पहचान की है, जबकि 2028 तक के लिए एआई और क्लाइमेट चेंज को भविष्य का बिजनेस जोखिम बताया है। यह जानकारी बुधवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई।

ग्लोबल प्रोफेशनल सर्विस फर्म एऑन ने कहा कि प्रतिभाओं को आकर्षित कर उन्हें बनाए रखने की चुनौतियां बनी हुई हैं, जबकि प्रॉपर्टी डैमेज और एक्सचेंज रेट फ्लक्चुएशन एशिया में किसी और जगह की तुलना में भारत में ज्यादा है।

एऑन के भारत के सीईओ ऋषि मेहरा ने कहा, ÷भारतीय व्यवसाय डिजिटल व्यवधान, टैलेंट अडैप्टेबिलिटी और भू-राजनीतिक बदलावों के बीच उल्लेखनीय एजिलिटी का प्रदर्शन कर रहे हैं।

77.8 प्रतिशत भारतीय रेस्पॉन्डेंट्स का कहना है कि उन्हें प्रॉपर्टी डैमेज से नुकसान हुआ है, 46.2 प्रतिशत बिजनेस इंटरप्शन और 63.6 प्रतिशत एक्सचेंज रेट फ्लक्चुएशन से प्रभावित हुए हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि करीब आधे रेस्पॉन्डेंट्स के लिए टैलेंट से जुड़ी चुनौतियां और कैश फ्लो/लिक्विडिटी के कारण नुकसान हुआ है।

जोखिम प्रबंधन का औपचारिकीकरण तेजी से हो रहा है, जिसमें 70 प्रतिशत रेस्पॉन्डेंट्स ने डेडिकेटेड रिस्क और इंश्योरेंस टीम को स्थापित किया है। 64.9 प्रतिशत रेस्पॉन्डेंट्स इंश्योरेबल रिस्क की कुल कॉस्ट को मेजर कर रहे हैं।

92.9 प्रतिशत रेस्पॉन्डेंट्स के पास साइबर अटैक के लिए योजनाएं और फॉर्मल रिव्यूज हैं। प्रॉपर्टी डैमेज के लिए 90.9 प्रतिशत रेस्पॉन्डेंट्स के पास योजनाएं हैं। वहीं, 55 प्रतिशत रेस्पॉन्डेंट्स टैलेंट रिटेंशन पर ध्यान दे रहे हैं।

आईटी मंत्रालय के डेटा के अनुसार, 400 से अधिक स्टार्टअप्स और 6.5 लाख प्रोफेशनल्स का एक स्किल्ड वर्कफोर्स 20 अरब डॉलर की साइबरसिक्योरिटी इंडस्ट्री को सशक्त बना रहे हैं, जिसके साथ भारत तेजी से एक ग्लोबल साइबरसिक्योरिटी हब के रूप में उभर रहा है।

हिमांशु नांदल ने जीता सर्वश्रेष्ठ तैराक का पुरस्कार

हैदराबाद(आईएएनएस)। हैदराबाद में 15 से 18 नवंबर तक आयोजित राष्ट्रीय पैरा तैराकी चैंपियनशिप 2025 में हिमांशु नांदल सर्वश्रेष्ठ तैराक बनकर उभरे। नांदल ने एस11 श्रेणी (100त्न दृष्टिबाधित) में तीन स्वर्ण पदक जीतकर सर्वश्रेष्ठ तैराक का पुरस्कार अपने नाम किया। हिमांशु ने तीन चुनौतीपूर्ण स्पर्धाओं में भाग लिया था। उन्होंने 50 मीटर फ्रीस्टाइल में 30.22 सेकंड का समय निकालते हुए स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में भी 1:23.78 सेकंड का समय निकालते हुए स्वर्ण पदक जीता। 100 मीटर बैकस्ट्रोक में लगभग 1:14.00 सेकंड का समय लेकर उन्होंने स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की।

अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप कायक्रम का ऐलान

दुबई(आईएएनएस)। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2026 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। विश्व कप 15 जनवरी से 6 फरवरी, 2026 तक जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। विश्व कप में 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं और कुल 41 मैच खेले जाएंगे।

'मिसेज देशपांडे' से माधुरी दीक्षित का पहला लुक रिलीज

मुंबई(आईएएनएस)। 'धक-धक गर्ल' अभिनेत्री माधुरी दीक्षित अब फैंस को 'साइको किलर' बनकर डराने के लिए तैयार हैं। माधुरी दीक्षित की अपकमिंग साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज 'मिसेज देशपांडे' की पहली झलक सामने आई है। वीडियो टीजर में माधुरी के दो चेहरे देखने को मिल रहे हैं। 20 सेकेंड के टीजर में सस्पेंस म्यूजिक के साथ माधुरी शीशे के सामने बैठकर संवर रही है, लेकिन तभी उनके चेहरे के एक्सप्रेशन बदल जाते हैं और वे सीधा कैदी के रूप में सामने आती हैं। टीजर जियो प्लस हॉटस्टार पर रिलीज किया गया है और यह जियो प्लस हॉटस्टार की ही रियल सीरीज है।

ऐश्वर्या राय ने बताया फाइव 'डी' का महत्व

पुट्टपर्थी। आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी में श्री सत्य साईं बाबा के मंदिर में जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन रखा गया है। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण और एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय को देखा गया, जहां उन्होंने पीएम मोदी को कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए आभार जताया और उन्हें सत्य साईं बाबा के विचारों को फॉलो करने वाला बताया।

खस की खेती ने दिया आजीविका का नया रास्ता, नदी किनारे की बंजर भूमि ने बदली 368 महिलाओं की किस्मत

धमतरी/नवप्रदेश। कुछ समय पहले तक महानदी के किनारे की रेतीली, अनुपजाऊ भूमि गांवों के लिए किसी काम की नहीं मानी जाती थी। खेती करना तो दूर, उस पर घास तक सही से नहीं उगती थी। लेकिन इसी जमीन ने अब 368 महिलाओं के जीवन में नई उम्मीद, नई कमाई और नया आत्मविश्वास पैदा किया है। धमतरी जिले की महिलाएं आज अपनी बदली हुई ज़िंदगी पर गर्व महसूस करती हैं। यह बदलाव संभव हुआ वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष श्री विकास मरकाम और जिला प्रशासन की संयुक्त पहल से।

उन्होंने सोचा कि क्यों न इस अनुपयोगी रेतिली भूमि को आजीविका से जोड़ा जाए और समाधान मिला औषधीय पौधा खस की खेती के रूप में, जो ऐसी जमीन में आसानी से पनपता है और जिसे बाजार में उच्च मांग मिलती है। उल्लेखनीय है कि जुलाईङ्क अगस्त माह में जिले के 20 ग्रामों की 35 महिला स्व-सहायता समूहों ने उत्साह के साथ 90 एकड़ भूमि पर खस का रोपण किया। मंदरौद से लेकर दलगहन, गाडाडीह से सोनवारा, देवरी से मेघा तक हर गांव में महिलाएं पहली बार औषधीय खेती की नई राह पर कदम रख रही थीं।

कम लागत में अधिक लाभ

औषधि पादप बोर्ड ने रोपण के लिए 17 लाख खस स्लिप्स निःशुल्क उपलब्ध कराए, वहीं तकनीकी मार्गदर्शन भी विशेषज्ञ संस्थाओं द्वारा लगातार दिया गया। धीरेङ्कधीरे महिलाओं को समझ आने लगा कि यह खेती न केवल सरल है, बल्कि कम लागत में अधिक लाभ भी देती है।

खस बहुपयोगी

गौरतलब है कि खस की जड़ों से बनने वाला सुगंधित तेल आज वैश्विक बाजार में बेहद महत्वपूर्ण है। पत्तियों और बची जड़ों से हस्तशिल्प उत्पाद भी तैयार किए जाते हैं। इतना ही नहीं, खस मिट्टी को कटने से बचाता है और भूमि में जैविक कार्बन बढ़ाता है, जिससे जमीन की उर्वरकता सुधरती है।

फसल तो उगा लेंगे, लेकिन बाजार की थी चिंता

इस चिंता को भी बोर्ड ने दूर किया। 100 रुपये प्रति किलो सूखी जड़ की बायबैक गारंटी देकर महिलाओं को आय की निश्चितता प्रदान की गई। अब उन्हें विश्वास है कि प्रति एकड़ 50,000 से 75,000 रुपये तक कमाई संभव है।

महिलाओं ने दी परिवार को नई दिशा

खस की फसल 12 से 15 महीनों में तैयार होगी, लेकिन महिलाओं के चेहरे पर अभी से मुस्कान है। उन्हें भरोसा है कि यह मेहनत आने वाले वर्षों में उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगी और परिवार को नई दिशा देगी।

खस महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन चुकी

राज्य सरकार भी औषधीय पौधों को बढ़ावा देने के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन लगातार इस परियोजना के क्रियान्वयन में सहयोग कर रहा है द्य आज यह पहल सिर्फ खेती नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन चुकी है। अनुपजाऊ भूमि को उपयोगी बनाकर आत्मनिर्भरता की राह पर बढ़ती यह 368 महिलाओं की कहानी,धमतरी जिले की नई पहचान बन रही है।

7 जिलों में 20 स्थानों पर एसीबी-ईओडब्ल्यू की रेड

पटवारी से आरआई बने अधिकारियों पर एक्शन

रायपुर/बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में एसीबी-ईओडब्ल्यू ने पटवारी से आरआई बने अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी की है। संयुक्त टीम ने तड़के रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग समेत 7 जिलों में एक साथ 20 ठिकानों पर छापा मारा। अनियमित चयन और अवैध संपत्ति अर्जित करने की शिकायतें पर एक्शन हुआ है।

जानकारी के मुताबिक 2024 में पटवारी से आरआई बनने के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायत सरकार को मिली थी। इसके बाद से ही एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम जानकारी जुटा रही थी। सबूत पुख्ता होने के बाद रेड की कार्रवाई की गई है। दरअसल एसीबी के अधिकारियों के अनुसार रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, गरियाबंद, अंबिकापुर, महासमुंद और जगदलपुर में अलग-अलग टीमों ने सुबह ही दबिश दी। अधिकारियों के आवास, कार्यालय, निजी ठिकानों और पैतृक संपत्तियों की जांच की जा रही है। टीमों के पास डिजिटल उपकरण, बैंक विवरण, प्रॉपर्टी कागजात और संदिग्ध ट्रांजैक्शन से जुड़े दस्तावेज जब्त करने की जानकारी मिली है। जांच एजेंसी को संदेह है कि पटवारी से आरआई बनने की परीक्षा में गड़बड़ियां, फर्जी अंक, बाहरी दबाव और लाभ पहुंचाने जैसे आरोप सही साबित हो सकते हैं।

हिडमा की बूढ़ी मां ने पुलिस से की मार्मिक अपील, बोली-

मेरे बेटे का शव गांव ले आए ताकि मैं अंतिम संस्कार कर सकूं

- **मंगलवार को सुरक्षाबल के जवानों ने ढ़ेर किया था हिडमा को**
- **वृद्ध मां गम में डूबी**

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर के कुख्यात नक्सली कमांडर मांडवी हिडमा की मौत की खबर से उसके गांव पुवर्ती में मातम का माहौल है। गांव की गलियों में गहरा सन्नाटा पसरा हुआ है और घर-घर में शोक की लहर है। सुरक्षा बलों के हाथों हिडमा के मारे जाने के बाद उसकी वृद्ध मां गम में डूबी हुई हैं। उन्होंने भावुक अपील करते हुए कहा- मैं अब बूढ़ी हो चुकी हूं, बेटे का शव नहीं ला सकतीज पुलिस मेरे बेटे का शव गांव ले आए, ताकि मैं उसका अंतिम संस्कार कर सकूं।

हिडमा बस्तर क्षेत्र का सबसे मोस्ट वॉन्टेड नक्सली कमांडर माना जाता था। वह नक्सलियों की खूंखार पीएलजीए बटालियन नं. 1 का प्रमुख था और कई बड़ी वारदातों- जिसमें 2010 का दंतेवाड़ा हमला, 2013 का झीरम घाटी कांड और सुकमा में कई बड़ी सुरक्षाबलों पर घात लगाकर हमले-का मास्टरमाइंड माना जाता था। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार हिडमा पर 25 लाख रुपये का इनाम घोषित था और वह पिछले दो दशकों से बस्तर के नक्सल नेटवर्क का मुखिया रहा।

हिडमा के परिवार से अधिकारियों की मुलाकात भी चर्चा में रही। 10 नवंबर को छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा, बस्तर आईजी सुंदरराज पी और सुकमा एसपी खुद हिडमा के गांव पुवर्ती पहुंचे थे। वहां उन्होंने हिडमा की मां से मिलकर उससे अपने बेटे को आत्मसमर्पण करने के लिए समझाने की गुज़ारिश की थी। अधिकारियों ने माना था कि यदि हिडमा सरेंडर करता, तो वह बस्तर में शांति स्थापित करने की बड़ी प्रक्रिया की शुरुआत होती। लेकिन बातचीत के ठीक सात दिन बाद हालात बदल गए। 18 नवंबर को आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले के घने जंगलों में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच एक बड़ी मुठभेड़ हुई। इस एनकाउंटर में हिडमा, उसकी पत्नी राजे सहित चार अन्य माओवादी ढेर हो गए। पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने इस बात की आधिकारिक पुष्टि की।

गांव में बदलाव लाने के लिए दृढ़ संकल्प लें सरपंच : उपमुख्यमंत्री

रायपुर/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने महिला सरपंचों का अभिनंदन करते हुए कहा कि भारतीय परंपरा में परिवार का पूरा ध्यान घर की महिला ही करती हैं इसी प्रकार अब आपके गांव भी आपका परिवार हैं जिनके लिए कृतसंकल्पित होकर आपको कार्य करना है। व्यवस्था में परिवर्तन कर गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए ग्रामीणों की आदत ओर व्यवहार त्र में परिवर्तन लाना होगा। गांव में बदलाव लाने के लिए दृढ़ सेवक बनकर कार्य करना होगा। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में व्यवहार परिवर्तन और स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आज विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर नवा रायुपर स्थित निजी रिसोर्ट में राज्यस्तरीय महिला सरपंच स्वच्छता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा में जनपद पंचायतों के सीईओ के कॉन्फ्रेंस शुभारंभ किया। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि गांव के विकास के लिए आप (सरपंच) जो कार्य करेंगे वो आपके और गांव के स्वजनों द्वारा ही उपयोग किया जाएगा इसलिए हम सभी को गांव में निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का भी ध्यान रखना है। लोगों के मनोभाव को बदलकर अपने गांव को आदर्श ग्राम बनाना है। उन्होंने सभी सरपंचों को हमारा शौचालय, हमारा भविष्य अभियान के तहत व्यक्तिगत शौचालयों के प्रयोग हेतु प्रोत्साहित करने एवं सभी की मरम्मत करवाने हेतु प्रेरित करने को कहा।

प्रदेश का जल भविष्य सुरक्षित करने में यह पुरस्कार होगा प्रेरणादायी : मुख्यमंत्री साय

राष्ट्रपति ने नई दिल्ली में राज्य के 12 जिलों को किया सम्मानित

- **छत्तीसगढ़ को जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर मिला सम्मान**

देशभर के नगर निगमों में रायपुर जिला तीसरे स्थान पर

रायपुर जिले को जल संचय जनभागीदारी अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। देशभर के नगर निगमों में रायपुर नगर निगम प्रथम स्थान पर रहा, जबकि पूर्वी जोन कैटेगरी 1 में रायपुर जिला तीसरे स्थान पर रहा। रायपुर जिले और नगर निगम ने मिलकर सामुदायिक सहभागिता को जल संचय का व्यापक अभियान बनाया। रायपुर नगर निगम द्वारा 33,082 कार्य और जिला प्रशासन द्वारा 36,282 कार्य किए गए हैं।

रायपुर/नवप्रदेश। जल संरक्षण एवं सामुदायिक भागीदारी के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित कर छत्तीसगढ़ के 12 जिलों रायपुर, गरियाबंद, महासमुंद, राजनांदगांव, बलौदाबाजार-भाटापारा, धमतरी, बालोद, बलरामपुर, बिलासपुर, रायगढ़, दुर्ग और सूरजपुर ने राष्ट्रीय स्तर पर नया इतिहास रच दिया है। विज्ञान भवन, नई दिल्ली में कल आयोजित 6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार एवं जल संचय जनभागीदारी 1.0 अवार्ड समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने इन जिलों को सम्मानित किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और संवेदनशील प्रशासनिक प्रयासों के परिणामस्वरूप छत्तीसगढ़ ने जल संरक्षण की दिशा में देशभर में विशेष पहचान बनाई है। पिछले दो वर्षों में राज्य सरकार के अभिनव प्रयासों और जनभागीदारी ने जल संचयन की दिशा में नए आयाम हासिल किए हैं। मुख्यमंत्री ने इन जिलों के नागरिकों और जिला प्रशासन को अपनी शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि जल संचयन के प्रति लोगों में आई यह चेतना जल के समुचित उपयोग को बढ़ावा देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश का जल भविष्य सुरक्षित करने में यह पुरस्कार प्रेरणादायी होगा। राजनांदगांव जिले को ईस्ट जोन के अंतर्गत राष्ट्रीय जल अवार्ड में प्रथम स्थान तथा जनभागीदारी केटेगरी 01 में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है तथा प्रोत्साहन स्वरूप 2 करोड़ रूपए की राशि प्रदान की गई है। यहां 58,967 जल संचय के कार्य जनभागीदारी से पूर्ण किए गए हैं। बालोद जिले को केटेगरी 01 में बेस्ट परफॉर्मिंग के लिए पहला स्थान प्राप्त हुआ है, साथ ही 2 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई।

'तुहर टोकन मोबाइल ऐप' से किसानों को मिल रही सुविधा

रायपुर/नवप्रदेश। धान खरीदी प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, सरल और किसान-हितैषी बनाने के लिए 'तुंहर टोकन मोबाइल ऐप' की शुरुआत की है। यह ऐप किसानों को अब घर बैठे ही धान विक्रय के लिए टोकन प्राप्त करने की सुविधा मिलने लग गई है , जिससे उपार्जन केंद्रों में लगने वाली लंबी कतारों और भीड़ से उन्हें बड़ी राहत मिल रही है । किसान अपने मोबाइल नंबर और आधार आधारित ओटीपी के माध्यम से इस ऐप में आसानी से पंजीकरण कर सकते हैं। किसान प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक ऐप के माध्यम से अपने धान बेचने हेतु टोकन ले रहे हैं । टोकन वितरण को किसानों की श्रेणी के अनुसार विभाजित किया है- सीमांत किसान अधिकतम 1 टोकन, लघु किसान अधिकतम 2 टोकन, दीर्घ किसान अधिकतम 3 टोकन।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com